ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com | e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com | पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 | पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 12.08.2024 | वर्ष 11, अंक 220 | RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

किसी दिन, जब आपके सामने कोई समस्या न आए- आप सुनिश्चित हो सकते हैं कि आप गलत मार्ग पर चल रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### हैदराबाद : एक करोड़ रुपये का सोना जब्त

**हैदराबाद** : शमशाबाद हवाई अड्डे पर एक करोड़ रुपये मूल्य का सोना जब्त किया गया. डीआरआई अधिकारियों ने रविवार को इसकी जानकारी दी. डीआरआई अधिकारियों के अनुसार, शमशाबाद हवाई अड्डे पर एक व्यक्ति को जूते में सोना लाते हुए पाया गया. उन्होंने बताया, ÷दुबई से हैदराबाद आ रहे एक यात्री की चाल संदिग्ध होने पर उसकी जांच की गई. आरोपी के जूते और बैग की जांच की गई. उसके दो जूतों और बैग से एक करोड़ रुपये मूल्य का 1,390 ग्राम सोना जब्त किया गया.÷ आरोपी को हिरासत में लेने के साथ ही उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है.

### अयोध्या में विहिप स्थापित करेगा सनातन धर्म कर्मकांड प्रशिक्षण केन्द्र

**कानपुर** : विश्व हिन्दू परिषद अयोध्या में सनातन के 16 संस्कारों को पुन¬ स्थापित करने के लिए हिन्दू कर्मकांड प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना करेगा। यह जानकारी रविवार को पत्रकारों से औपचारिक बातचीत के दौरान कानपुर में पहुंचे विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने दी।उन्होंने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद समाज के सबसे निचले तपके के दलित एवं आदिवासियों के लगभग 50 हजार से अधिक लोगों पुजारी प्रशिक्षण देकर धार्मिक एवं सांस्कृतिक जीवन में सुधार लाने के लिए कार्य कर रहा है। विश्व के विभिन्न देशों में सनातन धर्म के 16 संस्कारों को पुन¬ स्थापित करने के लिए कार्य कर रहा है।

### उद्धव ठाकरे के काफिले पर नारियल फेंकने के मामले में 44 मनसे कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज

**मुंबई :** शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के काफिले पर नारियल फेंकने के मामले में 44 महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं पर रविवार को ठाणे के नौपाड़ा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। आरोपितों में 32 महिला और 12 पुरुष मनसे कार्यकर्ता शामिल हैं।पुलिस के अनुसार इस मामले में ठाणे मनसे अध्यक्ष अविनाश जाधव को प्रमुख, जबकि प्रीतेश मोरे, आकाश पवार, अरुण जेटलू, मनोज चव्हाण व अन्य को आरोपित बनाया गया है। दरअसल, शनिवार को उद्धव ठाकरे के काफिले पर मनसे कार्यकर्ताओं ने नारियल फेंककर प्रदर्शन किया था। इस हमले में काफिले की 17 गाड़ियों में तोड़फोड़ हुई थी। इस घटना को लेकर शिवसेना (यूबीटी) ने महाराष्ट्र सरकार पर सवाल उठाए थे।

### जदयू की बैठक में संथाल परगना की तीन विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का निर्णय

**रांची :** जनता दल यूनाइटेड की बैठक रविवार को एक होटल के सभागार में जिला अध्यक्ष सतीश दास की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार उपस्थित थे।बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि आगामी विधानसभा चुनाव में देवघर जिला सहित संथाल परगना से जदयू दो से तीन सीटों पर चुनाव लडेगी। इसके लिए प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर पार्टी का प्रचार-प्रसार कर माहौल बनाया जाय और राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया जाय। देवघर से कामेश्वरनाथ दास ने दावा पेश किया। जरमुंडी से त्रिवेणी वर्मा एवं बबीता राव पटेल व मधुपुर से जयन्त राव पटेल जन्मजय पांडेय ने लिखित रूप से दावा पेश किया।

### पक्षी पकड़ने आए रतलाम जिले के तीन युवकों के शव जंगल में मिले

**खाचरौद :** जंगल में पक्षी पकड़ने आए रतलाम जिले के तीन युवकों के शव रविवार दोपहर को मिलने से आसपास के गांव में हडकंप मच गया। तीनों की मौत करंट की चपेट में आने से हुई। घटना की सूचना मिलते ही खाचरौद कस्बे से बडी संख्या में लोग घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने रविवार को तीन शवों को पीएम के लिए शासकीय अस्पताल में भिजवाया। बताया जा रहा है कि घटना शनिवार रात की है, लेकिन खेत पर जब किसान दोपहर 2 बजे पहुंचे तो तीनों शव देख पुलिस को सूचना की।

### केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार दिलाएंगे नशा के खिलाफ सामूहिक शपथ

**नई दिल्ली** : सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग देश भर में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ सामूहिक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन कर रहा है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार सोमवार को मॉडर्न स्कूल, बाराखंभा रोड, नई दिल्ली के विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ सामूहिक शपथ दिलाएंगे। इस बार की थीम 'विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र' है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $38^{0}$ |
| न्युनतम | $26^{0}$ |

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में पीएम ने जारी की फसलों की 109 किस्में

# पौष्टिक भोजन की ओर बढ़ रहे हैं लोग : पीएम मोदी

**कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर की ओर से विकसित किस्म जोधपुर राजगीरा-2 शामिल है।प्रधानमंत्री मोदी ने मिलेट्स के महत्व पर भी चर्चा की और बताया कि लोग पौष्टिक भोजन की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लाभों और जैविक खाद्य की बढ़ती मांग पर भी चर्चा की।**



### जैविक खाद्य पदार्थों का महत्व बताया

पीएम मोदी ने प्राकृतिक खेती के लाभों और जैविक खेती के प्रति आम लोगों की बढ़ती आस्था के बारे में भी बात की. उन्होंने कहा कि लोगों ने जैविक खाद्य पदार्थों का सेवन और इनकी डिमांड करनी शुरू कर दी है. किसानों ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से किए गए प्रयासों की सराहना की. किसानों ने जागरूकता पैदा करने में कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) की भूमिका की भी सराहना की. प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि केवीके को हर महीने विकसित की जा रही नई किस्मों के लाभों के बारे में किसानों को सक्रिय रूप से सूचित करना चाहिए, ताकि उनके लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके. प्रधानमंत्री ने इन नई फसल किस्मों के विकास के लिए वैज्ञानिकों की भी सराहना की.

### वैज्ञानिकों ने बताया, पीएम के सुझावों पर कर रहे काम


**वैज्ञानिकों ने बताया कि वे प्रधानमंत्री की ओर से दिए गए सुझाव के अनुरूप काम कर रहे हैं, ताकि अप्रयुक्त फसलों को मुख्यधारा में लाया जा सके. प्रधानमंत्री की तरफ से जारी की गई 61 फसलों की 109 किस्मों में खेत की 34 फसलें और 27 बागवानी फसलें शामिल हैं. खेत की फसलों में बाजरा, चारा फसलें, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, रेशा और अन्य संभावित फसलों सहित विभिन्न अनाजों के बीज जारी किए गए हैं, जबकि बागवानी फसलों में फलों, सब्जियों, रोपण फसलों, कंद फसलों, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की विभिन्न किस्में जारी की गईं हैं.**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में उच्च उपज देने वाली, जलवायु अनुकूल और जैव-सशक्त फसलों की 109 किस्में जारी कीं.

इस मौके पर पीएम मोदी ने किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी की. पीएम मोदी फसल की इन नई किस्मों के महत्व पर चर्चा करते हुए कृषि में मूल्य संवर्धन के महत्व पर जोर दिया. किसानों ने कहा कि ये नई किस्में बेहद फायदेमंद होंगी क्योंकि इनसे उनका खर्च कम होगा और पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने इन नई फसल किस्मों के विकास के लिए वैज्ञानिकों की सराहना की। उन्होंने किसानों और वैज्ञानिकों के साथ बातचीत करते हुए कृषि में मूल्य संवर्धन के महत्व पर जोर दिया।

इनमें कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर की ओर से विकसित किस्म जोधपुर राजगीरा-2 शामिल है।प्रधानमंत्री मोदी ने मिलेट्स के महत्व पर भी चर्चा की और बताया कि लोग पौष्टिक भोजन की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लाभों और जैविक खाद्य की बढ़ती मांग पर भी चर्चा की। वैज्ञानिकों ने बताया कि वह प्रधानमंत्री मोदी के सुझाव के अनुसार अप्रयुक्त फसलों को मुख्यधारा में लाने के लिए काम कर रहे हैं।



## पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह का निधन

**नई दिल्ली :** भारत के पूर्व विदेश मंत्री और कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे नटवर सिंह अब नहीं रहे। उनका शनिवार रात लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 93 साल के थे। उनके निधन की खबर से सियासी गलियारे में शोक की लहर दौड़ गई है। पक्ष और विपक्ष से जुड़े तमाम नेता दुख व्यक्त कर रहे हैं। इसी क्रम में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनके योगदान को याद किया और संवेदना जताई।पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पूर्व विदेश मंत्री के साथ एक तस्वीर भी साझा की। उन्होंने लिखा,नटवर सिंह के निधन से दुखी हूं। उन्होंने कूटनीति और विदेश नीति की दुनिया में समृद्ध योगदान दिया। वह अपनी बुद्धिमत्ता के साथ-साथ बेहतरीन लेखन के लिए भी जाने जाते थे। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं।विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा,प्रतिष्ठित राजनयिक और पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह के निधन से गहरा दुख हुआ। उनके कई योगदानों में जुलाई 2005 के भारत-अमेरिका परमाणु समझौते में महत्वपूर्ण भूमिका शामिल है। उनके द्वारा लिखी गई किताबें, विशेष रूप से चीन पर उन्होंने जो लिखा, उसने हमारी कूटनीति में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की।

# झारखंड के 8 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट



**मौसम वैज्ञानिकों ने खराब मौसम रहने पर सतर्क रहने की अपील की है। बारिश और वज्रपात के दौरान सुरक्षित स्थान पर रुकने की सलाह दी है। पिछले 24 घंटे में राज्य में लगभग सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि 17 अगस्त तक राज्य में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी।सोमवार को कहीं-कहीं गरज के साथ वज्रपात हो सकता है। 13 से 15 अगस्त तक राज्य के उत्तर-पूर्वी भागों के देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।मौसम विभाग ने इस बाबत येलो अलर्ट जारी किया है। वज्रपात की भी आशंका है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों ने खराब मौसम रहने पर सतर्क रहने की अपील की है। बारिश और वज्रपात के दौरान सुरक्षित स्थान पर रुकने की सलाह दी है। पिछले 24 घंटे में राज्य में लगभग सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। राज्य में मॉनसून की गतिविधि सामान्य रही। सबसे अधिक बारिश 86 मिलीमीटर गढ़वा के धुरकी में दर्ज की गयी। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस सरायकेला में रिकॉर्ड किया गया जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस रांची में दर्ज किया गया। इधर उत्तर प्रदेश, गुजरात, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, बिहार जैसे राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी के चलते मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है.

पूर्वी राजस्थान में बारिश का रविवार को रेड अलर्ट जारी किया गया है. हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और हरियाणा और दिल्ली में बारिश के लिए ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है. नॉर्थ ईस्ट के राज्यों के लिए भी औरेंज अलर्ट है. इन सभी जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने के आसार हैं.

# हिंडनबर्ग के आरोपों की जांच जेपीसी से कराई जाए : खड़गे



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा सेबी की अध्यक्ष माधबी बुच के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति के गठन की मांग की है।

जानकारी के मुताबिक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस बड़े घोटाले की जांच के लिए जेपीसी के गठन की जरूरत है। खरगे ने आरोप लगाया कि जब तक जेपीसी इस मुद्दे की जांच नहीं करती, तब तक यह चिंता बनी रहेगी कि पिछले सात दशकों में कड़ी मेहनत से बनाई गई भारत की संवैधानिक संस्थाओं से समझौता करते हुए प्रधानमंत्री मोदी अपने सहयोगी को बचाते रहेंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सरकार को अडाणी समूह की नियामक की जांच में सभी हितों के टकराव को खत्म करने के लिए तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने मामले की संयुक्त संसदीय समिति से जांच कराने की अपनी मांग दोहराई।खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जनवरी 2023 की हिंडनबर्ग रिपोर्ट के खुलासे के बाद सेबी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहयोगी अडाणी को उच्चतम न्यायालय में क्लीन चिट दे दी थी।

हालांकि, सेबी प्रमुख से जुड़े एक लेन-देन के बारे में नए आरोप सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग के छोटे और मध्यम निवेशकों को संरक्षण दिए जाने की जरूरत है, क्योंकि वे अपनी मेहनत की कमाई शेयर बाजार में लगाते हैं और उनका सेबी पर भरोसा है।

# भारत में घुसपैठ कर रहे 11 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि पकड़े गए लोगों से पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उन्हें राज्य पुलिस को सौंपने की तैयारी की जा रही है।**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : सीमा सुरक्षा बल ने भारत में घुसपैठ की कोशिश करते 11 बांग्लादेशी नागरिकों को सीमा से गिरफ्तार किया है।

बीएसएफ के हवाले से बताया गया कि पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और मेघालय में अंतरराष्ट्रीय सीमा के माध्यम से भारत में घुसपैठ करने की कोशिश करते हुए इन बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया है। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि पकड़े गए लोगों से पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उन्हें राज्य पुलिस को सौंपने की तैयारी की जा रही है। प्रवक्ता ने कहा कि आपसी मुद्दों को सुलझाने के लिए बीएसएफ अपने समकक्ष बीजीबी के साथ नियमित संपर्क में है, खासकर बांग्लादेश में भारतीय नागरिकों और अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों पर अत्याचार की रोकथाम के लिए।

बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर ने एक बयान में कहा कि इसके पूर्वी कमान प्रमुख, अतिरिक्त महानिदेशक रवि गांधी ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर के बीच भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा की समीक्षा के लिए एक परिचालन सम्मेलन की अध्यक्षता की।बयान में बताया गया कि 11 बांग्लादेशी नागरिकों को भारत में घुसपैठ करते समय सीमा पर पकड़ा गया है।

इनमें से दो को पश्चिम बंगाल, दो को त्रिपुरा सीमा और सात को मेघालय सीमा से पकड़ा गया। पकड़े गए लोगों से पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उन्हें राज्य पुलिस को सौंप दिया जाएगा।

# हादसों में 18 लोगों की मौत

**एजेंसी**

**शिमला-जयपुर** : हिमाचल के ऊना जिला और राजस्थान के भरतपुर में हुए हादसों में 18 लोगों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार हिमाचल के ऊना जिले से एक परिवार शादी समारोह की खुशियों में शामिल होने के लिये पंजाब गया था. लेकिन लौटते वक्त उनके साथ बड़ा हादसा हो गया. टाहलीवाल माहिलपुर सड़क मार्ग पर जेजों खड्डु में रविवार को तेज बारिश के बाद बढ़े जल स्तर की चपेट में उस परिवार की इनोवा गाड़ी आ गई. हादसे में



कार में सवार 12 लोग पानी में बह गए. उनमें से 11 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं. एक अब भी लापता है. उनकी तलाश की लिये रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है. इधर राजस्थान स्थित भरतपुर जिले में बयाना इलाके में बाण गंगा नदी में डूबने से सात नवयुवकों की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार गांव के लोग नदी के किनारे के मिट्टी खोदकर निकाला करते थे, जिसके चलते वहां जगह-जगह पर गहरे गड्ढे हो गए थे और मिट्टी के टीले बन गए थे। इस कारण वहां से होकर गुजर रही बाण गंगा नदी के किनारे बने मिट्टी के ढीले पर खड़े होकर सात नवयुवक नदी के तेज बहाव को देख रहे थे। उसी दौरान मिट्टी का टीला ढह गया। हादसे में सातों नवयुवक उन गहरे गड्ढों में डूब गए। हादसे की सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव घटना स्थल पर पहुंचे और एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंचीं। राहत बचाव कार्य करते हुए सात नवयुवकों के शवों को निकाल लिया गया।

## पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का दावा, उन्हें सत्ता से बाहर करने में अमेरिका का हाथ



**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने दावा किया है कि उनकी सरकार को सत्ता से हटाने में अमेरिका की भूमिका है। एक अंग्रेजी अखबार को दिए साक्षात्कार में शेख हसीना ने दावा किया है कि अमेरिका ने उन्हें प्रधानमंत्री पद से हटाने की साजिश रची क्योंकि उन्होंने सेंट मार्टिन द्वीप को अमेरिका को सौंपने से इनकार कर दिया था, जिससे पश्चिमी महाशक्ति को बंगाल की खाड़ी पर प्रभाव जमाने में मदद मिलती। उन्होंने बांग्लादेश के लोगों से आग्रह किया कि वे देश में कट्टरपंथियों के बहकावे में न आएं। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस्तीफा इसलिए दिया ताकि उन्हे लाशों का जुलूस न देखना पड़े। वे छात्रों की लाशों पर सत्ता में आना चाहते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं होने दिया और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

असर्फी कैंसर संस्थान
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

# 11 से 14 अगस्त तक अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराएंगे सभी भाजपाई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भाजपा जिला कार्यालय पलामू में हर घर तिरंगा आभियान एवं आगामी कार्यक्रम को ले कर भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में तय किया गया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत 11 से 14 अगस्त तक सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर तिरंगा झंडा फहराएंगे। विधानसभा स्तर पर भव्य तिरंगा यात्रा निकाला जाएगा। स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए 12 से 14 अगस्त तक महापुरुषों की प्रतिमाओं और स्मारकों के आसपास स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य न केवल सफाई को बढ़ावा देना है, बल्कि हमारे महान नेताओं के प्रति सम्मान प्रकट करना भी है। 14 अगस्त को %विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिसमें विभाजन के समय की त्रासदी और लाखों लोगों की शहादत को याद किया जाएगा। इस मौके पर संगोष्ठी और सम्मेलन आयोजित कर, विभाजन के काले अध्याय को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

**झारखंड में आदिवासियों की नहीं घुसपैठियों की सरकार चल रही है : अमित तिवारी**

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि जल्द ही भाजपा महिला मोर्चा की ओर से राज्य सरकार के खिलाफ आक्रोश पदर्शन निकालकर समाहरणालय का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा की राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार आने के बाद महिलाओं और युवाओं को किए गए वादों पर तो खरा नहीं उतरी. उसके उलट महिलाओं पर अत्याचार हुआ. महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न के सबसे अधिक मामले इस राज्य में अभी तक दर्ज किए गए हैं. इसमें बलात्कार, हत्या सहित अन्य मामले शामिल हैं। भाजपा की युवा इकाई भारतीय जनता युवा मोर्चा भी युवाओं की समस्याओं को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन करने जा रहा है। 23 अगस्त को रांची में मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा. इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा के प्रमुख नेता रहेंगे उन्होंने कहा कि झारखंड में आदिवासियों की नहीं घुसपैठियों की सरकार चल रही है। राज में आम जनता परेशान है।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति**

बैठक का धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री विजय ठाकुर ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से अरविंद सिंह, अभिमन्यु तिवारी, अरविंद गुप्ता, मधुलता रानी, सुनील पासवान, सोमेश सिंह, चंद्रमा कुमारी, रेणु देवी, ओमप्रकाश प्रसाद, कल्याणी पांडे, सीटू गुप्ता, रामेश्वर राम, अजीत सिंह, आले हसन, धर्मेंद्र उपाध्याय, श्वेता गर्ग, शिवकुमार मिश्र, प्रेमजीत कुमार सिंह, आशीष भारद्वाज, नंदलाल प्रसाद, शुभम प्रसाद, अविनाश सिंह छोटू, प्रकाश राय, सरवन कुमार गुप्ता, राजेश कारण, अंतू यादव, अजीत प्रसाद, रोशन सिंह, काशी प्रसाद गुप्ता, राकेश कुमार पांडे, मनोरंजन गुप्ता, चंद्रशेखर गुप्ता, मधुसूदन पाठक, जवाहर चंद्रवंशी, विजय शर्मा, सिकंदर चौधरी, अमरेश तिवारी, बबन राम, महादेव प्रसाद यादव, सुशील ठाकुर, रामनरेश यादव, संतोष पांडे, शत्रुघ्न सिंह, नीरज सिंह, संजय मेहता, संजय सिंह, रोहित शर्मा, शिव मिश्रा, अनिमेष सिंह, सौरभ पांडे, गुड्डू बर्मन, दीपक सिंह,अंकित सिंह एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ट्रैफिक प्रभारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में शहर के रेड़मा चौक और छह मुहान चौक के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा सभी दो पहिया चार पहिया वाहनों को रोक कर उनकी गहनता पूर्वक जांच की गई।वही वाहन जांच के क्रम में बिना हेलमेट और ट्रिपल लोड दर्जनों मोटरसाइकिल को जब्त कर उसे सुरक्षार्थ हेतु शहर थाना में रखा गया।इसके बाद ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा सभी दो पहिया वाहन और दो ई रिक्शा को चालान के लिए परिवहन कार्यालय भेजा गया।ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा बिना हेलमेट ट्रिपल लोडिंग पकड़े गए वाहनों का 18450 रुपया का चालान किया गया।मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया की प्रतिदिन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।इसके बाद भी लोग हेलमेट का प्रयोग नहीं कर रहे है।उन्होंने कहा की वाहन पकड़े जाने पर लोग वाहन छुड़वाने के लिए पैरवी करने लगते है।उन्होंने लोगो से आग्रह किया है की वाहन पकड़े जाने पर लोग पैरवी भी ना करें। उन्होंने लोगों को हेलमेट पहन कर और वाहन से संबंधित कागजात वाहन में रखकर दो पहिया वाहन चलाने का आग्रह किया है।

## जंगल में मिला महिला नर कंकाल, मचा हड़कंप



**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के बनसानी पंचायत के भुइयां भंवरिया टोला स्थित अकेलवा दामर जंगल में एक महिला का नर कंकाल मिला है। जिससे क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई है। नर कंकाल का पहचान गांव के ही सीमित्री देवी 45 वर्ष पति सतेन्द्र भुइया के रूप में किया गया है। पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की पुत्री मिरा देवी के आवेदन के आलोक में पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। रविवार को अकेलवा दामर जंगल में गांव के कुछ लड़के बकरी चराने गए थे। जहां दुर्गंध मिलने पर पास जाकर देखा कि एक नर कंकाल है. जिसकी जानकारी गांव में आग की तरह फैल गया। महिला कंकाल की खबर मिलते ही मृतक महिला की गोतनी लालती देवी पति राजकुमार भुइया ने मृतक की पुत्री मिरा देवी को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद घटनास्थल पर पहुंच कर देखा तो कंकाल को अपनी मां की साड़ी से तथा वहीं पर पड़े चप्पल से पहचान की। सुचना मिलते ही थाना प्रभारी कृष्ण कुमार दलबदल के साथ घटनास्थल पहुंचे। महिला कंकाल की पहचान अपनी मां के रूप में करते हुए मिरा देवी ने बताया कि बिते 5 अगस्त को दोपहर करीब एक बजे एक व्यक्ति आया था,जो पहले से भी हमारे घर में आया करता था। मेरी मां बिना कुछ बताए उसी व्यक्ति के साथ घर से गयी थी। शाम तक घर नहीं आने पर हमारी चाची लालती देवी ने फोन लगाया तो बंद मिला. काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला। सुत्रो के अनुसार सीमित्री देवी जिस व्यक्ति के साथ गयी थी उसी के साथ गांव में ही शराब पिया था। उसके बाद रविवार को अकेलवा दामर जंगल में महिला का कंकाल बरामद किया गया।

## हर वर्ग के महिलाओं को सम्मान दे रही हेमंत सरकार : झामुमो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने कल्याणपुर स्थित मंत्री आवास पर प्रेस वार्ता आयोजित कर सरकार द्वारा चलाई जा रही मइयां सम्मान योजना को महिला सशक्तिकरण के दिशा में बेहतर कदम बताया है। जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नारी सशक्तिकरण को लेकर काफी गंभीर है। परिणामस्वरूप छात्राओं को शिक्षा में मदद के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के माध्यम से कक्षा 8 से लेकर स्नातक तक की छात्राओं को सरकार 40 हजार रुपए का सहयोग प्रदान कर रही है। वृद्धा पेंशन की उम्र सीमा को कम करते हुए 50 वर्ष के ऊपर की सभी महिलाओं को वृद्धा पेंशन से हर माह ?1000 का सहयोग देने की घोषणा कर चुकी है। मातृत्व अवकाश को बढ़ाते हुए राज्य सरकार 2 वर्ष कर दिया और इसका लाभ अब संविदा पर नौकरी कर रही महिलाओं को भी प्राप्त होगा। अबुआ आवास एवं पशुधन योजना में भी महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार ने अति महत्वाकांक्षी झारखंड मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना हेतु 21वर्ष से 49 वर्ष की महिलाओं को इस योजना के लाभ के लिए आवेदन प्राप्त कर रही है। गढ़वा जिला में 118636 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। सुदरवर्ती क्षेत्रों में इंटरनेट और नेटवर्क की समस्या के कारण ऑफलाइन आवेदन भी प्राप्त किए जा रहे हैं। इस योजना को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है तथा महिलाओं के उत्साह को देखकर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं में निराशा छाई हुई है। इस योजना को लेकर वह तरह-तरह का भ्रम और अफवाह फैलाने में लगे हुए है। हेमंत सरकार राज्य के अंतिम तबके को नजर में रखकर योजनाएं बना रही है तथा उसे धरातल पर उतार रही है ऐसा होने से समाज के हर वर्ग में संतोष का माहौल है। इस योजना को लागू होने से भाजपा के अंदर एक डर का माहौल बना हुआ है। उनके पास राज्य में हिंदू मुसलमान फरने और धार्मिक ध्रुवीकरण के अलावा कोई मुद्दा नहीं बचा है। झारखंड में आयातित नेताओं के भरोसे बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर झूठ फैलाने का काम कर रहे हैं।

## राज्य में पुनः बनेगी महागठबंधन की सरकार : मंत्री मिथिलेश

### बाना के सौ से अधिक लोग झामुमो में हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत बाना पंचायत के एक सौ से अधिक लोग दूसरे राजनीतिक दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए हैं। रविवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने माला व पार्टी का पट्टा पहना कर सभी को झामुमो में शामिल किया। बाना मुखिया गौरी देवी के नेतृत्व में पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से वार्ड सदस्य दिनेश चौधरी, नागेंद्र उरांव, कमला देवी, प्रतिमा देवी, कुसुम देवी, तबैसुन बीबी, संगीता देवी, रजकलिया देवी, विश्वनाथ राम सहित सौ से अधिक लोगों का नाम शामिल है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जिस तरह से झामुमो की ओर जनता का रुझान बढ़ा है आने वाले समय में पुनः राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनेगी। मंत्री ने शामिल होने वाले लोगों से कहा कि सभी लोग अपने अपने क्षेत्र में जा कर राज्य सरकार के कार्यों व पार्टी के नीति सिद्धांतो को जन जन तक पहुंचाएं। साथ ही सरकार की चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाने में मदद करें। मंत्री ने कहा कि पार्टी के नीति एवं सिद्धांतों तथा गढ़वा में किए जा रहे विकास कार्यो से प्रभावित होकर प्रत्येक गांव से काफी संख्या में लोग प्रतिदिन झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो रहे हैं। इससे पार्टी और भी अधिक मजबूत हो रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार झारखंड के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, शरीफ अंसारी, सलीम जाफर, प्रवक्ता हुसैन अली, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय, संजय कांस्यकार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## तीन थानों के पुलिस बल के साथ एनएच 75 की जमीन खाली कराने पहुचे सीओ



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर ऊंटारी प्रखंड के बिलासपुर में एनएच 75 को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अंचल पदाधिकारी विकास कुमार सिंह तथा एनएच 75 के डीपीएम अशोक कुमार तथा रमना, धुरकी तथा नगर उंटारी तीन थानों की पुलिस बल लेकर पहुंचे। अंचल पदाधिकारी विकास कुमार सिंह ने ध्वनि विस्तारक यंत्र से बिलासपुर में अतिक्रमण -कारियो को जमीन खाली करने की चेतावनी दिया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जिन-जिन लोगों के मकान और जमीन का भुगतान किया जा चुका है, वे दो दिनों के अंदर उक्त जमीन को खाली कर दें, अन्यथा प्रशासन जेसीबी लगाकर सारे मकान और दुकानों को तुड़वाने की प्रक्रिया प्रारंभ करेगी जिसका खर्चा संबंधित व्यक्ति को ही वहन करना होगा।अंचल पदाधिकारी को पुलिस बल के साथ पहुचे देख विलासपुर बाजार के लोगो मे खलबली मच गया। ग्रामीणों ने सीओ से एक-दो दिन का समय मांगा, जब कि कुछ ग्रामीण इसका विरोध करते हुए कह रहे थे कि पैसा मिलने के बाद 90 दिन का समय मिलता है। जब कि सीओ विकास कुमार ने ग्रामीणों से कहा कि सुनी सुनाई बातो में मत रहिये, अगर ऐसा कोई लिखित आदेश आपके पास है तो दिखाइए। इसी क्रम में हलिवंता ग्राम में एनएच 75 में पड़ रहे एक सरकारी भवन को जेसीबी की मदद से गिरा दिया गया। इस संबंध में अंचल पदाधिकारी विकास कुमार सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर विलासपुर बाजार में जिनका भी जमीन एन एच 75 में पड़ रहा है और उनका भुगतान किया जा चुका है, उसे खाली कराने का निर्देश प्राप्त है। यहां के लोग काफी समझदार है, सहयोग भी कर रहे है।कुछ लोग वैसे भी है जिन्हें अभी अभी भुगतान किया गया है। वे कुछ समय मांग रहे है। कुछ ऐसे भी है जिनको एक वर्ष, छः महीने पहले ही भुगतान कर दिया गया है। अभी तक जमीन खाली नही किया गया है। एनएच 75 का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इसी को लेकर आज की करवाई किया गया है। मेरे तरफ से सभी को दो दिन का समय दिया गया है। उसके बाद जमीन खाली कराने की प्रक्रिया अपनाया जाएगा। मौके पर मुन्ना जयसवाल, जगरनाथ, मुनीब, अजय जयसवाल, मुकेश कुशवाहा, संजय गुप्ता, अशोक जयसवाल, दीपक कुमार, कंचन विश्वकर्मा, आकाश जयसवाल, डाक्टर बिनोद कुमार, उदय मेहता, अरविंद गुप्ता, नगर उंटारी थाना प्रभारी आदित्य नायक पुलिस बल के साथ उपस्थित थे।

## झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा गढ़वा के संयोजक मनोनीत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु, कार्यकारी अध्यक्ष अनंतलाल विश्वकर्मा एवं केंद्रीय सदस्य सुनील प्रसाद साव तीन दिनों से गढ़वा जिला के दौरा पर हैं। संगठन विस्तार एवं अपने मुद्दों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए गढ़वा आये वैश्य मोर्चा नेताओं ने शाम को केंद्रीय महासचिव सह गढ़वा जिला प्रभारी कंचन साहु की अगुवाई में गढ़वा परिसदन में प्रमुख लोगों के साथ बैठक किया और सर्वसम्मति से भुनेश्वर सोनी एवं संतोष कुमार गुप्ता को जिला संयोजक तथा संजय केशरी को गढ़वा नगर संयोजक मनोनीत किया। दूसरे दिन 10 अगस्त को मेराल के सामुदायिक भवन में प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया और सर्वसम्मति से सुनेश्वर साह गोन्दा एवं अनुज प्रसाद मेराल को प्रखंड संयोजक चुना गया। जबकि युवा मोर्चा का प्रमोद कुमार तथा सूर्य योगेन्द्र कुमार को संयोजक बनाया गया।

# भाजपा विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी का भाजपाइयों ने किया कड़ा विरोध

### भाजपा रामचंद्र चंद्रवंशी व इनके बेटा को छोड़ किसी को भी दे टिकट दे, जिताने का कार्य करूंगा : अरविंद सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** वृद्धखैरा के वेणुगोपाल मंदिर प्रांगण में भाजपा कार्यक्रताओं की बैठक हुई.बैठक की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह उंटारी जिला पार्षद अरविंद सिंह ने किया। संचालन सुरेंद्र सिंह ने किया। बैठक में कार्यक्रताओं ने अपने पार्टी के स्थानीय विधायक के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उनके परिवारवाद और वंसावाद की नीति का विरोध किया। कार्यक्रताओं का आरोप था कि विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी पार्टी में परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे हैं.अपने पुत्र को राजनीत में स्थापित करने हेतु कार्यक्रताओं की उपेक्षा कर रहे हैं। पार्टी कार्यक्रताओं को अपमानित कर रहे हैं। वरीय भाजपा नेता अरविंद सिंह ने कहा कि भाजपा ऊर्जावान कार्यकर्ताओं की पार्टी है.भाजपा परिवारवाद और वंशवाद का हमेशा विरोध करती है। इसलिए किसी भी परिस्थिति में प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व विधायक पुत्र को पार्टी का टिकट नहीं देगी. कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता विभाकर नारायण पांडेय, सीएस दुबे, बिजेंद्र पाठक, रामाशीष यादव, पुष्प रंजन व विजय रविदास ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बैठक के अंत में सभी नेताओं - कार्यक्रताओं ने वंशवाद के खिलाफ अंतिम लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। बैठक में विनोद तिवारी, मुंशी प्रसाद गुप्ता, रवींद्र नाथ उपाध्याय, सुनील पांडेय, सीताराम आर्य, कृष्ण मुरारी सिंह,विनय चंद्रवंशी, कुश कुमार ओझा, पंकज कुमार लाल, डी एन सिंह, राम विलास सिंह, बैद्यनाथ सिंह, डबलू यादव, प्रेम सागर सिंह, दीपक गुप्ता, सच्चितानंद सिंह, प्रेमानन्द त्रिपाठी, नवीन पांडेय, रामबली राम, प्रभु विश्वकर्मा सहित विश्रामपुर,पांडू, उंटारी व नावा बाजार प्रखंड के पार्टी कार्यक्रता काफी संख्या में

## 17 अगस्त को आजसू युवा मोर्चा एवं नगर समिति के सम्मेलन मे शामिल होंगे सुदेश महतो : नीरू शांति भगत

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय में आजसू नगर युवा मोर्चा, नगर कमेटी एवं आजसू के पदाधिकारियों की एक बैठक हुई, जिसमें मुख्य रूप से लोहरदगा विधानसभा प्रभारी सह केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत ने की इस बैठक में आगामी 17 अगस्त को युवा मोर्चा एवं नगर कमेटी का जिला सम्मेलन होना तय हुआ है,जिसमें मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो एवं केंद्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस सम्मेलन से केंद्रीय अध्यक्ष का स्वागत विशाल मोटरसाइकिल रैली के रूप में कुडू के विराट होटल के पास से लोहरदगा नगर भ्रमण कराते हुए एवं शहीदों को माल्यार्पण करते हुए पुराने नगर भवन तक लाया जाएगा। पुराने नगर भवन में ही जिला सम्मेलन होगा। इस बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि युवाओं को अधिक से अधिक जोड़ा जाएगा और सम्मेलन के दिन 1000 नए युवा को आजसू से जोड़ा जाएगा। इस बैठक में जिला संयोजक मंडली,नगर संयोजक मंडली, युवा संयोजक मंडली एवं जिला के तमाम पदाधिकारी उपस्थित हुए एवं चूल्हा प्रमुख बनाने की प्रगति पर भी समीक्षा हुई।

## शहर थाना की पुलिस ने एक लुटेरा को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर थाना की पुलिस ने एक सड़क लुटेरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसआई गुलशन बिरुआ ने बताया कि वादी आकाश कुमार सिंह, उम्र-21 वर्ष, पिता रामचंद्र सिंह, सा0-सिक्किकला, थाना-पाटन, जिला-पलामू के लिखित आवेदन के आधार पर शहर थाना कांड संख्या-201/24, दिनांक-06/06/2024, धारा-356/382 भा0 द0 वि0 के अंतर्गत तीन अज्ञात अपराधकर्मी के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया था।दिनांक-05/06/2024 को रात्रि समय करीब 10¬45 बजे वादी अपने बहन के साथ गढ़वा से अपने घर सिक्किकला जा रहा था, जाने के क्रम में विस्फुटा चौक के पहले चेडाबार जाने वाले रास्ते में एक बाइक पर तीन व्यक्ति अपना मुंह रुमाल से बांधे हुए ओवरटेक कर वादी को तीन अपराधकर्मी रोककर चाकू एवं पिस्टल का भय दिखाकर मारपीट किये और बाइक, मोबाइल, चाँदी का ब्रासलेट, चाँदी का अंगूठी एवं अन्य सामान छीन लिया। अनुसंधान के क्रम में कल दिनांक-10/8/2024 को लेस्लीगंज थाना अंतर्गत छापामारी कर एक अभियुक्त मोहम्मद इरफ़ान उर्फ सोनू, उम्र-25 वर्ष, पिता-अमजद अली, पता-गोपालगंज, थाना-लेस्लीगंज, जिला-पलामू को कांड में छिना गये मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया तथा विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया। पूछताछ में ये बताये कि घटना में कुल चार लोग शामिल थे, जिसमें मेरे अलावे 1. रिशु पाण्डेय 2. अखिलेश भुइंया 3. शशि रंजन उर्फ़ पंचम कुमार घटना में शामिल थे। घटना के दिन 1. रिशु पाण्डेय 2. मोहम्मद इरफ़ान 3. शशि रंजन उर्फ़ पंचम कुमार तीनों एक बाइक पर थे, जो आगे-आगे चल रहा रहे थे और अखिलेश भुईया दुसरे बाइक से था, जो पीछे कुछ दूरी पर चल रहा था, तभी चेडाबार जाने वाले रास्ते झाड़ी में एक अपाचे बाइक पर एक लड़का और एक लड़की आते देख अखिलेश भुईया इसका सूचना रिशु पाण्डेय को दिया, जिसके बाद तीनों बाइक से ओवरटेक कर पिस्टल और चाकू का भय दिखाकर कर बाइक तथा अन्य सामान छीन लिये। 1. रिशु पाण्डेय 2. अखिलेश भुइंया 3. शशि रंजन उर्फ़ पंचम कुमार तीनों अभी जेल में बंद है। उनलोग से पूछता करने पर बाइक के बारे में बता सकता है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम एवं पता¬ मोहम्मद इरफ़ान उर्फ सोनू, उम्र-25 वर्ष, पिता-अमजद अली, पता-गोपालगंज, थाना-लेस्लीगंज, जिला-पलामू है।

## सरस्वती विद्या मंदिर जपला में धूमधाम से मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य मृत्युंजय प्रसाद, संजय सिन्हा, शशि कुमार, राजेश्वर सिंह यादव, अभिषेक पाठक ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती एवं गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य ने सभी भैया-बहनों को विद्यालय के प्रत्येक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। तुलसी जी का जीवन परिचय देते हुए उनके विषय में भैया बहनों को अभूतपूर्व जानकारियां प्रदान की, उनके जीवन से संबंधित प्रेरक प्रसंग, रचनाएं भी सुनाई। इस दौरान विद्यालय के आचार्य शशि कुमार ने गोस्वामी तुलसीदास के बारे में विस्तार से विद्यालय के भैया-बहनों को जानकारी दी। भगवान राम को मर्यादा पुरुषोतम कहा जाता है। क्योंकि स्वयं राम ही इस समाज में एक ऐसे उदाहरण है जो मर्यादा को बचाएं रखा। पिता के कहने पर राजपाट छोड़कर वन को चले गए और माता सीता के चरित्र पर उंगली उठी, तो उनका पहले अग्निपरीक्षा लिया। और राम-सीता के पूरे जीवन को तुलसीदास ने रामचरित मानस में पिरोया है। वहीं आचार्य संजय सिन्हा ने दोहा व राम स्तुति प्रस्तुत कर वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। मौके पर विद्यालय के सभी भैया-बहनों के लिए सुलेख, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन आचार्य अभिषेक पाण्डेय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में योगेन्द्र महतो, प्रचार-प्रसार प्रमुख राजकुमार सिंह, रंजीत मिश्र, हर्षदा उपाध्याय, दीपक पाण्डेय, छाया कुमारी, अजय कुमार, नीतीश मिश्रा, मनोज सिंह, धर्मेंद्र कुमार सहित सभी आचार्य-दीदी जी का सराहनीय योगदान रहा।

**संक्षिप्त खबरें**

## गाजा से प्यार और बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदुओं से तकरार : अमर बाउरी

**रांची :** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने झामुमो-कांग्रेस और राजद पर निशाना साधा है। उन्होंने रविवार को ट्वीट कर कहा है कि आखिर कब तक दोहरी नीति चलेगी। उन्होंने सवाल उठाते हुए पूछा है कि बांग्लादेशियों के सबसे बड़े हितैषी झामुमो-कांग्रेस-राजद व उनके नेताओं द्वारा बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर किसी ने क्या एक भी पोस्ट देखा है। गाजा से प्यार और बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदुओं से तकरार, यही है झामुमो-कांग्रेस-राजद की नीति। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशियों के सबसे बड़े हितैषी झामुमो-कांग्रेस-राजद व उनके नेताओं द्वारा बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर किसी ने क्या एक भी पोस्ट देखा है?

## सैकड़ों बाल कांवड़ ने महाकाल बाबा पर जलाभिषेक किया

**रांची :** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के तत्वावधान में रविवार को भव्य और विशाल बाल कांवड़ यात्रा निकल गया। छोटे छोटे बच्चों ने राजभवन के समीप स्थित हटनिया तालाब से यात्रा शुरू की। बच्चे पैदल ,रातू रोड चौक होते हुए पहाड़ी मंदिर, महाकाल बाबा पर जलाभिषेक किया । इस दौरान बाल शिव -पार्वती के जीवंत स्वरूप ने सबका मनमोहन लिया । ताशा पार्टी एवं डीजे के धुन पर सभी लोग झूमते हुए , शिवमय होकर पहाड़ी मंदिर में जलाभिषेक किया । हटनिया तालाब द्वार पर रांची विधायक सी पी सिंह , कांग्रेस महानगर अध्यक्ष कुमार राजा , महासमिति के अध्यक्ष राजेश साहू ,प्रवक्ता बादल सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से आरती कर बाल कांवड़ को प्रस्थान किया गया । रास्ते मे सबका जगह जगह स्वागत किया गया । सभी बच्चे बहुत ही उत्साहित हो कर कांवड़ लेकर चल रहे थे ।

# जनता भाजपा नेतृत्व की डबल इंजन सरकार बनाने को संकल्पित : मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को विधानसभा विस्तारक प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। आठ सत्रों में आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी की सैद्धांतिक विचारधारा, इतिहास विकास, चुनाव प्रबंधन सहित सोशल मीडिया जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा विचारधारा और कार्यकर्ता आधारित राजनीतिक पार्टी है। इसका उद्देश्य भारत को परम वैभव को शिखर पर पहुंचना। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए लगातार कार्य करते हैं। अंत्योदय और एकात्म मानव दर्शन और सांस्कृतिक राष्ट्वाद की परिधि में भाजपा के लिए सत्ता साध्य नहीं बल्कि मां भारती को विश्व गुरु बनाने का साधन है। मरांडी ने कहा कि




भाजपा आज केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नीतियों एवं कार्यक्रमों को तेजी से धरातल पर उतार रही है। तीसरी बार मोदी सरकार बनाकर जनता ने पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को सराहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में भी चुनाव सिर पर है।राज्य में ठगबंधन सरकार के खिलाफ आक्रोश है। जनता भाजपा नेतृत्व की डबल इंजन सरकार बनाने के संकल्पित है। लोकसभा चुनाव परिणाम इसका स्पष्ट संकेत देता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में अलग झारखंड राज्य का निर्माण कराया। हमें विकसित झारखंड के संकल्प को पूरा करना है। समापन सत्र को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि आगामी चुनाव में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए चुनाव प्रबंधन भी महत्वपूर्ण है। विस्तारक गण अपने अपने क्षेत्रों में प्रबंधन कार्यों को सुचारू रूप से संचालन में अपनी बड़ी भूमिका निभायेंगे। साथ ही कहा कि विस्तारक को उत्प्रेरक की भूमिका में कार्यों को गति देनी है। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि विस्तारक की भूमिका नीव की पत्थर की तरह है। मंच, माला, माइक से दूर रहकर पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों, योजनाओं को गति देना ही विस्तारकों की पहचान होनी चाहिए। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती में बूथ ही केंद्र बिंदु है। बूथ जीतो चुनाव जीतो के संकल्प को हमे कार्यों में उतारकर अपने लक्ष्य को पूरा करना है। प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने भाजपा के इतिहास विकास, केंद्रीय टोली सदस्य मनोज सिंह ने भाजपा की पंच निष्ठा एवं विचारधारा, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां, राहुल अवस्थी एवं विवेक विकास ने सोशल मीडिया और आईटी विषय पर विचार रखे।

# बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आधुनिक बीज परीक्षण प्रयोगशाला की होगी स्थापना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कृषि निदेशक डॉ कुमार ताराचंद ने कहा है कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) एक आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त बीज परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना के लिए शीघ्र प्रस्ताव लाएं। राज्य सरकार इसके लिए पर्याप्त राशि मुहैया कराएगी। बीज क्रय, वितरण एवं बोआई के पूर्व इस प्रयोगशाला में बीज गुणवत्ता की जांच होने से फसल नुकसान की संभावना न्यूनतम रहेगी। कृषि महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में रविवार को बीएयू की बीज परिषद की वार्षिक बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड की 80 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। राज्य की दो तिहाई आबादी कृषि कार्यों पर निर्भर है। इसलिए राज्य के लिए कृषि से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है। उन्होंने बीएयू में देश के अग्रणी बीज कंपनियों का एक सम्मेलन आयोजित करने पर बल दिया ताकि राज्य और केंद्र की विभिन्न योजनाओं के तहत निशुल्क और सब्सिडी पर वितरित किए जाने के




लिए गुणवत्तायुक्त बीज की यथासमय उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। निदेशक ने कहा कि बीएयू को आसपास के राज्यों के लिए अनुशंसित फसल प्रभेदों की उपयुक्तता का अपने यहां परीक्षण कर हर छह-आठ महीने पर राज्य सरकार को अनुशंसा उपलब्ध करानी चाहिए। अलग राज्य बनने के 24 वर्षों बाद भी झारखंड अपनी खाद्यान्न आवश्यकताओं के मामले में आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है।

राज्य में अवस्थित आईसीएआर के संस्थान, बीएयू, राज्य सरकार तथा यहां कार्यरत अग्रणी स्वयंसेवी संगठन बेहतर तालमेल और समन्वय से कार्य करेंगे, तभी झारखंड में कृषि और किसानों के परिदृश्य में अपेक्षित बदलाव हो पाएगा। बीएयू के कुलपति ने कहा कि राज्य में एक सुदृढ़ बीज नीति लागू करने की आवश्यकता है। इसमें उत्पादन से लेकर विपणन और उठाव तक की रणनीतियां और रोड मैप हो।

मौसम परिवर्तन की स्थिति में कई विकल्पों का प्रावधान हो। प्रजनक बीज कहां से आएगा, आधार बीज और प्रमाणित बीज का उत्पादन कौन सी एजेंसियां करेंगी तथा सूखा पड़ने पर किस जिला में किस फसल के किस प्रभेद का इस्तेमाल होगा, इन सबका प्रावधान बीज नीति में हो।

## वार्ड 49 के प्रत्येक लाभुकों को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से लाभ मिलेगा : जमीला खातून



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** वार्ड 49 की लाभुकों को झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिलाने के लिए वार्ड 49 के कार्यालय सहित पूरे वार्ड मे कई जगहों पर कैंप लगा कर लाभुकों का फॉर्म भरवाए जा रहा है।

साथ ही कही कैंप मे कोई शिकायत मिलने पर वार्ड 49 की निवर्तमान पार्षद जमीला खातून खुद उस कैंप मे बैठ कर समस्या का समाधान करा रही है। मौके पर जमीला खातून ने कहा की वार्ड 49 की हर एक मां ,बहन, बेटी को झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिलाने के लिए मैं रात दिन काम कर रही हूं।

## आगाज़ के तृतीय संस्करण का हुआ भव्य उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कोकर स्थित ग्रैंड होटल में आगाज के तृतीय संस्करण का भव्य उद्घाटन हुआ। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में राज्य रक्षा मंत्री एवं रांची लोकसभा सांसद संजय सेठ, पद्मश्री सम्मानित मुकुंद नायक, रांची विधानसभा के विधायक सी. पी. सिंह, महिला प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, और पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर निवर्तमान उप महापौर संजीव विजयवर्गीय के राजनीतिक सफर को संजोते हुए उनकी पुस्तक सफर का विमोचन किया गया। साथ ही, संजीव विजयवर्गीय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रम में आए



सभी अतिथियों को तिरंगे वितरित किए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर और गणेश वंदना से हुआ। आगाज का यह आयोजन, जो तीन साल पहले संजीव विजयवर्गीय द्वारा प्रारंभ किया गया था, अब रांची के सांस्कृतिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन शहर में होते रहने चाहिए, क्योंकि ये बच्चों और युवाओं की कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हैं।

इस आयोजन ने रांची के सांस्कृतिक जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया, जिससे यह कार्यक्रम शहरवासियों के बीच अत्यधिक सराहना का पात्र बन गया।

## सिकोकई कराटे ग्रेडिंग में 351 खिलाड़ी सफल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सिकोकई कराटे इंटरनेशनल इंडिया एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर सह ग्रेडिंग का आयोजन बिशप स्कूल बहु बाजार की मेजबानी में स्कूल के सभागार में किया गया।जिसमें राज्य के विभिन्न स्कूलों एवं क्लबों से लगभग 380 खिलाड़ी शामिल हुए।कराटे ग्रेडिंग को दो चरण में संपन्न किया गया जिसमें 351 खिलाड़ी सफल घोषित किए गए। शिविर के दौरान सभी खिलाड़ियों को सिकोकई कराटे इंटरनेशनल इंडिया के राज्य प्रतिनिधि व इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने एडवांस कुमिते व काता का का प्रशिक्षण दिया द्य शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि खिलाड़ियों के तकनीक को एडवांस करने के उद्देश्य से इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के दौरान उत्कृष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चेरिल जीबी हेंब्रम, आदित्य राज, सुनिधि एंजेल एक्का, मारिया लवलीन खेस, अन्वी तिवारी एवं परी कुमारी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। इस अवसर पर इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के अध्यक्ष अनिल किस्पोट्टा, राकेश तिर्की, उमाशंकर महतो, रवि कुमार सिंह, स्वस्तिका तरफदार अभिभावक गण एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## बहन को ही सौतन बनाने को तैयार हुई बहन, घरवाले परेशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आज कल थाना में भी अजीबो गरीब तरह के मामले आते हैं। पति-पत्नी के बीच का झगड़ा या फिर पत्नी के पति पर शिकायत की वे दूसरी पत्नी रख लिया है , ऐसी कई घटनाएं सुनते और देखते होंगे, लेकिन लोअर बाजार थाना में ऐसा मामला है जिससे न सिर्फ थाना बल्कि आसपास के राहगीर भी परेशान हो गए और सुनकर आश्चर्यचकित में पड़ गए, जब एक बुजुर्ग अपने दामाद को गाली गलौज और हल्ला करते थाना पहुंच गया। पुलिस के लाख समझाने बुझाने के प्रयास के बावजूद लड़की के माता-पिता भाई हंगामा कर रहे थे । हालांकि मामला कुछ और ही था । सुशील नामक लड़का ने जिस लड़की से शादी की उसके साथ उसका एक बच्चा भी है, लेकिन वे शुरुआत से ही अपनी साली की देखरेख ,पढ़ाई , लिखाई यहां तक की कॉलेज तक में भी दाखिला कराने में अपनी अहम भूमिका निभाई। इसी बीच दोनों में प्रेम हो गया और उसने अपनी साली से ही शादी रचा लिया। घटना एक अगस्त की बताई जा रही है। उसकी साली की उम्र करीब 22 साल है। इस शादी के बाद उक्त लड़की के माता- पिता , भाई,बहन काफी आक्रोशित हो गए, लेकिन सुशील की जो पहली पत्नी है वे इस शादी से काफी खुश हैं और उसने थाना में यह भी कहा कि जब हम अपनी बहन को सौतन बनाकर रखने के लिए तैयार हैं, तो मेरे पिता और भाई क्यों परेशान हो रहे हैं। यह बात सुनकर सभी लोग आश्चर्यचकित हो गये । थाना प्रभारी ने स्पष्ट रूप से कहा की लड़की बालिग है और पहली पत्नी उस लड़की को अपने साथ रखने के लिए तैयार है तो एक बॉड भरवा लिया जाए, ताकि बाद में किसी तरह की अनहोनी ना हो। सुरक्षा दृष्टिकोण से मामले के निष्पादन करने की प्रक्रिया की जा रही थी ।

खबर लिखे जाने तक थाना के बाहर माता, पिता ,भाई सब हल्ला कर रहे थे। वहीं पति और दोनों पत्नियों थाना में बैठकर बॉड लिखने की तैयारी कर रही थे।

## छापर बालू घाट कांड में पुलिस को मिली सफलता, तीन आरोपियों को भेजा गया जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक रांची को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि दामोदर नदी के किनारे बड़कागांव केरेडारी एंव बुढ़मू थाना की सीमा पर स्थित छापर बालू घाट में पैसा उगाही को लेकर दो पक्षों में मारपीट की घटना में शामिल टीएसपीसी कमांडर दिवाकर गंझू प्रताप के दस्त के तीन चार सक्रिय सदस्य छापर गांव में आए हुए हैं जो किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं ।

इस सूचना का सत्यापन के लिए एक टीम गठित की गई , जिसके नेतृत्व पुलिस उपाधीक खलारी रामनारायण सिंह कर रहे थे। इसमें बुढ़मू थाना



प्रभारी शामिल थे।

छापर में छविमारी कर टीएसपीसी संगठन के कमांडर दिवाकर गंझू प्रताप के दस्त के सदस्य अजीत सोरेन, आकाश लोहरा, एवं सुमित लहरी को गिरफ्तार किया । इसके पास से लेवी मांगने के दौरान इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार टीएसपीसी उग्रवादी द्वारा बताया कि मार्च 2024 में बड़का गांव थाना क्षेत्र के कई बार बालू यार्ड में दिवाकर गंजू के साथ मिलकर संगठन का वर्चस्व बढ़ने के लिए लेवी वसूली को लेकर फायरिंग किए थे, मार्च और जुलाई में भी इस तरह की घटना को अंजाम दिए थे । मुख्य रूप से चतरा के पिपरवार, हजारीबाग केरेडारी, बड़कागांव, उरीमारी , रामगढ़, पतरातु, भुरकुंडा आदि में यह दस्ता सक्रिय है। इस छापेमारी दल में रितेश कुमार महतो थाना प्रभारी बुढ़मू, पुलिस अनि संजीव कुमार सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

## कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स में स्वतंत्रता पर्व का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स डोरंडा एवं हटिया केंद्र और कलाकृति आर्ट फाउंडेशन के तत्वाधान में 11 अगस्त को आजादी के 78वें सालगिरह के उपलक्ष पर स्वतंत्रता पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में झारखण्ड जगुआर के पुलिस उपमहानिरीक्षक इन्द्रजीत महथा उपस्थित थें। इस अवसर पर आयोजित चित्रकला प्रदर्शनी में 300 से अधिक पेंटिंग्स को प्रदर्शित किया गया था। कार्यक्रम का संचालन रजनी कुमारी एवं हर्षिता ने किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य, संगीत, फैंसी ड्रेस एवं इंस्ट्रूमेंट प्ले की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम में हर्षिता हरीश, मुकुंथन, अयुश्मिता एवं अन्य ने देश भक्ति गीत पर नृत्य पेश किया। फैंसी ड्रेस में बच्चों ने भगत सिंह , बिरसा मुंडा, सुभाष चन्द्र बोस, झासी की रानी आदि बन सब को मन्त्र मुग्ध कर दिया। विवान शोर्य ने भगत सिंह के रोल प्ले में भगत सिंह को जीवंत कर दिया। इस अवसर पर संस्था के द्वारा विजिएताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

## मेरे रहते किसी के साथ नहीं हो सकता अन्यायः इरफान

**रांची :** राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी ने ट्वीट करके कहा कि मेरे रहते किसी के भी साथ गलत और अन्याय नहीं हो सकता। किसी का भी हक और अधिकार को छीनने नही दूंगा। खासकर एक समाज तो पहले से ही गरीब है और भाजपा की गलत नीतियों का मार झेल रहा है, जिससे भाजपा बांग्लादेशी घुसपैठ का लांछन और कलंक लग रही है। वह हमारे भाई हैं। अंसारी ने कहा कि अब सबके साथ न्याय होगा। उनको हक मिलेगा। भाजपा ने 18 साल तक इनका हक छीनने का काम किया।

# संस्कार केंद्र के माध्यम से बच्चों को दिखा सकते हैं सही दिशा : संदीप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जोहार लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन की ओर से आयोजित एवं भारत विकास परिषद के रांची मध्य एवं महानगर शाखा के द्वारा प्रायोजित शहीद जीतराम बाल संस्कार केंद्र का उद्घाटन अनगढा प्रखंड के खक्सी टोली गांव में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि बीआईटी मेसरा के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन के डीन डॉ. संदीप सिंह सोलंकी एवं एसबीआई के ब्रांच मैनेजर सौरव कुमार ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. संदीप सिंह सोलंकी ने कहा कि ऐसी जगहों पर




संस्कार केंद्र की बहुत आवश्यकता है। संस्कार केंद्र के माध्यम से बच्चों को सही दिशा दिखा सकती है। सही दिशा में चलने वाले बच्चे ही सही समय पर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सौरभ कुमार ने कहा कि खासकर गांव के कुछ बच्चे दिशाहीन होने के कारण गलत आदतों का शिकार हो जाते हैं। संस्कार केंद्र की सहायता से बच्चों को भारतीय संस्कार सिखाया जाएगा जो कि उनके उज्जवल भविष्य के लिए जरूरी है। फाउंडेशन के संस्थापक भारत भूषण ने कहा कि परिवार, समाज और देश के प्रति जागरूक करने का संस्कार केंद्र एक अच्छा माध्यम है। उद्घाटन के दौरान 25 बच्चों को पठन-पाठन सामग्री दिया गया। कार्यक्रम का संचालन जुगल बेदिया ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से सावित्री, अंजलि, अनीता, चारवा भगत, प्रदीप, दीपेंद्र, श्रवण एवं वीरेंद्र बेदिया का योगदान रहा।

## सरकारी स्कूलों की व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव के लिए लागू होगा स्कूल स्कोर कार्ड

**स्कूलों का तीन श्रेणियों में होगा सर्टिफिकेशन, गोल्ड, ब्रोंज और सिल्वर सर्टिफिकेट होगा जारी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड के सरकारी स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सकारात्मक सुधार के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इस दिशा में एक और बड़ी परिवर्तनात्मक पहल शुरू की है। राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों के शैक्षणिक स्तर में वृद्धि और विद्यालयों की व्यवस्था में सुधार के लिए विभाग ने स्कूलों के रिपोर्ट कार्ड को जारी करने का निर्णय लिया है। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने बताया कि झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा विद्यालयों के लिए रिपोर्ट कार्ड का फाइनल ड्राफ्ट बनकर तैयार है। प्रोजेक्ट इम्पैक्ट के अंतर्गत अब राज्य के सभी विद्यालय स्वतः मूल्यांकन कर अपना रिपोर्ट कार्ड भरेंगे। स्कूलों में बच्चों के रिपोर्ट कार्ड की तर्ज पर अब विद्यालय का रिपोर्ट कार्ड भी बनेगा। प्रत्येक विद्यालय को विभिन्न मानकों के




आधार पर स्वयं को 2000 अंकों में मूल्यांकित करना होगा। प्रथम चरण में राज्य के सभी 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों और 325 प्रखंडस्तरीय आदर्श विद्यालयों का स्कोर कार्ड जारी होगा। अगस्त के आखिरी सप्ताह में इन विद्यालयों के स्कोर कार्ड को जारी करने की योजना है। इसके लिए विभाग ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर ली है। सभी विद्यालयों के लिए क्लस्टर बनाकर नोडल पदाधिकारी भी नियुक्त किये गए हैं। इन पदाधिकारियों को संबंधित विद्यालयों के स्कोर कार्ड और मूल्यांकन का जमीनी अनुश्रवण करना है। पदाधिकारी विद्यालय में यह जांचेंगे कि विद्यालय में हुआ मूल्यांकन सटीक है या उसमे कुछ त्रुटियां है। स्कूल स्कोर कार्ड और विद्यालय के अनुश्रवण के बाद थर्ड पार्टी असेसमेंट होगा, जिसमें विद्यालय द्वारा दिए गए अंकों की जांच की जाएगी। यह प्रक्रिया हर माह दोहराई जायेगी।

# मुख्यमंत्री मंईया योजना के लिए महिलाओं की उमड़ रही है भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का कैंप वार्ड 23 के मिल्ली कमिटी हॉल मंटू चौक में लगाया गया है। लगातार कैंप लगाने से आसपास की महिलाएं एवं बहाने आ रही हैं और आवेदन भर रही हैं । जहां तक किसी तरह की समस्याएं हो रही उसकी समस्याओं का भी समाधान किया जा रहा है , ताकि किसी तरह का कोई परेशानी ना हो सके । इन जरुरतमंद लाभूकों को योजना का लाभ मिल सके । वार्ड 23 की पार्षद डॉक्टर साजदा ने कहा की पहली प्राथमिकता है कि जो सरकार की योजना लागू किया गया है , इस योजना की राशि हमारे लाभूकों के खाते में पहुंचे । इसके लिए सभी तरह की सावधानियां बरती जा रही है,



ताकि आने वाले समय में किसी तरह की त्रुटियों के कारण इन्हें इस योजना से वंचित न होना पड़े । साथ ही किसी को बहुत परेशान होने की भी जरूरत नहीं है, कि आज ही मेरा हो आवेदन जमा हो, ऐसा नहीं यह योजना है लगातार चलेंगी आप आगे भी अपना आवेदन भर सकते हैं।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# बेडो प्रखण्ड के बिशु भगत मेमोरियल महिला महाविद्यालय में अल्पसंख्यक सम्मेलन का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बेड़ो :** बेड़ो मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि अल्पसंख्यकों के लिये हमारी कांग्रेस और सरकार पूरी तरह से समर्पित है. बेडो प्रखण्ड के बिशु भगत मेमोरियल महिला महाविद्यालय में आयोजित अल्पसंख्यक सम्मेलन में श्रीमती तिर्की ने कहा कि भारत और झारखण्ड सभी धर्म और विविध संस्कृतियों का देश है और सभी की यह जिम्मेदारी है कि वह हमारे संविधान की मूल भावना को सर्वोच्च प्राथमिकता दे.

इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे पूर्व मंत्री एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि फिरकापरस्त ताक़तों से हमेशा सावधान रहने की जरूरत है. आज की बैठक में उप प्रमुख मुदस्सिर हक, प्रखण्ड अध्यक्ष करमा उरांव, मचकूर सिद्दीकी, मंजूर अंसारी, मुन्ना मलिक, साबिर मीर, सखन खान, मुस्ताक मलिक, हाजी इस्लाम, हाजी मनीर, तंजीर हुसैन, अब्दुल अंसारी, जमील अंसारी, मुस्तफा, रब्बुल अंसारी, कबूल राय, करीम अंसारी, हाजी कलीम, मो खालिद अंसारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे.

# टीएसपीसी कमाण्डर दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप जी के दस्ता के सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** वरीय पुलिस अधीक्षक, रांधी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की दामोदर नदी के किनारे बड़कागांय, केरेडरी एवं बुढ़मू थाना की सीमा पर स्थित छापर बालू घाट में पैसा उगाही को लेकर दो पक्षो में मारपीट की घटना में शामिल टी0एस0पी0सी0 कमाण्डर दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप जी के दस्ता के 03-04 सक्रिय सदस्य छापर गांव में आये हुये है, जो किसी घटना को अंजाम देने का योजना बना रहे है। उक्त सूचना के आलोक में पुलिस उपाधीक्षक, खलारी के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन कर शीघ्र छापामारी करने हेतु निर्देश दिया गया। छापामारी दल द्वारा ग्राम छापर में दिनांक 10.08. 24 को छापामारी कर टी0एस0पी0सी0 संगठन के कमाण्डर दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप जी के दस्ता के सदस्य अजीत सोरेन उम्र करीब 19 वर्ष, पे0-चोपे मॉझी सा0-छापर थाना-बुढमू, जिला-रॉची. आकाश लोहरा, उम्र 19 वर्ष पे0 -मरचन लोहरा, सा0 छापर थाना-बुढमू, जिला-रॉधी एवं सुमित लहरी उम्र 18 वर्ष पे0-विनोद लहरी सा0-ठाकुरवाडी ठाकुरगाँव वर्तमान पता-हेन्दगिर, थाना कैरेडारी, जिला हजारीबाग को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से लेवी मांगने में प्रयुक्त कई मोबाईल फोन को बरामद कर जप्त किया गया है। गिरफ्तार टी0एस0पी0सी0 उग्रवादियों द्वारा बताया गया कि मार्च 2024 में बड़कागांव थाना क्षेत्र के कायलंग पतरा बालु यार्ड में दिवाकर गंझू के साथ मिलकर संगठन का वर्चस्व बढ़ाने एवं लेवी वसूली को लेकर फायरिंग किये थे तथा काम बंद करवाये थे। मार्च 2024 में हीं बड़कागांव थाना क्षेत्र के गुड़कुवा जंगल में पूरे टीम के साथ मिंटिंग करने के बाद खाना खा रहे थे कि इस बीच पुलिस को आता देख पुलिस बल पर फायरिंग करते हुए हमलोग भागने में सफल रहे। आनन फानन में दस्ता का कुछ हथियार वहां पर छुट गया था, जिसे पुलिस जप्त कर ले गई। जुलाई 2024 में बड़कागांव थाना अन्तर्गत उरीमारी से तरसवार के बीच सड़क निर्माण कार्य में लगे कंपनी से लेवी वसूलने के लिए फायरिंग किये थे एवं काम बंद कराये थे। इसके अतिरिक्त दस्ता कमाण्डर दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप जी के साथ मिलकर चतरा जिला के पिपरवार थाना क्षेत्र, हजारीबाग जिला के केरेडारी, बड़कागांव, उरीमारी थाना क्षेत्र तथा रामगढ़ जिला के पतरातु, भुरकुंडा आदि थाना क्षेत्र में कई घटना को अंजाम दिये है।

## विगत दिनों बज्रपात से दो लड़कियों की मौत हुई थी, जिप सदस्या परीजनों से मिली

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तमाड़ रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र में अलग-अलग जगहों में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर दो लड़कीयों की दर्दनाक मौत हो गई थी ज्ञात हो कि 9 अगस्त दिन शुक्रवार को तमाड़ थाना क्षेत्र के पुण्डिदीरी गांव शिव टोली निवासी रीना कुमारी 16 वर्षीय और अड़की थाना क्षेत्र के सोनपुर निवासी नवमी कुमारी 16 वर्षीय धान रोपनी दौरान वज्रपात से मौत हो गयी । इस दुखदाई घटना का समाचार सुनकर बुंडू की जिप सदस्या परमेश्वरी शांडिल्य शोकाकुल दोनों परिवार के घर सांत्वना देने पहुंची । सरकार कि ओर से जो मुआवाजा राशि मिलती यथा शक्ति जल्दी दिलाने की बात कही । मौके पर आजसू नेता ताराचंद मुण्डा, जिला सचिव आजसू पार्टी , दुती कृष्णा मुण्डा प्रखंड अध्यक्ष अड़की आजसू पार्टी , फलिन्द्र अहिर , धनु नाग उपस्थित रहे।

## बीच सड़क पर पलटा ट्रक, कोई हताहत नहीं

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी गोला मुख्य मार्ग पर जामनीटाड़ के समिप रविवार के सुबह एक ट्रक अचानक पलट गई! इस दुर्घटना में चालक एवं खलासी को हल्की चोटें आई है ! घायलों को प्रशासन द्वारा सिल्ली सामुदायिक अस्पताल में ले जाया गया जहां घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। जानकारी के अनुसार ट्रक बिहार पटना से बंता जा रही थी। सुबह-सुबह हल्की बारिश होने के कारण एक बाइक सवार को बचाने के क्रम में ड्राइवर का संतुलन बिगड़ गया और ट्रक सड़क के दाहिनी और पलट गई।

## मधुमेह को नियंत्रित करने से न्यूरोपैथिक दर्द को कम करने में मदद मिल सकती है: डॉ. प्रवीण कुमार यादव

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** : मधुमेह से पीड़ित व्यक्तियों में, खासकर जब यह अनियंत्रित हो, न्यूरोपैथिक दर्द विकसित होने का जोखिम अधिक होता है। मधुमेह रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाता है, जिससे वे संकीर्ण हो जाती हैं, जिससे नसों तक ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की आपूर्ति धीमी हो जाती है। यह खराब रक्त प्रवाह नसों को नुकसान पहुंचा सकता है, जिससे न्यूरोपैथिक दर्द होता है। लगातार उच्च रक्त शर्करा का स्तर नसों की कोशिकाओं को बाधित कर सकता है, जिससे उनका कार्य बाधित हो सकता है। इससे तंत्रिका क्षति की संभावना बढ़ जाती है, जिससे नसों के लिए खुद को ठीक करना मुश्किल हो जाता है। मधुमेह वाले लोगों में कुछ विटामिनों की भी कमी हो सकती है, जैसे कि विटामिन बी, जो तंत्रिका स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। दुर्गापुर के आरोग्यम न्यूरो क्लिनिक के डॉ. प्रवीण कुमार यादव के अनुसार मधुमेह को नियंत्रित करने से न्यूरोपैथिक दर्द को कम करने में मदद मिल सकती है। स्थिति का उचित प्रबंधन आगे की तंत्रिका क्षति को रोक सकता है और न्यूरोपैथिक दर्द के लिए प्रभावी उपचार प्रदान कर सकता है। दर्द से संबंधित किसी भी चिंता के लिए, डॉक्टर से चिकित्सा सलाह लें।

## हेसल पंचायत भवन में बैठक संपन्न



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के हेसल पंचायत भवन में नशा मुक्ति अभियान को लेकर पुलिस प्रशासन और अनगड़ा प्रखंड के बुद्धिजीवी, प्रबुद्धजन, समाजसेवी और जनप्रतिनिधियों के बीच एक बैठक संपन्न हुआ। बैठक का संचालन अतीश महतो ने किया।जिसमें मुख्य रूप हेसल में अफीम और ब्राउन शुगर बनाने वाले ग्रुप का भंडाफोड़ हुआ। भविष्य में पुनरावृत्ति ना हो इसको लेकर पूरे क्षेत्र में जन चेतना जगाने हेतु सार्थक प्रयास करने का बल दिया गया। हेसल पंचायत में एक नशा मुक्ति अभियान का कमेटी बनाया गया। मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, समाजसेवी मुस्तफा अंसारी, विष्णु महतो, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, कारीनाथ महतो, आबास अंसारी, मुखिया कविता देवी, पं स स मदरा मुंडा, शीला देवी, जलनाथ चौधरी, रामनाथ महतो, एहसान अंसारी जगरनाथ महतो, इब्राहिम अंसारी गभेश्वर महतो, हरिलाल महतो, ग्राम प्रधान रामनाथ करमाली, देवराज पाहन , राजेन्द्र महतो, उप मुखिया दुर्गा महतो, कृष्णा करमाली, सुनील महतो, बिहारी साहू, अमरुल अंसारी सकिल अंसारी अजीज अंसारी मंटू महतो, सिल्ली डीएसपी, थाना प्रभारी चमरा मिंज, रविशंकर एवम सैकड़ों बुद्धिजीवी लोग उपस्थित हुए।

## भाजपा युवा मोर्चा द्वारा तमाड़ और सिल्ली विधानसभा स्तरीय तिरंगा यात्रा निकाली गई



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर हर घर तिरंगा अभियान के निमित्त भाजपा युवा मोर्चा ,रांची ग्रामीण जिला द्वारा जिला अध्यक्ष विवेक आनंद जायसवाल के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा मोटरसाइकिल रैली के रूप में बुंडू राधारानी मंदिर ,बुंडू नगर से राहे गोमदा चौक, राहे तक निकाली गई,यह तिरंगा यात्रा तमाड़ विधानसभा और सिल्ली विधानसभा के संयुक्त तत्वाधान में निकाली गई। सैकड़ों की संख्या में लगभग 100 मोटरसाइकिल से भाजपा कार्यकर्ता अपने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् का नारा लगाते हुए इस यात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय कुमार महतो,लक्ष्मण सिंह मुंडा,भाजपा प्रदेश के नेता रंजित लाहिरी,जिला मीडिया प्रभारी भास्कर मुखर्जी,मंडल अध्यक्ष आलोक दास,धीरेन महतो,दिलेश्वर कोईरी,चितरंजन महतो, सृष्टिधार प्रजापति,मनोज महतो,कैलाश हलवाई,युवा मोर्चा अध्यक्ष अपुल राज,विवेक गुप्ता,जीतू महतो,मनोज महतो,पवन जायसवाल, परिक्षित महतो,बिपुल बासव,सोमनाथ पाल,गौरव बीद,अर्घ्य बीद,गुरुदेव,अरुण पाल समेत तमाड़ और सिल्ली विधानसभा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# रामचरित्र मानस पाठ व रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** रेलवे कॉलोनी काली मंदिर एवम साई मंदिर समिति टाटीसिलवे के द्वारा मंदिर के पुजारी बिपिन बिहारी पांडे के सानिध्य में 08 अगस्त एवम 09 अगस्त को मंदिर प्रांगण में रामचरित्र मानस पाठ एवम रुद्रा अभिषेक का भव्य आयोजन किया गया है। इसमें पूरे विधि विधान के साथ आचार्य विपिन बिहारी पांडे,मुकेश पांडे शास्त्री,अरविंद पांडे देवघर,अनुज पांडे रांची,अनुज पांडे रांची,उमाकांत पांडे जमुई के द्वारा पूजन, पाठ, हवन,भजन, महाप्रसाद का वितरण किया गया।इस कार्यक्रम में यजमान के रूप में सुरेंद्र ठाकुर, राकेश रंजन,रजनीश पांडे,कृपा शंकर चौरसिया,बबलू महतो,गोपाल कुमार, विक्की सिंह सह पत्नी बैठे थे।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारी अशोक यादव,प्रकाश कुमार,राहुल कुमार महतो,विनीत कुमार सिंह ,छोटी कुमारी एवम सदस्यगण का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# वंचित लोगों को कुचलने का भाजपा का सपना टूट गया : गुलाम अहमद मीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची :** कांग्रेस के महासचिव एवं झारखण्ड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने अबकी बार 400 पार का नारा दिया था लेकिन जिस प्रकार से देश ने भाजपा को 240 सीट पर समेट दिया है उसके बाद यह स्पष्ट है कि बैसाखियों पर चलती केन्द्र सरकार अगले 5 साल तक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और पसमांदा को उसके हक और अधिकारों से वंचित नहीं कर सकती. श्री मीर ने कहा कि यदि किसी भी गलती से भाजपा को अपने सपने के अनुसार लोकसभा चुनाव में अपेक्षित सीट मिल जाती तो आरक्षण समाप्त हो जाता. आज राजधानी के बनहोरा जतरा मैदान में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए श्री मीर ने कहा कि झारखण्ड सरकार ने गरीबों के लिये बहुत अच्छे काम किये हैं और बड़ी संख्या में लोग सरकार की कल्याणकारी एवं गरीबों-वंचितों के लिये लाभकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं. उन्होंने विशेष रूप से अबतक मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना में प्राप्त 37 लाख से अधिक आवेदनों की चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने सरकार को यह सुझाव दिया है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर अगले 20 अगस्त से सांकेतिक रूप से ही सही लेकिन मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना की शुरुआत की जाये और महिलाओं के खाते में रकम जाने की शुरुआत हो. श्री मीर ने कहा कि झारखंड को सीमेंट ने कहा कि झारखण्ड को मध्य प्रदेश और असम जैसे प्रदेशों से आये हुए लोगों की जरूरत नहीं है और वे खुद अपनी समस्याओं का समाधान करने में सक्षम हैं. कांग्रेस प्रभारी ने कहा कि कांग्रेस विशाल और खुले विचारों वाली पार्टी है और सभी लोग अपने विचार और राय रखने को स्वतंत्र हैं. उन्होंने सभी से आह्वान किया कि झारखण्ड विधानसभा चुनाव के लिये तैयार हो रहे कांग्रेस के घोषणापत्र के लिये अपनी वैसे विचार दें जो झारखण्ड और यहाँ की जनता के हित में हो. श्री मीर ने कहा कि भाजपा और उसके नेता, भारतीय धर्म, संस्कृति और समाज की बजाय सत्ता की परवाह करते हैं. इसी कारण उसे 2014 और 2019 के चुनाव में तो सफलता मिल गयी लेकिन 2024 के चुनाव में मतदाताओं ने उसे ऐसा समेटा कि अब केन्द्र सरकार अगले 5 साल तक बैसाखी पर चलने को मजबूर है.

## न्यू रनिंग स्टार क्लब बंधनी के तत्वाधान में पांच दिवसीय फुटबॉल मैच का किया गया उद्घाटन



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 15 अगस्त के अवसर पर न्यू रनिंग स्टार क्लब विंधानी के तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच रौशन क्लब रानिखटंगा बनाम कच्छप ब्रदर्स केशारो के बीच खेला गया । 30-30 मिनट के खेले गए इस मैच में दोनो ही टीम खेल का शानदार प्रदर्शन किया। समय समाप्ति तक मैच बराबरी पर रहा । अंत मे ट्राईबेकर में केशारो के टीम ने रानिखटंगा टीम को पांच के मुकाबले दो गोल से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। इसके अलावा संगी एफसी बरसा बनाम अमर ज्योति क्लब बाजपुर और जय जोहार एफसी बनाम मिंज कलेक्शन इटकी के बीच खेला गया। मैच का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि आदिवासी नेता सह जदयू के मांडर विधान सभा प्रभारी बिगा मिंज ने खेलड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फ़ुटबॉल पर किक मार कर किया। अपने संबोधन में बिगा मिंज ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभा की जरूरत है इसे निखारने की, यदि सरकार की ओर से संसाधन उपलब्ध कराया जाता तो झारखंड के खेलाड़ी भी अपने देश, राष्ट्र का नाम रौशन करेंगे। उन्होंने खेलड़ियों से खेल को खेल की भावना से खेलने की जरूरत पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्राम कुजर, खद्दी उरांव, मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष चाडा कुजर, उपाध्यक्ष सुनील तिर्की , सचिव अरविंद लकड़ा, कल्याण लकड़ा, अमित, अतुल लकड़ा, सहित मैदान में दर्शकों की भीड़ खचाखच भरे थे।

# झारखण्ड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन ने अशोक नगर में की बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** झारखण्ड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन (जपस्वा) के द्वारा झारखण्ड सरकार के माननीय शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम जी से कृषि , पशुपालन और सहकारिता मंत्री दीपिका पांडेय सिंह जी से ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी जी से खिजरी विधायक राजेश कच्छप जी से मिलना, मुख्यमंत्री माननीय हेमन्त सोरेन जी तक दबाव डालने के लिए मंत्री गण से बात कराना और शिक्षा सचिव से कोई कारवाई न करने के लिए बोलना ये संगठन की बहुत बड़ी उपलब्धि रहा है। ये बात के जपस्वा के अध्यक्ष अरविन्द कुमार ने एसोसिएशन की बैठक में कहा। उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा जो भी निर्णय आता है उसके बाद जरूरत पड़े तो क्रम बद्ध तरीके से सरकार से लड़ाई लड़ने की जरूरत होगी तो वह भी करेंगे। एसोसिएशन के महासचिव मोजहिद्दुल इस्लाम ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2019 को निरस्त कराने के लिए सिर्फ एक संगठन के द्वारा और तुरंत सफल हो जाएंगे ऐसी बात नहीं है, इसके लिए एक लंबी लड़ाई पूरे राज्य के निजी विद्यालयों के संचालकों और संगठनों की आवश्यकता पड़ेगी, जिसकी अगुवाई आवश्यकता पड़ने पर हम लोग ही करेंगे। कोषाध्यक्ष आलोक बिपिन टोप्पो ने कहा कि जपस्वा के जुझारु और कर्मठ सदस्यों के द्वारा लगातार कुछ न कुछ कार्य करते आ रहे हैं जिससे अन्य दूसरे संगठनों के बीच एक चर्चा का विषय बना हुआ है। उपाध्यक्ष अमीन अंसारी ने कहा कि झारखंड में एकमात्र संगठन जपस्वा ही है जो गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिए संगठन से जुड़े सभी शिक्षकों को बड़े बड़े शिक्षाविदों से प्रशिक्षण दिलाने का कार्य कर रही है। सुभोजित अधिकारी के द्वारा सभी पदाधिकारियों के बीच कार्य का बंटवारा किया गया और कोष कार्यक्रम और सदस्य संख्या के वृद्धि पर भी गम्भीर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से यह भी निर्णय सितम्बर माह तक कम से कम 2 कार्यशाला का आयोजन करना है और बृहद स्तर पर शिक्षक दिवस समारोह भी मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में अरविंद कुमार, मोजहिद्दुल इस्लाम, आलोक बिपिन टोप्पो, सुभोजित अधिकारी, हेमन्त कुमार तिवारी, सतीश कुमार वर्मा, सुभाष कुमार, अब्दुल बारीक, मजीद आलम, अमीन अंसारी,मुकेश कुमार सिंह, रणधीर कुमार कौशिक, राकेश कुमार मिश्रा, विनीत कुमार भी अपना वक्तब्य और सुझाव दिए। धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की समाप्ति की गई।

## हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया बैठक



**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक रविवार को इटकी स्थित विवाह मंडप में मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड प्रभारी संजय तिवारी व विशिष्ट अतिथि रामनारायण भगत शामिल हुए। बैठक में प्रखंड प्रभारी संजीव तिवारी ने हर घर तिरंगा अभियान को लेकर विचार विमर्श किया व इटकी प्रखंड में इसे सफल बनाने को लेकर कार्यकर्ताओं को कई दिशानिर्देश जारी किए। विशिष्ट अतिथि रामनारायण भगत ने 11 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का संकल्प दिलाया व कार्यकर्ताओं से हर घर तिरंगा फहराने का आह्वान किया। बैठक में राजेश्वर महतो, राजकुमार महतो, संजय सहारा, राहुल सिंह, बुधु मुंडा, आतिश ठाकुर, अजय ठाकुर, सुशील प्रसाद, दुर्गा तिर्की, संतोष तिर्की, बंधन गोप, बासुदेव गोप, अनिल लकड़ा, महिंदर साहू, दिवाकर ठाकुर व रिझु लोहरा सहित अन्य मौजूद थे।

## बलसोकरा में स्वर्गीय मौलाना अब्दुल गनी की याद में उर्दू के छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया



**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो प्रखंड के बलसोकरा में रविवार को स्वर्गीय मौलाना अब्दुल गनी मज़ाहिरी के याद में अंजुमन फरोग ए उर्दू के द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 350 छात्र छात्राओं को मैट्रिक, इंटरमिडिएट और स्नातक परीक्षा में उर्दू विषय में चयन व उत्कृष्ट अंक प्राप्त किया वैसे छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप शामिल हुए अंजुमन फ़रोगे उर्दू के अध्यक्ष मोहम्मद इक़बाल ने कहा कि उर्दू कोई ऐसी वैसी भाषा नहीं है बल्कि हिंदुस्तान में जन्मी पली बढ़ी विकसित भाषा है। इसमें मिठास है, तहजीब है और आदाब है। आज भी हिंदुस्तान की अवाम उर्दू ही बोलते हैं और जो उर्दू नहीं बोलते हैं वह भी हिंदी के साथ उर्दू के असंख्य शब्द उर्दू का इस्तेमाल करते हैं। भारतीय फिल्मी दुनिया उर्दू से ही अलंकृत है। आज भी के कोई फिल्मी डायलॉग और गाने उर्दू के बगैर नहीं होते हैं। वहीं कार्यक्रम में मुफ़्ती इम्तयाजुर रहमान ने स्वर्गीय मौलाना अब्दुल गनी के जीवनी पर प्रकाश डाला और उन्होंने बगाया की मौलाना शिक्षा को लेकर कितना फिरकर मंद थे। वहीं डॉ जाहिद इक़बाल ने आजके एडवांस ज़िंदगी में उर्दू को कैसे आगे बढ़ाया जाए इसपर छात्रों को बताया।

# सावन महोत्सव सह महिला सम्मान समारोह मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**नामकुम :** नामकुम प्रखण्ड के टाटी पश्चिमी पंचायत अन्तर्गत एस जी आर एस सभागार टाटीसिलवे में नामकोम प्रखण्ड उप प्रमुख श्रीमती वीणा कुमारी एवं आजसू पार्टी जिला कोषाध्यक्ष संध्या वाण्डो की अगुवाई में सावन महोत्सव सह महिला सम्मान समारोह मनाई गई सावन महीने के उपलक्ष में सावन महोत्सव सह महिला सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में-टाटीसिलवे थाना महिला सहायक पदाधिकारी स्वेता सिंह ने अपने संबोधन में सावन महोत्सव के उपलब्ध पर सभी महिलाओं को अपने हक अधिकार 50त्न आरक्षण के संदर्भ जानकारी साझा की और सभी बहनों को बोली की किन्ही बहनों के साथ घरेलू या समाजिक प्रताड़ना व अप्रिय घटना घटती है तो मैं टाटीसिलवे थाना में कार्यरत हूँ आप लोगों को हर संभव सहयोग मिलेगा। साथ हीं सावन महोत्सव पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस बीच महिलाओं के सम्मान में आजसू पार्टी महिला जिला अध्यक्ष वीणा कुमारी एवं जिला कोषाध्यक्ष संध्या वाण्डो जी के द्वारा चूडियां प्रदान कर सभी आये लोगों को पुरस्कृत भी किया गया समारोह में क्षेत्र की सभी गणमान्य सम्मानीय महिलाएं भाग लिए।और बाबा भोलेनाथ जी का पूजा अर्चना कर झारखण्ड प्रदेश के खुशहाली की भी कामना की। और अपनी-अपनी विस्तार पूर्वक विचार एवं नृत्य गान भी प्रस्तुत किये मौके पर मुख्य रूप से पूर्व जिला परिषद सदस्य श्रीमती फुलकुमारी देवी,अनगड़ा पूर्व प्रमुख अनिता गाड़ी, पूर्व मुखिया टाटी पूर्वी श्रीमती किरण पहान, टाटी पश्चिमी मुखिया श्रीमती सुनीता देवी,टाटी पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य श्रीमती इन्दु देवी, श्रीमती जयन्ती देवी,किरण देवी,निर्मला देवी,वीणा देवी,सरस्वती देवी सावित्री देवी,श्रीमती कमला कुमारी, सरिता देवी,पिन्की देवी,मंजू देवी,लिना रानी आदि सैकड़ो महिलाएं उपस्थित थीं।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## योग शिक्षक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल सांसद से मिल सौंपा मांगपत्र



गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) : सरायकेला-खरसावां योग शिक्षक महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल जिला सचिव देबु चंद्र डे के नेतृत्व में सिंहभूम की सांसद जोबा मांझी से मिलकर ज्ञापन सौंपा। उक्त ज्ञापन के माध्यम से सांसद को राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर पर सेवा दे रहे योग प्रशिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया गया जिसमे मानदेय में वृद्धि कराने, पूर्णकालिक करने तथा काम का सेवावधि छह घंटा करते हुए मानदेय की राशि कम से कम 22,500/- रुपए कराने की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल में वरीय उपाध्यक्ष भारती दास, कोषाध्यक्ष आनंद महतो, प्रवेश प्रांजन, बसंत महतो आदि शामिल थे।

## युवाओं के रोल मॉडल है खुदीराम बोस : महाबीर मुर्मू



जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): आज झारखंड मुक्ति मोर्चा मानगो नगर समिति के अध्यक्ष फतेहचंद टुडू के नेतृत्व में शहीद खुदीराम बोस के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता महाबीर मुर्मू शमिल हुए। इस अवसर महावीर मुर्मू ने कहा, आज हम युवाओं को वीर शहीद खुदीराम बोस से के जीवनी से प्रेरणा लेकर देश और समाज के विकास के प्रति समर्पित रहने की आवश्यकता है। तभी ही देश और समाज मजबूत होगा। मुख्य रूप प्रभात सिंह, बबलू, अख्तर सुरज गौड़, संजू कुंटिया, मनोज तांती, रानी सिंह, सुनीता पाठक, करन कालिंदी आदि उपस्थित थे।

## आनंद मार्ग ने पटमदा के रांगाटांड़ गांव में किया 150 साड़ी वितरण



पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल जमशेदपुर की ओर से आनंद मार्ग ने पटमदा के रांगाटांड़ गांव में लगभग 150 साड़ी वितरित किया। साड़ी वितरण के पश्चात गांव के लोगों को भक्ति भाव के विषय में बताते हुए सुनील आनंद ने कहा कि अभी खेती का समय है सावन का महीना है सुबह खेत में जाने के पहले 5 मिनट भी कम से कम हरि का कीर्तन करके अपने काम पर जाना चाहिए। कीर्तन एक उच्चतम और श्रेष्ठतम भावनात्मक अभ्यास है जो हमें अशांति, तनाव और चिंता से मुक्ति दिलाता है। इस बीच योगेश देव ,राकेश कुमार ,नारायण देव, सुनील आनंद और जय नारायण देव आदि उपस्थित थे।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर भाजपा सोनारी ने की बैठक



जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : हर घर तिरंगा कार्यक्रम हेतु सोनारी मंडल के भारत सेवाश्रम सभागार में जिला मंत्री एवं मंडल प्रभारी विजय तिवारी की उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक में मंडल संयोजक, सह संयोजक एवं शक्ति केंद्र संयोजक,सह संयोजक शामिल थे। प्रभारी विजय तिवारी ने सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार को पुनः जिला संगठन द्वारा दोबारा मंडल अध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई दिए। सोनारी मंडल प्रभारी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को हर घर तिरंगा कार्यक्रम बूथ स्तर तक सफल करने को कहा। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम,13,14,15 अगस्त को बूथ स्तर तक सभी घरों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठान पर तिरंगा फहराना कार्यक्रम, 14 अगस्त को जिला महिला मोर्चा द्वारा उपायूक्त कार्यालय में प्रदर्शन में शामिल होने को कहा गया। बैठक में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री सोनु ठाकुर, पूरण वर्मा, विरेंद्र प्रताप सिंह, अखिलेश सिंह, उज्वल सिंह, वरिष्ठ नेता प्रदीप सिंह,ओपी सिंह, रवि ठाकुर, तुकाराम साहू, ओमप्रकाश सिंह, सतेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## ईस्ट जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए चयनित कृष दुबे को किया गया सम्मानित



जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : जमशेदपुर शहर के सोनारी निवासी कृष दुबे ने विगत दिनो गिरिडीह और भुवनेश्वर में अंदर-19 बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपना परचम लहरा चुके हैं जिसे देखते हुए उनका चयन ईस्ट जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप में कर लिया गया। वे सितंबर में गया बिहार में ईस्ट जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपने खेल का प्रदर्शन करने के लिए पूर्ण रूप से तैयार हैं। शनिवार को सोनारी के युवा सितारा कृष दुबे को सोनारी थाना प्रभारी कुमार सरयू आनंद,सोनारी थाना शांति समिति के सचिव सह अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू,सोनारी थाना शांति समिति के सदस्य राहुल भट्टाचार्जी, अभिभावक स्वरूप अरुण जॉन पुरुषोत्तम पांडेय ने मिलकर फूलों का गुलदस्ता और मुंह मीठा करवा कर आने वाले हर बैडमिंटन प्रतियोगिता में सदा सर्वदा सफलता प्राप्त करे कृष दुबे को सभी ने अपना आशीर्वाद दिया।

## कांग्रेस के मेगा मेडिकल शिविर व पेंशन शिविर में सैकड़ो लोगों ने उठाया लाभ



जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : बिरसानगर मण्डल कांग्रेस के अंतर्गत बिरसानगर 1-बी, संत रविदास भवन, हरि मंदिर, दासपाडा में मेगा हेल्थ चेकप कैंप एवं सहायता शिविर का आयोजन जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। जिसमें सर्वजन पेंशन योजना के तहत 146 जरूरतमंद लोगों का फॉर्म भरा गया साथ ही सर्वजन पेंशन के अंतर्गत समाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन भरवाने वालों की तादाद काफी संख्या में रही। स्वास्थ्य शिविर में 315 लोगों का जाँच कर दवा दी गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने चिकित्सकों के दल का स्वागत एवं सम्मानित किया। मेडिकल कैंप एवं सेवा शिविर को सफल बनाने में सर्वश्री मण्डल अध्यक्ष गुरूपदो गोराई, रियाजुद्दीन खान, उदय कुमार सिंह, बी एन सिंह, रानी राव, रंजीत झा, सन्नी सिंह, हरिहर प्रसाद, कुमार गौरव, सुशील घोष, प्रशेनजीत सेन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता सेवा तथा सहायता के कार्य में लगे हुए थें।

## सोनारी में मंत्री बन्ना गुप्ता ने यादव समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण का किया भूमिपूजन



जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : यादव समाज के लोगों की सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु एक सामुदायिक भवन की बहुत पुरानी मांग थी,जिसे देखते हुए स्वास्थ्य एवं खाद आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने रविवार को यादव समाज के लिए सोनारी में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु शिलापट्ट का अनावरण कर भूमि पूजन किया. इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है. यादव समाज के विकास,सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए कोई सामुदायिक भवन नहीं था.चुनाव के दौरान यादव समाज के लोगों से किया हुआ वादा आज पूरा कर रही हूं.

# मंत्री चंपाई सोरेन ने दी राजनगर को बड़ी सौगात, बिछाया सड़को का जाल

**● ग्रामीणों को जल्द मिलेगा बिजली की समस्या से निजात**



प्रभात मंत्र संवाददाता

राजनगर : पूर्व मुख्यमंत्री सह वर्तमान जल संसाधन व उच्च तकनीकी शिक्षा मंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत 912ज़ 333 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सात पथ का शिलान्यास पाचरी कुटुंग में नारियल फोड़कर व शिलापट्ट का अनावरण कर किया। पथ का शिलान्यास करने के पश्चात बताया कि पथ काफी जर्जर हो चुकी है,लोगों का मांग भी किया गया था. अब सड़क बनने के पश्चात आवागमन में किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी. शिलान्यास करने के पश्चात गोलोकुटुंग गांव के ग्रामीणों ने मंत्री चम्पाई सोरेन के समक्ष पाचरी कुटुंग से वनखैरबानी ( एकलव्य विधालय ) तक सड़क व गांव में लो-वोल्टेज के कारण बिजली सही आपुर्ति नहीं हो पा रहा है। बिजली ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की. मंत्री चम्पाई सोरेन ने ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान से सुनने के पश्चात जल्द सड़क का सुदृढ़ीकरण एवं ट्रांसफार्मर बदलने का आश्वासन दिया ।इस अवसर पर मनोज पटनायक,करमु पान, ग्राम प्रधान सोमनाथ गोप,अंतर्यामी महाकुड़ ,रुपेश कुमार,देवाशीष महाकुड़, सुकुमार गोप,विशेय प्रधान, ग्राम प्रधान मधुसूदन प्रधान,विद्या गोप,अजित महाकुड़ ,आदि उपस्थित थे.

**मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत इन योजनाओं का हुआ शिलान्यास**

1) पचारीकुटुंग से एदल तक पथ का सुदृढ़ीकरण 2) 500 किलोमीटर, बंधुआ से छोटा बाना तक भाया धोलाडीह 5• 600 किलोमीटर,
3) झलक से सोनापोस तक भाया श्यामसुंदरपुर 5• 500 किलोमीटर,
4) कीता से गुलिया तक 1ज़920 किलोमीटर,
5) कीता से सीनी तक भाया गुलिया चौक 3•00 किलोमीटर ,
6) एदल से सोनारडीह 1.800 किलोमीटर ,
7) सीदाडीह से बेड़ाकुदर 4.275 किलोमीटर पथ का सुदृढ़ीकरण होगा।

## मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना में लाभुको की मदद कर रहें कांग्रेस नेता अंसार खान



प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान के आवासीय कार्यालय क्रॉस रोड नंबर 14 जवाहर नगर में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना हेतु आवेदन पत्र लेने के लिए पहुंचे। लोगों ने अंसार खान को बताया फॉर्म नहीं मिल पा रहा है जिसकी वजह से काफी परेशानी हो रही है। अंसार खान ने सभी को फॉर्म फार्म दिया। अंसार खान ने सभी लोगों को बताया मंत्री बन्ना गुप्ता एवं कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे का यही निर्देश है सभी लोगों का फॉर्म भरकर अपने-अपने क्षेत्र में आंगनवाड़ी और जहां-जहां कैंप लगाया गया है वहां से फार्म उपलब्ध करके वहीं पर जमा करें। अंसार खान ने बताया फार्म के साथ चार पेपर देना अनिवार्य है। पासपोर्ट साइज फोटो, राशन कार्ड का कॉपी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक को कॉपी फार्म के साथ जमा करें। और यह फॉर्म फोटो कॉपी भी जमा कर सकते हैं और यह फॉर्म फ्री में मिल रहा है अगर कोई भी पैसे की मांग करता है उसको पैसा ना दें तुरंत इसकी जानकारी दें।

## लोजपा महानगर के अध्यक्ष रवि चौरसिया और सचिव बने महेंद्र कुमार श्रीवास्तव



प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : बाराद्वारी में लोक जनशक्ति पार्टी का मिलन सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झारखंड लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान की स्वीकृति के बाद महानगर अध्यक्ष रवि चौरसिया ने अपनी टीम की घोषणा की। मौके पर लोक जनशक्ति पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान के साथ साथ प्रदेश प्रेस प्रवक्ता उमेश तिवारी, महासचिव बंटी, कोल्हान प्रभारी प्रीतम कौर, पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष बृजमोहन सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। लोक जनशक्ति पार्टी महानगर समिति के पदाधिकारी इस प्रकार है। रवि चौरसिया अध्यक्ष, शाहिद रिजवान, परविंदर पासवान, विजय तिवारी, अमित तिवारी उपाध्यक्ष, महेंद्र कुमार श्रीवास्तव सचिव, मनोज शर्मा सह सचिव, अशोक कर्मकार कोषाध्यक्ष, अनिरुद्ध सिंह सह कोषाध्यक्ष, सोमनाथ गोस्वामी प्रेस प्रवक्ता मनोनीत किए गए। कार्यकारिणी सदस्यः रतन सरकार, दिलीप ठाकुर, पिंटू गिरी, सुखदेव सिंह जॉली, जीतन भगत, मनोज पासवान, सतपाल सिंह, धनु कुमार। लोजपा महिला महानगर समितिः आशा देवी अध्यक्ष,, रंजना कुमारी, गुड़िया, मधुमिता, उपाध्यक्ष, शोभा देवी, ज्योति, ज्योति, रूपा सिंह, सरिता रूप सिंह सविता कार्यकारिणी सदस्य। सदस्यों में प्रितपाल सिंह, पंकज सिंह, कौशल कुमार पासवान संजय ठाकुर, सपन हलधर विजय सिंह, उत्पल, लालू, राजेश सिंह संतोष सिंह तापस मंडल, संजय कुमार, प्रीति प्रमाणिक, करुणा राव, रवि लोहार, छोटू भगत, विक्की वर्मा, मुकेश वर्मा, सुनील पासवान, मंतोष पासवान, राकेश जायसवाल कल्लू, विजय गुप्ता आदि।

## झारखंड में मुसलमानो, दलितों को जनसंख्या अनुपात में टिकट देगी आजाद समाज पार्टी : काशिफ़ रज़ा



प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : धतकीडीह में आज़ाद समाज पार्टी के द्वारा आयोजित देश की सियासत में मुसलमानो में घटती हिस्सेदारी का हल विषय पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा ने बताया कि झारखंड़ में पिछ्ले 24 सालों से कांग्रेस और झामुमो के लोग भाजपा का डर दिखा कर मुसलमानो से वोट लेते हुए आए हैं, और यही काम भाजपा करती है। आज राजनीति हिन्दू मुस्लिम, मंदिर मस्जिद, क़ब्रिस्तान गौशाला के नाम पर होती है और देश और प्रदेश की ग़रीब जनता की ग़रीबी, भुखमरी, बेरोजगारी, स्वास्थ, शिक्षा, नारी सुरक्षा और सम्मान, विकास की राजनीती पर अब कोई बात ही नहीं होती है। आज़ाद समाज पार्टी झारखंड में जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व देने की बात करती है, जिसकी जितनी जनसंख्या भारी, उतनी उसकी हिस्सेदारी के आधार पर झारखड़ में सीटों वितरण हो और हमारी पार्टी इस बार जनसंख्या के अनुपात में हर समाज को हिस्सेदारी देगी और स्वस्छ छवि के शिक्षित, ईमानदार, कर्मठ, ज़मीन से जुड़े हुए, जनता के बीच के नेता को चुन कर झारखड़ के विधानसभा में भेजने का काम करेगी। कार्यक्रम में मुहम्मद अख्तर, मिराज खान, खालिद परवेज, मौलाना आफाक, शकील खान, आफताब पठान, अली वाहिद, मज़हर खान, शमीम अकरम, इम्तियाजुद्दीन, नियाज़ अहमद और कई लोग मौजूद थे।

## धुसरा सबर टोला में एक महीने से है चापाकल खराब, कुंआ का गंदा पानी पी रहे हैं 30 सबर परिवार



प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : पटमदा प्रखंड की खेडुआ पंचायत अंतर्गत धुसरा टोला ढोलकोचा सबर बस्ती में लगे चापाकल पिछले एक महीने से खराब पड़े है। जिससे बस्ती के 30 सबर परिवार कुंआ का गंदा पानी से भोजन बनाने व प्यास बुझाने का काम कर रहे हैं। इस संबंध में बस्ती के सुकचांद सबर,मंगल सबर व शुकदेव सबर ने बताया कि वर्षो पूर्व बस्ती में एक चापाकल लगाया गया है। जो बार बार खराब होते रहता है। उन्होंने बताया कि चापाकल खराब होने की जानकारी मुखिया गंगाधर सिंह दिए जाने के बाद भी आज तक सिर्फ आश्वासन ही मिलते आया है। महिला कविता सबर व अष्टमी सबर ने बताया कि धुसरा गांव दूर में होने के कारण बस्ती के बगल बहाल (खेत) में बने एक कुंआ से फिलहाल पानी लाकर खाना बनाते हैं और वही गंदा पानी से प्यास भी बुझाते हैं। महिलाओं ने बताया कि बरसात के मौसम में गंदा पानी से बीमारी (डायरिया) का डर बना रहता है। इस संबंध में पूछने पर पटमदा बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज ने बताया कि चापाकल खराब होने की जानकारी किसी ने नही दिया है। उन्होंने बताया कि खराब चापाकल की मरम्मत के लिए विभाग के मिस्त्री को निर्देश दे देंगे। बहुत जल्द समस्या दूर हो जाएगी।

## झामुमो जिलाध्यक्ष ने बोड़ाम प्रखंड समिति भंग करते हुए नई संयोजक मंडली का किया गठन



प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : झामुमो पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष सह घाटशिला विधायक रामदास सोरेन रविवार को जिला कार्यालय में पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए बोड़ाम प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष रहे श्यामापद महतो की असामयिक निधन के बाद बोड़ाम के पूर्व प्रखंड समिति को भंग करते हुए नई संयोजक मंडली का गठन किया है। नई संयोजक मंडली में गोपाल महतो को मुख्य संयोजक, दीपंकर महतो को मुख्य सह संयोजक तथा मलिंद्र सिंह, मनसाराम हांसदा, छुटुलाल हांसदा, शिवशंकर महतो, ईशान चंद्र मुर्मू , घासीराम सोरेन व श्याम सुंदर सिंह को संयोजक बनाया है। जिला अध्यक्ष ने नई संयोजक मंडली को निर्देश दिया है कि जिला स्तर के पदाधिकारियों के उपस्थिति में पंचायत समितियों के पुनर्गठन करते हुए 15 दिनों के अंदर प्रखंड सम्मेलन की तिथि निर्धारित कर सम्मेलन का आयोजन करेंगे। सम्मेलन में जिला के पदाधिकारियों व केंद्रीय सदस्यों को भी आंमत्रित करने का निर्देश दिया है। बैठक में दलित मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजय रजक, शेख बदरुद्दीन, प्रीतम हेम्ब्रम, कालीपद गोराई, वीर सिंह सोरेन, अरुण सिंह राजा आदि मौजूद थे।

## रॉबिन हुड आर्मी ने 10वीं वर्षगांठ पर महत्वाकांक्षी सेवा अभियान का किया शुभारंभ




प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : स्वयंसेवी संगठन रॉबिन हुड आर्मी (आरएचए) अपनी 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर जरूरतमंद लोगों को 10 मिलियन भोजन परोसने की साहसिक पहल के साथ जश्न मना रहा है। इस अभियान का उद्देश्य दुनिया भर के 406 शहरों में 141.2 मिलियन भोजन वितरित करने के संगठन के प्रभावशाली ट्रैक रिकॉर्ड को और आगे बढ़ाना है। इस उत्सव के तहत दो प्रमुख पहल शामिल हैं, जिसमें 10 मिलियन भोजन वितरित करने का अभियान और सिटीजन कप, जो सड़क पर रहने वाले बच्चों के लिए खेल टूर्नामेंट की एक श्रृंखला है। इस संबंध में अंकुश अग्रवाल, भवानी शंकर, अभिषेक, जैक्शन, ज्योति भालोटिया, ट्विंकल चौहान, गौरव खंडेलवाल, हरविंदर, अरुण, अंकुर, अमरनाथ एवं प्रदीप आदि ने मीडिया से बात-चीत करतु हुए कहा कि 10 मिलियन मील्स ड्राइव के तहत 251,000 आरएचए स्वयंसेवक ग्रामीण और शहरी भारत में आर्थिक रूप से वंचित समुदायों को पौष्टिक भोजन और राशन वितरित करेंगे। इस प्रयास के तहत सिटीजन कप में 10,000 सड़क पर रहने वाले बच्चों के लिए क्रिकेट और फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किए जाएंगे, जिसका उद्देश्य खेलों के माध्यम से खुशी, गर्व और सम्मान का प्रसार करना है। उन्होंने बताया कि जमशेदपुर में, स्थानीय आरएचए चौप्टर इन पहलों को सफल बनाने के लिए एक्सएलआरआई और जुस्को स्कूल जैसे प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के साथ-साथ सीटीसी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और टाटा स्टील जैसे प्रमुख निगमों के साथ सहयोग कर रहा है। आरएचए जमशेदपुर के प्रवक्ता अंकुश अग्रवाल ने इस मील के पत्थर के महत्व पर जोर देते हुए कहा, यह उत्सव केवल हमारी उपलब्धियों का नहीं है, बल्कि हमारे साथी नागरिकों की सेवा करने की हमारी निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## कांवड यात्रा में भूत प्रेत की झांकी रही आकर्षण का केंद्र, लगे बोलबम के जयकारें



प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर । सावन माह में रविवार की सुबह साकची बाजार श्री शिव मंदिर कमिटी द्वारा निकाली गयी विशाल कांवड यात्रा में 1000 से अधिक कावड़ियों ने संकल्प के साथ भाग लिया। इस धार्मिक कार्यक्रम में स्वर्णरेखा नदी मानगो से जल उठाकर ढाई किलोमीटर की यात्रा तय कर श्री श्री साकची शिव मंदिर पहुँचकर सभी भक्तों ने कतारबद्ध होकर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस कांवड यात्रा में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पत्नी सुधा गुप्ता संग अतिथि के रूप में शामिल हुए। स्वर्णरिखा नदी पर सुधा-बन्ना गुप्ता ने संकल्प पूजा की और पंडित मोहन लाल शर्मा के नेतृत्व में पांच पंडितों ने विधिवत पूजा अर्चना करायी। संकल्प पूजा में मंदिर कमिटी के लोग भी शामिल थे। कांवड़ यात्रा में शिव परिवार सहित भूत प्रेत की झांकी कावड़ आकर्षण का केंद्र बनी रही। इस धार्मिक कांवड यात्रा को सफल बनाने में प्रमुख रूप से उमेश शाह, ओमप्रकाश रिंगसिया, महावीर मोदी, गिरधारी खेमका, सुभाष शाह, बबलू अग्रवाल मिनी, बजरंग लाल अग्रवाल, सांवरमल अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, विवेक चौधरी, सुशील अग्रवाल, भोला चौधरी, अंकित अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, कमल लडडा, सुनील सोंथालिया, प्रमोद चेतानी, पवन खेमका, शंकर अग्रवाल, सुनील केडिया, सीताराम देबूका, विनोद शाह, मोहित शाह आदि का योगदान रहा।

## क्षत्रिय महिला संघ आदित्यपुर इकाई का सावन महोत्सव संपन्न, कई कार्यक्रम आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : झारखंड क्षत्रिय महिला संघ आदित्यपुर इकाई की ओर से गम्हरिया में सुजाता सिंह की अध्यक्षता में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में काफी संख्या में समाज की महिलाएं शामिल हुई और सावन के गीतों पर जमकर मौज मस्ती की। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में संघ की केंद्रीय अध्यक्ष कविता परमार, विशिष्ट अतिथि देविका सिंह और आशा सिंह मौजूद थीं। इस मौके पर महिलाओं के बीच रैंप वॉक, रूप सज्जा, सोलह श्रृंगार आदि पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस दौरान मीरा सिंह को सावन क्वीन के रूप में चयन किया गया जबकि बेस्ट डांसर मीरा सिंह और संजीता सिंह रही। इसी प्रकार सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता में निशा सिंह पहले स्थान पर रही जबकि अंजू सिंह दूसरे और कोमल सिंह तीसरे स्थान पर रही। अगला और फाइनल राउंड झारखंड केंद्रीय महिला क्षत्रिय संघ द्वारा आयोजित सावन महोत्सव में समापन होगा।आदित्यपुर इकाई की अध्यक्ष सुजाता सिंह ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से महिलाओं में एक नई ऊर्जा और कुछ अलग हटकर करने की सोच विकसित होती है। इस अवसर पर संघ की महासचिव संध्या सिंह, डॉ मधु सिंह, उर्मिला सिंह, डॉ रीना सिंह, आरती सिंह, प्रतिभा सिंह, संगीता सिंह, विद्या सिंह, सुषमा सिंह समेत काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## घाटशिला आवासीय विद्यालय के प्रिंसिपल एवं वार्डन को शो कॉज



प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : क्षेत्र भ्रमण के क्रम में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा घाटशिला प्रखंड के ऊपर पावड़ा स्थित राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया । मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होने भवनों की स्थिति, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होने क्लास रूम, प्ले ग्राउंड, किचेन, छात्रावास, स्टोर रूम, कंप्यूटर लैब, शौचालय आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई क्लास रूम में पंखा और बल्ब नहीं पाये जाने, शौचालय व किचेन में गंदगी, प्लेग्राउंड के उचित रखरखाव का अभाव तथा अन्य व्यवस्थाओं में कमियों पर विद्यालय के प्रिंसिपल एवं वार्डन को कार्यशैली में सुधार लाने तथा सात दिनों के अंदर आवश्यक कदम नहीं उठाये जाने पर कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए । साथ ही दोनों को शो कॉज किया गया। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा हेरिटेड विलेज, चेंगजोड़ा का भी जायजा लिया गया। निर्माण कार्य पर उन्होने संतुष्टि जाहिर की तथा पर्यटन को बढ़ावा देने एवं पर्यटकों की सुविधा के दृष्टिकोण से हेरिटेज विलेज का उचित रखरखाव, बेहतर संचालन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी राजेन्द्र गुप्ता, एसडीओ घाटशिला सच्चिदांनद महतो, बीडीओ, सीओ, एसडीपीओ व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

संपादकीय

## सामाजिक न्याय को मिलेगा बढ़ावा

**सर्वोच्च** न्यायालय ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण की व्यवस्था से जुड़े एक मामले में महत्वपूर्ण निर्णय दिया है कि राज्य सरकारें इन श्रेणियों में उपश्रेणियां बना सकती हैं ताकि इनमें ज्यादा पिछड़ी जातियों के लिए सब-कोटा निर्धारित किया जा सके। सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय को लेकर देशभर में मुद्दा बन गया है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की हितैषी होने का दंभ भरने वाले लोग, संगठन और राजनीतिक दल सामाजिक न्याय को बढ़ावा देनेवाले इस निर्णय की गलत ढंग से व्याख्या कर रहे हैं। उनका कुतर्क है कि यह आरक्षण को खत्म करने की प्रक्रिया के तहत लिया गया निर्णय है। वे यह भूल रहे हैं कि यह निर्णय देश की सर्वोच्च न्यायालय ने लिया है, सरकार ने नहीं। दूसरी बात, उन्हें यह बात तो माननी पड़ेगी कि आरक्षण की व्यवस्था के इतने वर्षों बाद भी इन वर्गों में सबको आरक्षण का लाभ नहीं मिल सका है। यह कहने में कोई संकोच नहीं कि जिस सामाजिक न्याय के लिए आरक्षण व्यवस्था को लाया गया, वर्तमान व्यवस्था उसकी पूर्ति में बाधक बनी हुई दिखायी दे रही है। उपरोक्त वर्गों के भीतर अंतिम पंक्ति में खड़े बंधुओं तक आरक्षण का लाभ नहीं पहुँच पा रहा है क्योंकि जो लोग आरक्षण का लाभ पाकर मुख्यधारा में आ गए हैं, वे ही बार-बार आरक्षण का लाभ पा रहे हैं। एक और बात याद रखना भी आवश्यक है और इस वर्ग के बंधुओं को भी बताने की आवश्यकता है कि सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय से उनके आरक्षण और उसके हिस्से पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। निर्णय के बाद और नयी व्यवस्था के बाद भी, विभिन्न वर्गों को सरकार द्वारा निर्धारित कोटे के अनुसार ही लाभ मिलेगा। सर्वोच्च न्यायालय की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने जहां छह-एक के बहुमत से एससी-एसटी आरक्षण में कोटे के भीतर कोटे को संविधानसम्मत बताया है। वहीं चार न्यायाधीशों ने इन वर्गों के आरक्षण में उसी तरह क्रीमी लेयर की व्यवस्था लागू करने की भी आवश्यकता जताई, जैसी ओबीसी आरक्षण में है। याद हो कि क्रीमी लेयर लागू होने से अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे अनेक समाजों को आगे आने का लाभ मिल गया है, जो बहुत पीछे खड़े थे। यह निर्णय इसलिए भी ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने इस फैसले से 2004 के पांच सदस्यीय संविधान पीठ के फैसले को पलट दिया, जिसमें कहा गया था कि एससी-एसटी समुदाय एक जैसा है और उनकी विभिन्न जातियों में कोई भेद नहीं किया जा सकता। यह वस्तुस्थिति नहीं थी, इस विसंगति को सुधार कर सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायसंगत उपक्रम किया है। अब राज्यों एवं केन्द्र सरकार को बहुत सावधानी से कदम उठाने होंगे। इस नवीन निर्णय के बाद अनेक राज्यों में जातिगत गणना की होड़ शुरु हो सकती है एवं राजनीति दलों में आरक्षण का मुद्दा नये आक्रामक रूप में उभर सकता है। लेकिन एक आदर्श समता, समानता एवं संतुलनमूलक समाज-व्यवस्था को निर्मित करने की दिशा में सर्वोच्च न्यायालय का यह निर्णय बहुत महत्वपूर्ण है। इस निर्णय को लेकर एक सकारात्मक वातावरण बनाए जाने की आवश्यकता है और यह जिम्मेदारी प्रबुद्ध वर्ग के साथ ही अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के नेतृत्व की भी है।


दुर्भाग्यपूर्ण है कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की हितैषी होने का दंभ भरने वाले लोग, संगठन और राजनीतिक दल सामाजिक न्याय को बढ़ावा देनेवाले इस निर्णय की गलत ढंग से व्याख्या कर रहे हैं। उनका कुतर्क है कि यह आरक्षण को खत्म करने की प्रक्रिया के तहत लिया गया निर्णय है। वे यह भूल रहे हैं कि यह निर्णय देश की सर्वोच्च न्यायालय ने लिया है, सरकार ने नहीं। दूसरी बात, उन्हें यह बात तो माननी पड़ेगी कि आरक्षण की व्यवस्था के इतने वर्षों बाद भी इन वर्गों में सबको आरक्षण का लाभ नहीं मिल सका है। यह कहने में कोई संकोच नहीं कि जिस सामाजिक न्याय के लिए आरक्षण व्यवस्था को लाया गया, वर्तमान व्यवस्था उसकी पूर्ति में बाधक बनी हुई दिखायी दे रही है। उपरोक्त वर्गों के भीतर अंतिम पंक्ति में खड़े बंधुओं तक आरक्षण का लाभ नहीं पहुँच पा रहा है क्योंकि जो लोग आरक्षण का लाभ पाकर मुख्यधारा में आ गए हैं, वे ही बार-बार आरक्षण का लाभ पा रहे हैं। एक और बात याद रखना भी आवश्यक है और इस वर्ग के बंधुओं को भी बताने की आवश्यकता है कि सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय से उनके आरक्षण और उसके हिस्से पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। निर्णय के बाद और नयी व्यवस्था के बाद भी, विभिन्न वर्गों को सरकार द्वारा निर्धारित कोटे के अनुसार ही लाभ मिलेगा। सर्वोच्च न्यायालय की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने जहां छह-एक के बहुमत से एससी-एसटी आरक्षण में कोटे के भीतर कोटे को संविधानसम्मत बताया है।


पश्चिमी साम्राज्यवादियों द्वारा किये गए बड़े, बर्बर नरसंहार का दिन है

## विश्व आदिवासी दिवसः एक बड़े जनजातीय नर संहार के स्मरण का शोक दिवस

प्रवीण गुगनानी

> अमेरिका, जर्मनी, स्पेन सहित समस्त उन पश्चिमी देशों में वहां के बाहरी आक्रमणकारियों द्वारा पश्चाताप, दु:ख व क्षमाप्रार्थना का दिन होना चाहिए। इस दिन यूरोपियन आक्रमणकारियों को उन देशों के मूल निवासियों से क्षमा मांगनी चाहिए जिन मूलनिवासियों को उन्होंने बर्बरतापूर्वक नरसंहार करके उन्हें उनके मूलनिवास से खदेड़ दिया था और नगर छोड़कर सुदूर जंगलों में बसने को विवश कर दिया था।

**विदेशी** शक्तियां भारतीय समाज को विखंडित करने हेतु मूलनिवासी दिवस का उपयोग कर रहीं हैं। पश्चिमी साम्राज्यवादियों द्वारा किये गए बड़े, बर्बर नरसंहार का दिन है। इस शोक दिवस को उसी पीड़ित व दमित जनजातीय समाज द्वारा उत्सव व गौरवदिवस रूप में मनवा लेने का षड्यंत्र है यह ! आश्चर्य यह है कि पश्चिम जगत, झूठे विमर्श गढ़ लेने में माहिर छदम बुद्धिजिवियों के भरोसे जनजातीय नरसंहार के इस दिन को जनजातीय समाज द्वारा ही गौरवदिवस के रूप में मनवाने कुचक्र में सफल हो रहा है। अमेरिका, जर्मनी, स्पेन सहित समस्त उन पश्चिमी देशों में वहां के बाहरी आक्रमणकारियों द्वारा पश्चाताप, दुःख व क्षमाप्रार्थना का दिन होना चाहिए। इस दिन यूरोपियन आक्रमणकारियों को उन देशों के मूल निवासियों से क्षमा मांगनी चाहिए जिन मूलनिवासियों को उन्होंने बर्बरतापूर्वक नरसंहार करके उन्हें उनके मूलनिवास से खदेड़ दिया था और नगर छोड़कर सुदूर जंगलों में बसने को विवश कर दिया था। पश्चिमी बौद्धिक जगत का प्रताप देखिये कि हुआ ठीक इसका उल्टा; उन्होंने इस दिन का स्वरुप, मंतव्य व आशय समूचा ही उलटा कर दिया और आश्चर्य यह कि हम भारतीय भी इस थोथे विमर्श में फंस गए। इस इंडीजेनस डे का हमसे तो कोई सरोकार ही नहीं है। यदि जनजातीय दिवस मनाना ही है तो हमारे पास भगवान बिरसा मुंडा से लेकर टंट्या मामा भील तक हजारों ऐसे जनजातीय योद्धाओं का समृद्ध इतिहास है जिन्होंने हमारे समूचे भारतीय समाज के लिए कई कई गौरवमई अभियान चलाये व भारतमाता को स्वतंत्र कराने हेतु अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया।

जनजातीय व वनवासी समाज की प्रतिष्ठा, उसके रक्षण व विकास की भारत में प्राचीन परंपरा रही है। प्रकृति पूजन हमें वेदों से प्राप्त हुआ जिसके प्रति नगरीय समाज की अपेक्षा जनजातीय समाज अधिक आग्रही रहा है। जनजातीय समाज रक्षण का पात्र नहीं अपितु शेष समाज का रक्षक भी रहा है यह तथ्य भी हमें प्राचीन भारतीय परम्पराओं व लेखन से मिलता है। मूल निवासी दिवस की चर्चा करें तो ध्यान आता है कि हमारी नर्मदा घाटी ही मानव प्रजाति की जन्मदाता रही है। नर्मदा किनारे जन्मी इस सभ्यता में नगरीय व वन कंदराओं में निवास करने वाले बंधू दोनों का ही अपना अपना महत्व व भूमिका थी। दोनों ही समाज अपने उत्पादनों व वृत्तियों के आधार पर परस्पर निर्भरता के सिद्धांत से जीवन यापन करते हुए वैदिक धर्म



को ही भिन्न रूपों में माना करते थे।

शिव उपासना वैदिक धर्म का एक अविभाज्य अंग रहा है जिसे वन कंदराओं में रहने वाले जनजातीय बंधुओं ने भी आगे बढ़ाया व नगरीय समाज ने भी। वेदों, शास्त्रों, शिलालेखों, जीवाश्मों, श्रुतियों, पृथ्वी के सरंचनात्मक विज्ञान, जेनेटिक अध्ययनों आदि के आधार पर जो तथ्य सामनें आते हैं उनके अनुसार पृथ्वी पर प्रथम जीव की उत्पत्ति गोंडवाना लैंड पर हुई थी जिसे तब पेंजिया कहा जाता था। पेंजिया गोंडवाना व लारेशिया को मिलाकर बना था। गोंडवाना लैंड के अमेरिका, अफ्रीका, अंटार्कटिका, आस्ट्रेलिया एवं भारतीय प्रायद्वीप में विखंडन के पश्चात यहां के निवासी अपने-अपने क्षेत्र में बंट गए थे। जीवन का विकास सर्वप्रथम भारतीय दक्षिण प्रायद्वीप में नर्मदा नदी के तट पर हुआ जो विश्व की प्राचीनतम नदी है। मध्यप्रदेश के भीम बैठका में पाए गए पच्चीस हजार वर्ष पुराने शैलचित्र, नर्मदा घाटी में की गई खुदाई, तथा मेहरगढ़ के अलावा कुछ अन्य नृवंशीय एवं पुरातत्वीय प्रमाणों से यह सिद्ध हो चुका है कि भारत भूमि, विश्व के प्राचीनतम आदिमानव की कर्मभूमि रही है। यही आदिमानव वैदिक या सनातन संस्कृति के जन्मदाता थे। डॉ. शशिकांत भट्ट की पुस्तक नर्मदा वैली : कल्चर एंड सिविलाइजेशन में, नर्मदा घाटी सभ्यता के विषय में में विस्तार से उल्लेख मिलता है। नर्मदा किनारे मानव खोपड़ी का पांच से छः लाख वर्ष पुराना जीवाश्म मिला है जो सनातन धर्म के सर्वाधिक प्राचीन धर्म होने के अकाट्य प्रमाण को वैश्विक पटल रखता है। पौराणिक ग्रंथों में जिस "रेवाखंडे" शब्द का प्रयोग मिलता है नर्मदा संस्कृति की प्राचीनता को प्रकट करता है। इन सब तथ्यों के प्रकाश में यह प्रश्न उपजता है कि अंततः यह मूलनिवासी दिवस मनाने का चलन उपजा क्यों व कहां से ? वस्तुतः यह मूलनिवासी दिवस पश्चिम के गोरों की देन है। कोलंबस दिवस के रूप में भी मनाये जाने वाले इस दिन को वस्तुतः अंग्रेजों के अपराध बोध को स्वीकार करनें के दिवस के रूप में मनाया जाता है। अमेरिका से वहां के मूल निवासियों को अतीव बर्बरता पूर्वक समाप्त कर देनें की कहानी के पश्चिमी पश्चाताप दिवस का नाम है मूल निवासी दिवस।

वस्तुतः इस मूलनिवासी फंडे पर आधारित यह नई विभाजनकारी रेखा एक नए षड्यंत्र के तहत भारत में लाई जा रही है जिससे भारत को सावधान रहनें की आवश्यकता है। आज भारत सामाजिक समरसता के नये आयाम गढ़ रहा है व अंग्रेजों व परिवर्तन कुछ भारत विरोधी तत्वों को रास नहीं आ रहा है। इस सकारात्मक परिवर्तन के वातावरण में जहर बोने का कार्य करते हैं कुछ भारत विरोधी व विभाजनकारी लोग। मूल निवासी दिवस के एजेंडे के पीछे बहुत से ऐसे विदेशी मानसिकता के लोग खड़े हो गयें हैं व भारत के भोले भाले जनजातीय समाज के मन में विभाजन के बीज बो रहें हैं। इस पूरे मामले की जड़ बाबा साहब अम्बेडकर के धर्म परिवर्तन के समय दो धर्मों; इस्लाम एवं इसाईयत में उपजी निराशा में व कम्युनिस्टों की सोच में है। ईसाइयत व इस्लाम धर्म नहीं अपनानें को लेकर बाबा साहब के विचार सुस्पष्ट रहें हैं, उन्होंने सस्वर कहा व लिखा कि उनकें अनुयायी इस्लाम व ईसाइयत से दूर रहें। किंतु आज मूलनिवासी वाद के नाम पर भारत का दलित व जनजातीय समाज एक बड़े इसाई व इस्लामी षड्यंत्र का शिकार हो रहा है।

एक बड़े और एकमुश्त धर्म परिवर्तन की आस में बैठे ईसाई धर्म प्रचारक तब बहुत ही निराश व हताश हो गए थे जब बाबासाहब अम्बेडकर ने किसी भारतीय भूमि पर जन्में व भारतीय दर्शन आधारित धर्म में जानें का निर्णय अपनें अनुयाइयों को दिया था। कम्युनिस्ट विचार व इसाई धर्म के इसी षड्यंत्र का अगला क्रम है मूलनिवासी वाद का जन्म ! भारतीय दलितों व आदिवासियों को पश्चिमी अवधारणा से जोड़नें व भारतीय समाज में विभाजन के नए केंद्रों की खोज इस मूलनिवासी वाद के नाम पर प्रारंभ कर दी गई है। इस पश्चिमी षड्यंत्र के कुप्रभाव में आकर कुछ दलित व जनजातीय नेताओं ने यह कहना प्रारंभ किया कि भारत के मूल निवासियों (दलितों) को बाहरी आर्यों ने अपना गुलाम बनाकर यहां हिन्दू वर्ण व्यवस्था को लागू किया।

दृष्टि कोण

## शिक्षा से वंचित बच्चों का भविष्य

**मेरे** चार बच्चे हैं। इन्हें स्कूल भेजना तो दूर, खाना खिलाने के लिए भी पैसे नहीं होते हैं। कभी मज़दूरी मिलती है और कभी नहीं मिलती है। ऐसे में मैं इनके खाने की व्यवस्था करूं, या इनकी शिक्षा के लिए चिंता करें? पहले स्कूल में एडमिशन कराने का भी प्रयास किया था। लेकिन जन्म प्रमाण पत्र के बिना स्कूल एडमिशन देने को तैयार नहीं हैं। मैं स्लम बस्ती में रहता हूं। पचास साल पहले मेरे पिता यहां स्थाई रूप से रहने लगे थे। लेकिन आज तक हम में से किसी का आधार कार्ड नहीं बना है। ऐसे में महिलाएं घर पर ही बच्चों को जन्म देती हैं। जिनका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन पाता है। इसके बिना स्कूल एडमिशन देने को तैयार नहीं हैं। आप बताओ मैं मज़दूरी कर बच्चों का पेट भरूं या इनके एडमिशन के लिए मज़दूरी छोड़कर भाग दौड़ करूं?" यह कहना 40 वर्षीय भोला राम जोगी का, जो राजस्थान की राजधानी जयपुर के रावण मंडी स्थित स्लम बस्ती में रहते हैं।

भले ही राज्य की राजधानी होने के कारण जयपुर शहर बहुत सारी सुविधाओं से लैस होगा। लेकिन इसी जयपुर में आबाद रावण की मंडी नाम से मशहूर स्लम बस्ती कई बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है। करीब 300 लोगों की आबादी वाले इस बस्ती में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय के अधिकतर परिवार निवास करते हैं। जिनमें जोगी, कालबेलिया और मिरासी समुदायों की संख्या अधिक है। यहां स्वास्थ्य और पीने के पानी की समस्या के साथ साथ बच्चों की शिक्षा भी सबसे प्रमुख मुद्दा है। अधिकतर बच्चे स्कूल जाने की जगह दिन भर खाली घूमते हैं। इसकी वजह से वह कई बार बुरी आदतों का भी शिकार हो जाते हैं। इस सिलसिले में बस्ती के 35 वर्षीय कल्ला राम जोगी कहते हैं कि "बच्चों का आधार कार्ड नहीं



बना होने के कारण उनका किसी स्कूल में एडमिशन नहीं होता है। इसलिए मेरे बच्चे स्कूल न जाकर मेरे द्वारा किये जा रहे कामों को सीखते हैं।" कल्ला राम बांस के बने सामानों को बनाने का काम करते हैं। जिसमें उनकी पत्नी हाथ बंटाती है। अब वह बच्चों के स्कूल नहीं जाने के कारण उन्हें अपना यह पुश्तैनी काम सिखा रहे हैं। वह बताते हैं कि कुछ वर्ष पूर्व तक विक्रम नाम का एक लड़का स्वैच्छिक रूप से बस्ती के बच्चों को शिक्षित करने आता था। बस्ती के सारे बच्चे उससे पढ़ने जाते थे। जिससे वह थोड़ा बहुत पढ़ना लिखना सीखने लगे थे। लेकिन फिर वह अचानक ही आना बंद कर दिया, जिसके बाद अब बच्चों को कोई भी पढ़ाने नहीं आता है।

इस बस्ती के लगभग 25 परिवार कालबेलिया और मिरासी जबकि 35 परिवार जोगी समुदाय के हैं। इनमें करीब 50 से 60 लड़के और लड़कियां ऐसी हैं जिनकी उम्र स्कूल जाने की है। लेकिन वह शिक्षा ग्रहण करने की जगह या तो दिन भर खाली घूमते हैं अथवा परिवार की पारंपरिक कलाओं को सीखते हैं। वहीं इस बस्ती में छोटे बच्चों के लिए भी आंगनबाड़ी की कोई व्यवस्था नहीं है। हालांकि इस बस्ती से करीब दो किमी दूर एक प्राइवेट स्कूल भी संचालित है। लेकिन आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह अपने बच्चों को वहां पढ़ाने में सक्षम नहीं हैं। बच्चे और किशोर स्कूल नहीं जाने की वजह से गलत संगत में आकर आपराधिक कामों में लिप्त होने लगे हैं। बस्ती के अंदर किराना स्टोर चलाने वाले अजय (बदला हुआ नाम) कहते हैं कि "किशोर स्कूल नहीं जाने के कारण गलत दिशा में भटकने लगे हैं। वह दिन भर ताश और जुआ खेलते हैं। कुछ किशोर नशे में भी लिप्त पाए जाने लगे हैं। इसके लिए वह बस्ती और आसपास के दुकानों में चोरियां भी करने लगे हैं। किसी के भी घर या बाहर रखे सामानों की चोरियां करने लगे हैं। जो इस समाज और क्षेत्र के लिए बहुत चिंता का विषय है।" वहीं एक अन्य निवासी गंगा राम बताते हैं कि "कई बार इस बस्ती में अलग अलग संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता आते हैं और विकास से जुड़े पहलुओं पर काम करते हैं। जिसका बस्ती वालों को थोड़े समय के लिए लाभ भी मिलता है। लेकिन कोई भी बच्चों और किशोर-किशोरियों की शिक्षा पर काम नहीं करता है।

कुछ अलग

## खोटे सबूत

**हिमाचल** में इस बार कालेज प्रवेश की अंतिम तारीख तक पहुंचते-पहुंचते, यह तो तसदीक हो गया कि शिक्षा के ये सबूत खोटे साबित हो रहे हैं। पहले भी कालेजों का एक जखीरा ऐसा है जो हर बार लुढक़ता है, लेकिन इस बार पिछले साल की शुमारी हासिल करना भी टेढ़ी खीर साबित हो रही है। ऐसे में क्या स्कूलों के बाद कालेज भी मर्ज होंगे या महाविद्यालयों का चरित्र बदला जाएगा। छात्र बीवॉक जैसे पाठ्यक्रमों की प्रासंगिकता में संदेह कर रहे हैं, उन्हें विज्ञान जैसे विषय मोहित नहीं कर रहे। धर्मशाला जैसे बड़े, ऐतिहासिक व प्रतिष्ठित कालेज में 367 सीटों का खाली रह जाना, कुछ विषयों की उपयोगिता पर गहरे प्रश्न उठाता है। इस तरह हिमाचल में शिक्षा, चिकित्सा व परिवहन के सरकारी दस्तूर को जनता नकराते हुए किनारे लगा रही है। जोगिंद्रनगर में फैला पीलिया बता रहा है कि हमारी स्वास्थ्य सेवाएं कितनी सक्षम हैं। मेडिकल कालेज टांडा को अब तक जोगिंद्रनगर के पीड़ितों को सुरक्षा कवच पहना देना चाहिए था तथा जलशक्ति विभाग को पानी का पूर्ण शुद्धिकरण कर देना चाहिए था, लेकिन हम हर घटना को या तो हल्के से या किसी हलके तक लेते हैं। इन दोनों विभागों के मंत्री अगर जोगिंद्रनगर पहुंच गए होते तो काम की तासीर और सरकारी दम खम में ऊर्जा आ जाती। हम बरसात में जहां खड़े होते हैं, वहां न विभाग और न ही मंत्री महोदय होते हैं। कुछ दिन पहले धर्मशाला के बस स्टैंड को मुर्दा हालत के बावजूद सियासी तखल्लुख मिलता है, लेकिन अगले ही दिन इसी बस अड्डे से निकली कालका के लिए एक बस मटौर में दम तोड़ देती है। जाहिर है लंबी बस ने घंटों जाम लगा कर सैकड़ों लोगों का समय, वाहनों का ईंधन और कामकाज की बर्बादी कर दी, लेकिन यह एक घटना मान ली गई, क्यों जब यह बस मटौर में अड़ी थी, तो उसी समय न जाने कितनी बसें अपने-अपने रूट को रोककर कहीं अन्यत्र खड़ी थीं। आश्चर्य तब होता है जब रात्रि बस सेवाओं की परिपाटी में निजी बसें अपनी बादशाहत में सरकारी बसों को पछाड़ देती हैं। हम विकसित होती विफलता की एक परिभाषा सरकारी क्षेत्र में देख रहे हैं। देख रहे हैं कि प्रदेश के टूरिस्ट डेस्टिनेशन में सरकारी होटल घाटे के निगम का सबूत बन रहे हैं, लेकिन कमोबेश हर सरकार को नए होटल बनाने हैं। हम देख रहे हैं घाटे की सरकारी बसें, लेकिन हर सरकार को कुछ नए बस डिपो बनाने हैं। हमने जरूरत से अधिक मेडिकल कालेज खोल दिए, लेकिन पीजीआई चंडीगढ़ के गलियारों में हिमाचली मरीजों का दर्द नहीं घटा पाए। हम भवन निर्माण की सरकारें देख रहे हैं। इमारतों के भीतर कहीं उपयुक्त डाक्टर नहीं, कहीं अध्यापक नहीं और कहीं छात्र नहीं। हमें शिक्षा, चिकित्सा व परिवहन की प्रणाली में सुधार एवं गुणवत्ता की दृष्टि से जो चाहिए, उस पर बड़े विचार नहीं-आंशिक सुधार चाहिए। आज की स्थिति में हिमाचल के सौ के करीब छोटे बड़े शहरों में सरकार के अस्पतालों को 24म7 सिटी हास्पिटल का मजबूत दर्जा चाहिए। प्रदेश के प्रमुख बीस-पच्चीस कालेजों को शिक्षा का मानक बनाने का जज्बा चाहिए। ऐसी बस सेवाएं चाहिएं जो निजी वाहनों की तादाद कम कर दें। हमें क्या जरूरत कि लंबे रूटों के नाम पर इश्तिहार बनाएं। सर्वप्रथम इंटरसिटी कनेक्टिविटी के लिए यात्रा का समय घटाएं। पूर्व परिवहन मंत्री स्व. जीएस बाली ने प्रदेश की राजधानी व कुछ पर्यटकों को जोड़ते हुए एक्सप्रेस बस सेवाओं के तहत छोटे वाहन चलाए थे, लेकिन अब यह सफर बंद हो बया। क्या एचआरटीसी की बसें धर्मशाला से शिमला का सफर पांच घंटे में नहीं करवा सकतीं। क्या हमारे विश्वविद्यालय कम्प्यूटर साइंस, एमबीए तथा अन्य प्रोफेशनल कोर्सों के जरिए राष्ट्रीय पहचान नहीं बना सकते। क्या हमें प्रयास नहीं करना चाहिए कि कुछ स्वास्थ्य संस्थानों के जरिए मेडिकल टूरिज्म का एक विश्वसनीय आधार पैदा किया जाए।

देश दुनीया से

## रोजगार के वास्ते पलायन की मजबूरी

> परिवार के लिए दो वक्त की रोटी की व्यवस्था करने के लिए लोग अपने गांव से निकल कर दूसरे शहरों और राज्यों का रुख करते हैं। जहां वह खेतों, फैक्ट्रियों और दिहाड़ी मज़दूर के रूप में 16 से 17 घंटे कड़ी मेहनत करते हैं। जिसके बाद भी वह मुश्किल से 15 से 20 हजार रूपए महीना कमा पाते हैं। पलायन का आंकड़ा सबसे अधिक उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और उत्तराखंड में देखने को मिलता है, जहां प्रति वर्ष लाखों लोग रोजगार की खातिर गांव छोड़कर कभी अकेले तो कभी परिवार के साथ दिल्ली, नोएडा, पंजाब, हरियाणा, सूरत, मुंबई और कोलकाता का रुख करते हैं।

**हमारा** देश जिन बुनियादी आवश्यकताओं से जूझ रहा है उसमें रोज़गार एक प्रमुख मुद्दा है। विशेषकर हमारा ग्रामीण इलाका इससे बहुत अधिक प्रभावित है। जिसके कारण बड़ी संख्या में ग्रामीण शहरों, महानगरों और औद्योगिक इलाकों की ओर पलायन करने को मजबूर होता है। परिवार के लिए दो वक्त की रोटी की व्यवस्था करने के लिए लोग अपने गांव से निकल कर दूसरे शहरों और राज्यों का रुख करते हैं। जहां वह खेतों, फैक्ट्रियों और दिहाड़ी मज़दूर के रूप में 16 से 17 घंटे कड़ी मेहनत करते हैं। जिसके बाद भी वह मुश्किल से 15 से 20 हज़ार रूपए महीना कमा पाते हैं। पलायन का आंकड़ा सबसे अधिक उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और उत्तराखंड में देखने को मिलता है, जहां प्रति वर्ष लाखों लोग रोज़गार की खातिर गांव छोड़कर कभी अकेले तो कभी परिवार के साथ दिल्ली, नोएडा, पंजाब, हरियाणा, सूरत, मुंबई और कोलकाता का रुख करते हैं। गांव में रोज़गार का कोई साधन उपलब्ध नहीं होने की वजह से पलायन करना इनकी मज़बूरी हो जाती है।

बिहार के कई ऐसे गांव हैं जहां प्रति वर्ष ग्रामीणों की एक बड़ी आबादी रोज़गार के लिए पलायन करती है। इनमें अधिकतर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी और पसमांदा तबके की है। जो आर्थिक रुप से काफी कमज़ोर होते हैं। इन्हीं में एक उचला गांव भी है। बोध गया से करीब 54 किमी दूर बांकेबाज़ार ब्लॉक के रौशनगंज पंचायत स्थित इस गांव की यह विडंबना है कि यहां के अधिकतर परिवार का कोई एक सदस्य रोज़गार के लिए पलायन कर चुका है। इस संबंध में 45 वर्षीय सीता देवी बताती हैं कि उनके पति और बेटा उत्तर प्रदेश के औद्योगिक शहर नोएडा के अलग अलग फैक्ट्री में मज़दूर के रूप में काम करते हैं। पहले पति अकेले कमाने जाते थे। लेकिन इस वर्ष उनके 4 बच्चों में 2 बेटे 18 वर्ष की उम्र के बाद पिता के साथ कमाने निकल गए। वह बताती हैं कि एक बेटा 12वीं तक पढ़ा है, इसलिए उसे पिता और अन्य भाई की तुलना में ज़्यादा पैसे मिलते हैं। इससे घर की आर्थिक स्थिति अच्छी होने की उम्मीद है। सीता देवी बताती हैं कि 12वीं कर उनके बेटे ने गया में ही काम ढूंढने का बहुत प्रयास किया लेकिन उसे कोई सफलता नहीं मिली इसलिए अब वह भी बाहर रहकर ही कमायेगा। कोलकाता में टैक्सी चलाने का काम करने वाले 27 वर्षीय श्याम रजक कहते हैं कि उन्होंने भी 12वीं के बाद गांव में ही रहकर रोज़गार का कोई साधन तलाश करना चाहा, ताकि माता-पिता के साथ रह सकें। लेकिन जब सफलता नहीं मिली तो उन्होंने पैसे कमाने के लिए पलायन करना ही उचित समझा।

करीब 350 परिवारों वाले इस गांव में उच्च वर्ग और अनुसूचित जाति की मिश्रित आबादी निवास करती है। उच्च वर्ग जहां खेती के लिए पर्याप्त ज़मीन और रोज़गार के स्थानीय साधन के साथ आर्थिक रूप से संपन्न है तो वहीं अनुसूचित जाति के अधिकतर परिवारों के पास कृषि योग्य उतनी ज़मीन नहीं है कि उनके परिवार की आजीविका चल सके। जिसकी वजह से इस समुदाय के ज़्यादातर पुरुष गांव से निकल कर शहरों और औद्योगिक इलाकों का रुख करते हैं और कामगार या दैनिक मज़दूर के रूप में काम करते हैं। संतोष पासवान बताते हैं कि गांव में अनुसूचित जाति में पासवान समुदाय की बहुलता है। जिनके लगभग 60 प्रतिशत पुरुष रोज़गार के लिए बाहर कमाने निकल गए हैं, इनमें करीब दस प्रतिशत महिलाओं की संख्या भी है। जो महिलाएं घर परिवार की देखभाल के लिए गांव में रह जाती हैं, वह भी उच्च वर्ग के खेतों में दैनिक मज़दूर के रूप में काम करती हैं ताकि परिवार के लिए अतिरिक्त आय अर्जित हो सके। संतोष बताते हैं कि गांव में रहकर रोज़गार का कोई विकल्प नहीं है। लघु उद्योग या कोई सेल्फ हेल्प ग्रुप में संचालित नहीं है जिससे जुड़कर लोग गांव में ही रहकर काम कर सकें। यहां तक कि मनरेगा के तहत भी बराबर काम नहीं मिलता है। कुछ परिवार के पुरुष गया शहर में निजी बस सर्विस से जुड़कर ड्राइवरी का काम करते हैं। लेकिन यह संख्या बहुत मामूली है क्योंकि ड्राइवरी का काम कर लेना हर किसी की बात नहीं होती है।

पलायन से केवल पुरुष ही प्रभावित नहीं होते हैं बल्कि उनका पूरा परिवार इससे प्रभावित होता है। गांव के कई ऐसे परिवार हैं जहां पुरुष अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रोज़गार के लिए पलायन कर चुके हैं और गांव में केवल उनके बूढ़े माता-पिता रह गए हैं। 76 वर्षीय बिंदेश्वरी रजक और 70 वर्षीय उनकी पत्नी जगुना रजक बताती हैं कि उनके दोनों बेटे अपने परिवार के साथ नोएडा और लुधियाना चले गए हैं। जहां दोनों की पत्नियां भी फैक्ट्री में काम करती हैं। केवल विशेष पर्व त्योहारों में ही वह घर आते हैं। उनके पीछे यह बुजुर्ग किसी प्रकार अपना जीवन काट रहे हैं। वहीं 68 वर्षीय संजय पासवान बताते हैं कि गांव में रोज़गार उपलब्ध नहीं होने के कारण वह भी सूरत की कपड़ा फैक्ट्री में काम कर चुके हैं और अब उनका बेटा अपने परिवार के साथ उसी फैक्ट्री में काम करता है जबकि संजय बढ़ती उम्र के कारण अब गांव में ही पत्नी के साथ रहते हैं।

आप का नजरीया

## जीत जैसी शिकस्त

**जीवटता** की धनी महिला पहलवान विनेश फोगाट ने पचास किलो वर्ग स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश करके करोड़ों भारतीयों का दिल जीत लिया था। देश उनसे सोने के पदक की उम्मीद कर रहा था। लेकिन करोड़ों भारतीयों की उम्मीदों पर उस समय वज्रपात हो गया जब पेरिस ओलंपिक में महज सौ ग्राम वजन ज्यादा होने के कारण उन्हें अयोग्य करार दे दिया गया। विनेश अब इस ओलंपिक में कोई पदक नहीं जीत सकेंगी। निस्संदेह, जब विनेश इतिहास रचने जा रही थीं, उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। लेकिन फिर भी आज देश उनके साथ खड़ा है। खेल प्रेमी सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। निश्चय ही यह एक दिल तोड़ने वाली घटना है। कहा जा रहा है कि भारत को ओलंपिक संघ से कड़ा विरोध दर्ज कराना चाहिए। जाहिर है यह फाइनल स्पर्धा थी। भारत सोने के पदक की आस लगा रहा था। इस फैसले को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दरअसल, भारतीय दल ने विनेश के वजन को 50 किलो तक लाने के लिये थोड़ा समय मांगा था। लेकिन तय वजन से अधिक भार होने के कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। असल में, रेसलिंग इवेंट में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को अलग-अलग भार वर्ग में वर्गीकृत किया जाता है। रेसलिंग व बॉक्सिंग जैसे खेलों में यह नियम है। ताकि सभी खिलाड़ियों के लिये निष्पक्ष अवसर तय किये जा सकें। यही वजह है कि खिलाड़ी जिस भार वर्ग का चयन करता है, उसे उसी वर्ग में खेलने की इजाजत मिलती है। इसमें किसी तरह की ढील नहीं मिलती। हर स्पर्धा से पहले चिकित्सा जांच व वजन किया जाता है। साथ ही खिलाड़ी के वजन की प्रक्रिया में असफल होने पर उसे प्रतियोगिता से बाहर कर दिया जाता है। फिर पहली प्रतियोगिता में हारे खिलाड़ी को खेलने का मौका दिया जाता है। विनेश के मामले में भी आईओसी ने ऐसा ही फैसला लिया है। लेकिन भारतीयों के लिये यह फैसला असहनीय है। निस्संदेह, हर भारतीय के लिये यह फैसला कष्टदायक है। वे फाइनल से पहले विनेश को अयोग्य करार दिये जाने की घटना पर विश्वास नहीं कर पा रहे हैं। कतिपय लोग इसे पश्चिमी देशों द्वारा विकासशील देशों के खिलाड़ियों के साथ भेदभाव मानते हैं। उनका मानना है कि भारत सरकार को इस मामले में कड़ा विरोध दर्ज कराना चाहिए। भारतीय ओलंपिक संघ को भी इससे निबटने के लिये हर संभव प्रयास करने चाहिए। देश के तमाम बड़े खिलाड़ी और राजनेता विनेश का हौसला बढ़ाने में लगे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा है कि विनेश आप भारत का गौरव हैं और हर एक भारतीय की प्रेरणा हैं। आप में लड़ने की क्षमता है। आप सबल होकर लौटें, सारा देश आपके साथ खड़ा है। निस्संदेह, सारे देश की ऐसी ही सोच है। भले ही पेरिस ओलंपिक में उनके हाथ निराशा लगी हो, लेकिन उनके सामने तमाम स्वर्णिम अवसर विद्यमान हैं। बेशक, फाइनल में खेलने के लिये वह अयोग्य करार दे दी गई हों, लेकिन वे आगे मेहनत से और मेडल लाएगी। विनेश की जीत प्रशंसनीय थी और उन्होंने भरसक प्रतिबद्धता भी दिखायी। उन्होंने पहले के राउंड ही नहीं जीते बल्कि देश के लोगों का दिल भी जीता।

# पूर्व राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि ने फुटबाल टूर्नामेंट का फीता काटकर किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका प्रखंड क्षेत्र के जुंगूर पंचायत अंतर्गत मटवाटोंगरी में स्वर्गीय घुसी उरांव एवं स्वर्गीय महेंद्र उरांव खेल मैदान में तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का? आयोजन किया जा रहा है।जिसका शुभारंभ दिन रविवार को मनिका के पूर्व राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रंजीत प्रसाद साहू ने फीता काटकर एवं गेंद में किक मारकर किया। यह फुटबॉल टूर्नामेंट तीन दिवसीय रखा गया है। टूर्नामेंट में प्रथम स्थान लाने वाले टीम को 30 केजी का खस्सी वहीं द्वितीय स्थान में रहने वाले टीम को 25 केजी का खस्सी दिया जाएगा। साथ ही साथ विजेता एवं उपविजेता दोनों टीमों के सदस्यों को जर्सी सेट और मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। एवं तीसरे स्थान में रहने वाले टीम को 20 केजी का खसी एवं चतुर्थ स्थान में रहने वाले टीम को 15 केजी का खस्सी दिया जाएगा। मौके पर मनिका के पूर्व राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रंजीत प्रसाद साहू ने लोगों को संबोधन करते हुए कहा कि खेल में हार जीत लगी रहती है जो आज खेल में हारता है वही कल जीतता है खेल को खेल के भावना से खेलें, खेल में कोई किसी का शत्रु नहीं होता है उन्होंने यह भी कहा कि खेल से मानसिक एवं शारीरिक दोनों का विकास होता है। मौके पर टूर्नामेंट कर रहे कमेटी के अध्यक्ष अजीत उरांव सचिव अंकज उरांव कोषाध्यक्ष योगेंद्र उरांव उपाध्यक्ष विशाल कुजूर कृष्ण प्रजापति सरवन रवि नागेंद्र उरांव वीरेंद्र सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## इचाक गांव झारखण्ड मुक्ति मोर्चा पार्टी कार्यकर्ताओं ने चलाया सदस्यता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड़ अंतर्गत इचाक गांव में रविवार के झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी की बैठक हुई।बैठक में उपस्थित लोगों को पार्टी संगठन पर चर्चा किया गया।साथ ही मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का लाभ सभी लोगों को मिले। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में 21 वर्ष से 50 वर्ष के महिलाओं को सरकार सम्मान दे रहे है। साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गरीब असहाय लोगों को अबुवा आवास, सर्वजन पेंशन समेत अन्य जनकल्याणकारी योजनाए संचालित है। झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड़ अध्यक्ष मनोज वर्मा ने बताया कि पार्टी संगठन के निर्देशानुसार सदस्यता अभियान चलाया गया। सदस्यता अभियान में काफी संख्या में महिलाऐं सदस्यता ग्रहण किया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड़ अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा व संचालन प्रखंड़ सचिव देवदीप पासवान ने किया। सदस्यता अभियान में संगीता देवी मीना देवी ललिता देवी रेखा देवी ममता देवी नीलू देवी रीना देवी ममता देवी संगीता देवी मुखलाल भोक्ता समेत कई महिला शामिल थे।

## सड़क नाली में हुआ तब्दील, मंत्री के आश्वासन के बावजूद भी नहीं हुआ सड़क दुरुस्त



**कुन्दा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुन्दा अंबेडकर चौक व बेल चौक के बीचों बीच सड़क पूरी तरह से नाली में तब्दील हो गया है। बारिश के पानी के साथ-साथ सड़क पर शौचालय टंकी का पानी का बहाव होता है जिसके कारण सड़क पर गंदे पानी का जमाव हो गया है। पानी जमाव होने से सड़क बड़े गड्ढे में तब्दील हो गया है जिसके कारण आये दिन कई राहगीर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। उक्त सड़क पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में राहगीर आवागमन करते हैं। ज्ञात हो की श्रद्धालु भक्त ऐतिहासिक स्थल महादेव मठ में पूजा अर्चना के लिए इसी रास्ते से जाते है। प्रखण्ड वासियों ने राज्य के श्रम एवं कौशल विभाग मंत्री सत्यानंद भोक्ता को इस समस्या से अवगत कराया था जिस पर मंत्री ने आश्वासन देते हुए कहा था की जल्द ही इसका समाधान कर दिया जाएगा।लेकिन अभी तक उक्त सड़क नाली निर्माण होने की बाट जोह रहा है।

## नकली शराब बनाने के आरोप में प्रतापपुर पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस ने नकली शराब बनाने के एक फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम बिकास कुमार है। वह नेभी कांड संख्या 172/22 से वंचित था। प्रतापपुर थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया की पुलिस की टीम ने बिकास कुमार को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। उन्होंने बताया की नकली शराब बनाने के धंधे में बिकाश कुमार शामिल था। और पुलिस के गिरफ्त से बचने के लिए फरार था, पुलिस ने आरोपी के पास से नकली शराब बनाने के समान भी बरामद किया है। थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया की आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा। और नकली शराब बनाने के धंधे में शामिल अन्य आरोपी का तलाश जारी है।

## गारू में 13 अगस्त को होगा तिरंगा यात्रा का आयोजन, हजारों कार्यकर्ता होंगे शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गारू :** बीजेपी युवा मोर्चा के तत्वाधान में आगामी 13 अगस्त को गारू प्रखंड में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का नेतृत्व गारू प्रखंड के युवा मोर्चा के अध्यक्ष अनूप कुमार कश्यप करेंगे। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ गारू कोयल नदी तट से किया जाएगा जो कि गारू बाजार, कबरी बाजार, कोटाम होते हुए मेन रोड से सरयू बाजार तक पहुंचेगी। सरयू बाजार में स्थित निलंबर-पीतांबर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ इस यात्रा का समापन किया जाएगा। इस तिरंगा यात्रा में मनिका विधानसभा क्षेत्र से लगभग चार सौ मोटरसाइकिलों के काफिले में भाजपा कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष छोटू राजा, पूर्व विधायक हरेकृष्ण सिंह, अवधेश सिंह चेरो, कन्हाई सिंह, सुभाष सिंह, बलवंत सिंह, शिल्पा कुमारी, रामदेव सिंह, शिला देवी, पूनम देवी और प्रखंड अध्यक्ष सुनेश्वर सिंह सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश कुमार उपस्थित रहेंगे। साथ ही छीपादोहार प्रखंड अध्यक्ष राजेश प्रसाद समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी इस तिरंगा यात्रा में भाग लेंगे। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने बताया कि इस तिरंगा यात्रा का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना को और भी प्रबल करना है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा राष्ट्र के प्रति सम्मान और समर्पण का प्रतीक है। इसमें बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी यह साबित करती है कि युवा पीढ़ी देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक है।इस अवसर पर सुभाष कुमार सिंह ने कहा कि तिरंगा यात्रा हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक तरीका है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से लोगों में देशप्रेम की भावना और भी मजबूत होती है।तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।सभी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। कार्यकर्ताओं ने लोगों से इस यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। ताकि राष्ट्र के प्रति सम्मान और गौरव का प्रदर्शन किया जा सके।

## हाईवा एसोसिएशन संघ ने कोयला ढुलाई के बकाया रुपए को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** हाईवा एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष कमख्या नारायण सिंह के अध्यक्षता में कोयला ढुलाई का बकाया रुपए की मांग को लेकर सिमरिया डाक बंगला परिसर में बैठक आयोजित किया गया। जिसमें दर्जनों हाइवा मालिक शामिल हुए। बैठक में ट्रांसपोर्टर सोनू सिंह भी शामिल हुए। बहुत घंटो तक बकाया रुपए की मांग को लेकर सभी ऑनरो ने अपनी अपनी परेशानियों को सामने रखा और कहा की हम लोग कोयला ढुलाई तो करते हैं किंतु समय पर ढुलाई का रुपया नहीं मिलने से हम लोगों के साथ कई तरह का परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एक तरफ वाहन किस्ती का परेशानी, चालकों को वेतन भुगतान, वाहन के लिए टायर एवं इंजन की मरम्मती का परेशानी पड़ी रहती है। जिसके कारण अधिकांस ऑनर अपना अपना या तो हाईवा बेच दिया है या फाइनेंसर खीच कर ले गया है। हाईवा मालिको के बातो को ध्यान में रखते हुए ट्रांसपोर्टर मोनू सिंह ने कहा की अगले 25 अगस्त तक सभी हाईवा मालिको को बकाया किराया रुपया बेहिचक दे दी जाएगी। यदि मेरे द्वारा दी गई। समय के अनुशार बकाया रुपए हाइवा मालिको नहीं दिया गया तो हाईवा मालिक मेरे विरुद्ध कारवाई करने के लिए स्वतंत्र है। जिसका जिम्मेवार मैं खुद रहूंगा। चुकी मुझे भी कंपनी द्वारा दिए गए समय के अनुशार भुगतान किया जाएगा। वैसे में मुझे देने में कोई आना कानी नहीं होगी। मौके पर दर्जनों हाईवा ऑनर शामिल थे।

## कोयला लदा हाईवा वाहन पलटा, हुआ क्षतिग्रस्त



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियातू मोड़ के समीप रविवार को अनियंत्रित हो कोयला लदा हाईवा वाहन सड़क किनारे विपरीत दिशा में पलट गया। वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। बताया गया कि हाईवा वाहन केरेडाडी आम्रपाली से कोयला लाद कटकमसांडी डंप करने जा रहा था। इसी बीच बरियातू मोड़ के समीप अनियंत्रित हो कोयला लदा हाईवा वाहन विपरीत दिशा में सड़क के किनारे पलट गया। मालूम हो कि चतरा हजारीबाग मुख्य पथ में कोल वाहन हाईवा लगातार सड़क दुर्घटना में पलट गया है। जबकि कोल वाहन हाईवा के चपेट में आने से कई लोगों की जान चली गई है। कोल वाहन हाईवा के चालक तेज रफ्तार व लापरवाही से ट्रिप लगाने के चक्कर में जाते हैं। जिसे अनियंत्रित हो कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया है।इधर सड़क किनारे बसे गांव के लोग भी हाइवा वाहन के परिचालन से भयभीत रहते हैं।

## भाजपा नेता रामजी पासवान ने किया कुंदा का दौरा



**कुंदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा नेता रामजी पासवान ने रविवार को कुंदा प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया। भाजपा नेता प्रतापपुर प्रखंड के डूमरवार पंचायत के मुखिया संगीता देवी के पति है। वर्तमान राजनीतिक हालात को लेकर महावीर मंदिर में बैठक कर रणनीति बनाया। भाजपा कार्यकर्ता व मुखिया पति होने के नाते कई सामाजिक कार्य किया हूँ। दौरे के क्रम में कई ग्रामीणों से मिलकर अपने पक्ष में समर्थन मांगा कहा कि चतरा विधानसभा के जनता का समर्थन मिल रहा है। जनता के कहने पर चुनाव की तैयारी में जुटे है। चतरा विधानसभा में आरक्षण के तौर पर व स्थानीयता को देखते हुए पार्टी मुझे अगर एक बार मौके देती है तो चुनाव में परचम लहराएगें, और चतरा के चहुँमुखी विकास करेंगे।पार्टी में कई वर्षो से कार्य कर रहा हूँ समेत कई लोग मौजूद थे।

## रसोईया संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** रविवार को झारखण्ड राज्य विद्यालय रसोईया संघ प्रखण्ड कमिटी बरवाडीह के अध्यक्ष प्रेमशीला देवी और सचिव रीना देवी के अगुवाई मे कमिटी सदस्य कौशल्या देवी गीता देवी शनीचरी देवी सुकर्मी देवी सहित अन्य रसोईया कर्मी ने मुख्यमंत्री के नाम विधायक रामचंद्र सिंह को मांग पत्र दिया गया हालांकि विधायक रामचंद्र सिंह की उपस्थिति नहीं होने पर मांग पत्र उनके आवास बरवाडीह मे विधायक प्रतिनिधि प्रेमसिंह एवं कांग्रेस के राज्य कमिटी सदस्य रविन्द्र राम को सौंपा गया ।इस दौरान माले प्रखण्ड सचिव कॉमरेड कृष्णा सिंह और कॉमरेड किसुन सिंह भी शामिल रहे। मांगपत्र के माध्यम से बताया गया कि न्यूनतम वेतनमान देने की गारंटी दिया जाए , 10 माह के जगह 12 माह की वेतन देने सहित बकाये पैसे भुगतान किया जाए , सभी रसोइया कर्मी को एक नियमावली तहत पेंशन सहित 10 लाख की बीमा की गारंटी किया जाए सहित प्रत्येक वर्ष दो यूनिट ड्रेस रसोईया कर्मी को देने की गारंटी किया जाए। यह भी बताया गया कि सरकार जल्द पहल नहीं करेगी तो हम रसोईया कर्मी बड़े आंदोलन और अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को बाध्य होंगे, इसके अलावा आगामी 16 अगस्त से पुरे झारखण्ड में रसोईया कर्मी अपने मांग के समर्थन मे काला बिल्ला लगाकर विद्यालय में काम करेगी।

## सोशल ऑडिट के नाम पर की जा रही है खानापूर्ति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड क्षेत्र के सभी पंचायतों में जनसुनवाई कार्यक्रम चलाया जा रहा है। साथ हीं मुखियाओं का वार्षिक लेखा जोखा का ऑडिट भी किया जा रहा है। किंतु सभी कार्यक्रमों बेईमानी है। पंचायतों में कार्य कुछ किया जाता है और कागजों पर रिपोर्ट कुछ बनाया जाता है। और तो और इसके लिए प्रति वर्ष ऑडिट किया जाता है। जिसमें ऑडिटर आकर सभी रजिस्टर का लेखा जोखा एवं जनसुनवाई के तहत ग्रामीणों की शिकायत का निष्पादन भी किया जाना है। इसके लिए ज्यूरी कमिटी बनाई जाती है परंतु सारा मामला ताख़ पर रख रुपए के बल पर ऑडिटर भी वारे न्यारे कर देते है। ऐसे में इस तरह का कार्यक्रम महज छलावा और बेईमानी है। इस तरह का मामला को लेकर सबानो में किया गया जनसुनवाई तथा ऑडिट में ग्रामीणों ने विरोध किया है। वहीं बीडीओ विनय कुमार ने कहा की सबानो पंचायत के जनसुनवाई को स्थगित किया जाएगा पुनः जनसुनवाई करवाई जायेगी। सूत्रों के हवाले से रात के अंधेरे में 18000 अठारह हजार रुपए लेकर मामले को रफा दफा करने में जुटे है सोशल ऑडिटर के टीम।

## महफूजुर रहमान बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष पार्टी ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड निवासी पार्टी में अपना योगदान दे चुके भाजपा जिला महामंत्री महफूजुर रहमान को सांसद कालीचरण सिंह ने अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि महफूज रहमान को एक बार फिर से अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला अध्यक्ष चुनकर आने से कहीं ना कहीं अपनी अनुभव से आने वाले विधानसभा चुनाव में काफी लाभ हो सकता है। और हम अपने चतरा विधानसभा और सिमरिया विधानसभा को लीड कराने में अहम भूमिका अदा कर सकता है। चतरा लोकसभा सांसद कालीचरण सिंह ने कहा की मैं मो. हफुजूर रहमान को दूसरी बार अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देता हूं। महफूज रहमान अपने कार्यकाल में पार्टी के लिए अच्छा कार्य कर सके इसके लिए मेरी शुभकामनाएं। बधाई देने वालों में सबसे पहले भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष शुभम सिंह पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुमन प्रसाद तिवारी मौलाना मुश्तक हाफिज इम्तियाज मोहम्मद जकी मोहम्मद अफजल पत्थलगड़ा मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार दांगी विनोद कुमार दांगी मुकेश कुमार दांगी अमित हनी हंक नकुल तिवारी मृत्युंजय कुमार कैलाश डांगी अरविंद कुमार दांगी पत्थलगड़ा भाजपा मंडल महामंत्री तिलेश्वर राणा समेत सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुवे।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पुनः जिलाध्यक्ष, बने महताब



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने संगठन का विस्तार व पुर्नगठन किया है। इसमें कई फेरबदल किये गये हैं लेकिन भाजपा नेतृत्व ने एक बार फिर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष महताब आलम पर भरोसा जताया है। महताब आलम को एक बार फिर अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं भाजपा नेतृत्व का कहना है कि महताब आलम पार्टी के लिए अच्छा काम कर रहे हैं। इनके कार्यकाल में लातेहार में अल्पसंख्यक मोर्चा काफी मजबूत हुआ है यह आलम के परिश्रम का फल है।आज बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समाज के लोग भाजपा में जुड़ रहे हैं। महताब आलम ने एक बार फिर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद की जवाबदेही देने पर भाजपा नेतृत्व व जिला अध्यक्ष सिंह का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में पूरे देश में विकास हो रहा है। उन्हें भाजपा का एक अदना सा सिपाही होने पर गर्व है। आने वाले विधानसभा चुनाव में अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग भाजपा को अपना पूरा समर्थन देंगे और भारतीय जानता पार्टी की सरकार झारखंड में बनेगी। आलम ने बुके भेंट कर जिला अध्यक्ष का आभार प्रकट किया।

## अनुसूचित जाति-जनजाति की बैठक सम्पन्न

## एससी-एसटी आरक्षण में संशोधन के खिलाफ 21 अगस्त को भारत बंद करने के लिए लोग हुए गोलबंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर द्वारा बनाया गया सविंधान में दलितों के लिए दिए गए एससी-एसटी आरक्षण को पिछले सप्ताह सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण में उप-कोटा तय करने को मंजूरी दी थी। जहां कोर्ट ने कहा था कि अगर राज्य सरकारों को लगता है कि एससी और एसटी वर्ग में कोई जाति ज्यादा पिछड़ी है तो उसके लिए उप-कोटा तय किया जा सकता है। जिसके खिलाप में पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार एससी-एसटी के बैनर तले रविवार को स्थानीय नगर भवन में महबैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अनुसूचित जाती के प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष कुमार दास एवं संचालन समाजसेवी देवकी रजक ने किया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण में संशोधन किए जाने के खिलाप बारी बारी से आक्रोश जताते हुवे अपनी बातों को रखा एवं आगामी 21 अगस्त को भारत बंद करने के लिए दृढ़ संकल्पित होते हुवे गोलबंद हुवे। बैठक में बंदी को सफल बनाने के लिए एक कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष सुभाष कुमार दास उपाध्यक्ष देवकी रजक, सचिन पासवन, उमेश भुइयाँ व अन्य सचिव रामोतार राम कोषाध्यक्ष पवन पासवन समेत अन्य को पदाधिकारी बनाया गया। ततपश्चात सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूरे भारत मे टंडवा ऐसा पहला क्षेत्र होगा जहां बंदी का पुरजोर असर दिखेगा। बंदी में महिलाओं की होगी भीड़। जिसकी सफल रणनीति बनाने के लिए आगामी 18 अगस्त को पुनः बैठक की जाएगी। मौके पर मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुबेष राम अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष रामोतार राम निर्मल नायक नंदकिशोर घांसी मुखिया किशुन राम राजू राही प्रयाग राम पंकज राम अमीरका राम बासुदेव बसंत बैजनाथ राम समेत सैंकड़ो लोग मौजूद थें।

## गायत्री प्रबंधक बनकर मानव में ज्ञान चेतना पैदा करना है : जायसवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अखिल भारतीय गायत्री परिवार का बैठक चंदनडीह के प्रज्ञा कुंज में पलामू प्रमंडल प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में पलामू प्रमंडल के शिवशंकर पांडेय, संदीप राय व अशोक कुमार मुख्य रूप से शामिल थे। बैठक में सर्व सहमति से कार्यकारिणी प्रबंधन का गठन किया गया। सर्वसम्मति से प्रबंधक के रूप में दिलेश्वर यादव, सहायक प्रबंधक देवेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष रितेश कुमार नीकू, उप कोषाध्यक्ष पंकज पांडेय को चुना गया।जबकि कार्यकारिणी सदस्यों में अनीता देवी, उर्मिला देवी, पुष्पा देवी, कलावती देवी, मालती देवी, सिंधु देवी, संदीप प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, रमेश उरांव, गीता देवी, शीला देवी, प्रकाश गुप्ता संजीव पंडित को शामिल किया गया। संबोधित करते हुए पलामू प्रमंडल प्रबंधक राजेंद्र जायसवाल ने कहा कि अखिल विश्व गायत्री परिवार का प्रबंधक बन कर मानव में ज्ञान चेतना पैदा करना है। यह एक ऐसा संगठन है जो हर व्यक्ति में अध्यात्म और ईश्वर से साक्षात्कार करने की पद्धति सिखाती है।इस पृथ्वी का सबसे बड़ा महामंत्र गायत्री मंत्र है उन्होंने इसकी शक्तियों को विस्तार से बताया।उन्होंने प्रतिदिन गायत्री मंत्र का जाप करने की सलाह दी।इस बैठक में अंबिका सिंह, सुशील प्रसाद यादव, शिव शंकर पांडेय,अशोक मेहता, दिनेश चंद्रवंशी, लव कुमार तिवारी, कन्हाई पासवान, रामेश उरांव, वीरेंद्र प्रसाद, बबन पासवान, सुरेंद्र यादव, पंकज पांडेय, नवीन कुमार, संदीप प्रसाद, मालती देवी व रितेश कुमार समेंत कई लोग शामिल थे।

## एक दिवसीय मेले का आयोजन किया गया

**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत स्थित मोरशेरवा पहाड़ी मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन सप्तमी के मौके पर एक दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास व जिप सदस्य रामसेवक दांगी, मुखिया कंचन देवी सिंघानी मुखिया राधिका देवी, पंसस बसंती देवी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मौलाना महफूज रहमान समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया। बताया जाता है की मोरशेरवा पहाड़ी में कई वर्षो से सावन सप्तमी को मेला का आयोजन किया जाता है। अनुष्ठान व पूजा पाठ सावन पंचमी से ही शुरू हो जाता है जिसमे लगातार तीन दिनों तक चलता है। सावन सप्तमी को मेला का आयोजन के साथ-साथ भक्ति जागरण का भी आयोजन हुआ। मेले में प्रखंड क्षेत्र से भारी संख्या में लोग पहुंचते हैं। इस दौरान समिति के द्वारा विधायक समेत अन्य अतिथियों को माला पहनाकर व बुके देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी को मोमेंटो भेट किया गया। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष महफूज रहमान एवं चूड़ामणि देवी, अनार देवी, अरुण दांगी, दशरथ महतो, आदि ने आजीवन सदस्यता शुल्क जमा कर मंदिर समिति के आजीवन सदस्य बने।

# गोली मारकर व गला रेत कर हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### ▶ आरोपी ने कहा : सरफुद्दीन को मारकर पिता की हत्या का बदला लिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग / विष्णुगढ़ :** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गाल्होबार में बीते 3 अगस्त को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई थी जिसमें सरफुद्दीन अंसारी (पुत्र अब्दुल गफ्फुर अंसारी) की गोली मारकर और गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। यह हत्या गांव के आंगनबाड़ी केंद्र के पास कुछ अपराधकर्मियों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से की गई थी। इस जघन्य घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी और पुलिस को मामले की त्वरित जांच के लिए मजबूर कर दिया।

**हत्या का कारण और प्रकरण की जानकारी**

मृतक सरफुद्दीन अंसारी की पत्नी ने इस हत्या के संबंध में विष्णुगढ़ थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी। दर्ज प्राथमिकी (कांड संख्या-133/24, दिनांक 04.08.2024) में 6 नामजद अभियुक्तों के खिलाफ आरोप लगाए गए हैं। इन अभियुक्तों में तोहद अंसारी, तौफिक अंसारी, औफिक अंसारी, इमरान शाह, अलीमुद्दीन शाह, और सुभान अंसारी का नाम शामिल है। प्राथमिकी में धारा 103 (1)/3 (5) भा0न्या0सं0 एवं 25 (1-B) a/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, विष्णुगढ़ के नेतृत्व में इस कांड की त्वरित जांच की गई। पुलिस ने घटनास्थल से अपराध में प्रयुक्त अग्नेयास्त्र को भी बरामद कर लिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी अभियान चलाया गया।



**मुख्य आरोपी तोहिद अंसारी की गिरफ्तारी और खुलासा**

पुलिस ने इस मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 10 अगस्त को कांड के मुख्य आरोपी तोहिद अंसारी (उम्र 27 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। तोहिद जो कि स्वर्गीय सनुल अंसारी का पुत्र है ने पुलिस के सामने अपने अपराध को स्वीकार करते हुए चौंकाने वाले खुलासे किए। तोहिद ने बताया कि 2019 में सरफुद्दीन अंसारी ने उसके पिता की हत्या कर दी थी। इसी कारण से उसने और उसके भाइयों ने बदला लेने की योजना बनाई। 3 अगस्त 2024 को, योजनाबद्ध तरीके से, तोहिद और उसके भाइयों ने सरफुद्दीन अंसारी की हत्या कर दी। हत्या के बाद अपराध में प्रयुक्त देशी कट्टा (अग्नेयास्त्र) को पास के नाले में फेंक दिया गया, जिसे बाद में पुलिस ने बरामद कर लिया।

**अपराध में शामिल अन्य अभियुक्तों की तलाश जारी**

पुलिस इस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की भी तलाश कर रही है। यह मामला बदले की भावना से प्रेरित हत्या का है, जो कि आपसी रंजिश के चलते अंजाम दिया गया। पुलिस के मुताबिक, जल्द ही बाकी अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**गिरफ्तारी दल की जानकारी**

इस गिरफ्तारी में पुलिस उपनिरीक्षक सागेन मुर्मू, पुलिस उपनिरीक्षक राजन कुमार, पुलिस उपनिरीक्षक आशीष कुमार और थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे।

# कांवड़ियों की सुविधा के लिए विधायक अंबा प्रसाद द्वारा लगाया गया सेवा शिविर





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** सावन के अंतिम सोमवारी के अवसर पर रजरप्पा मंदिर से बुढ़वा महादेव जलाभिषेक करने जा रहे श्रद्धालुओं के सुविधा के लिए विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा जरजरा में सेवा शिविर लगाया गया। इस अवसर पर विधायक अंबर प्रसाद ने खुद सेवा शिविर में पहुंचकर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद, जूस इत्यादि का वितरण किया। इस दौरान विधायक ने पवित्र सावन मास के अंतिम सोमवारी की शुभकामनाएं देते हुए भगवान भोलेनाथ से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामना पूर्ण करने एवं क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि हेतु कामना किया। कांवड़ियों के बीच विधायक अंबा प्रसाद ने काफी वक्त बिताया एवं बोल बम के नारे से पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो गया। मौके पर मुख्य रूप से आनंद मेहता युवा प्रखंड अध्यक्ष, सुनील कुमार, चंदन गुरु, दसरथ प्रसाद किसान मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष, रोहित सिंह, गौतम कुशवाहा, संजय ठाकुर, कुलदीप बेदिया, हरिनाथ बेदिया, प्रवीण बेदिया, निखिल चौधरी, पिंटू चौधरी, अमीरलाल बेदिया सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## आगामी गणपति पूजा को लेकर बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** दारू बासोबार फुटबॉल मैदान के सामने गणपति पूजा स्थल के प्रांगण में आगामी पूजा को सफल संचालन के लिए बैठक आहूत की गयी।बैठक की अध्यक्षता नागेश्वर प्रसाद ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 7 सितंबर से गणपति पूजा पांच दिवसीय प्रारम्भ होगी जिसे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे धूमधाम के साथ मनाया जाएगा । बैठक में मुख्यरूप से संयोजक भैया नवजीत सिन्हा अध्यक्ष राजकुमार आर्ट, , सचिव रौशन सिन्हा, कोषाध्यक्ष बजरंग सहाय, दशरथ दास, किशोरी प्रसाद, रॉकी रवानी, आलोक राज, नंदू ठाकुर सहित कई सदस्य उपस्थित थे ।

## जिला खनन विभाग ने दो अवैध बालू लदे हाइवा को किया जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय के निदेशानुसार प्राप्त गुप्त सूचना के आलोक में खनन विभाग के द्वारा शनिवार देर रात्रि जाँच अभियान चलाया गया। इस क्रम में हजारीबाग के नगवाँ टोल प्लाजा के पास बालू से लदे दो हाईवा क्रमशः छ्ॉ02क्ष्ह5532 एवं छ्ॉ02स्न7925 जिसपर अवैध बालू लदा हुआ था, जो पदमा थानान्तर्गत सोकी नदी से ला रहा था, जांच के क्रम में पकड़ा गया। उक्त वाहन के पास खनिज ई-परिवहन चालान नहीं पाया गया। इस संदर्भ में कोर्रा थाना में अवैध परिवहन के बाबत अज्ञात मालिकों, अज्ञात चालकों एवं संलिप्त विक्रेता/अवैधकर्त्ताओं के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।



## बाबा बुढ़वा महादेव बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र पर हमेशा अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखें : रोशन लाल चौधरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रसिद्ध शक्तिपीठ रजरप्पा के भैरवी नदी से पवित्र जल उठाकर पैदल 117 किलोमीटर की कठिन यात्रा कर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गावो के श्रद्धालु बड़कागांव के प्राचीन शिवधाम बुढ़वा महादेव महूदी पहाड़ मे जलाभिषेक किया। इस पावन अवसर पर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी ने अपने विधानसभा क्षेत्र के कांवरियों के लिए सबसे पहले अपने पैतृक आवास मे फल, चना, गुड़, सरबत और पानी की समुचित व्यवस्था कर स्वयं लोगों की अपने हाथों से सेवा कर गंतव्य की ओर रवाना किया। तत्पश्चात रात मे बरककाना से भुरकुंडा तक कांवरियों के लिए रात्रि विश्राम और भोजन की उत्तम प्रबंध कर खुद देर रात्रि तक लोगों को देखभाल करते रहे। दूसरे दिन भुरकुंडा के मतकमा चौक के राजनंदनी मैरेज हॉल मे सभी के लिए भोजन का उत्तम प्रबंध कर स्वयं श्रद्धालुओं का सेवा किया। मौके पर उन्होंने कहा बाबा बुढ़वा महादेव बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र पर हमेशा अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखे। मौके पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी के रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार दांगी, आजसू पार्टी के हज़ारीबाग जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार महतो, जिला सचिव गिरेंद्र कुमार दांगी, प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, प्रखंड प्रवक्ता तापेश्वर कुमार, प्रखंड उपसचिव घनश्याम कुमार दांगी, मुरली कुमार, बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष दिनेश कुमार मेहता, प्रखंड युवा सचिव, पप्पू कुमार दांगी, सुरेश प्रसाद दांगी, चिंतामणि महतो, जगदीश महतो, बीजू दांगी, टिकेंद्र कुमार मेहता, श्रीराम वर्मा, बलराम दांगी उनके साथ हमेशा सेवा मे तत्पर रहे।



## सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से श्रद्धालुओं से भरा बस का एक जत्था कांवर यात्रा के लिए रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से सदर प्रखण्ड स्थित ओरिया से भूतनाथ कांवरिया संघ श्रद्धालुओं से भरा बस का एक जत्था दिन रविवार को हर हर महादेव व बोलबम के उद्घोष के साथ कांवर यात्रा के लिए निकली। मुख्य रूप से सांसद मनीष जायसवाल से जुड़े सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि बिजय कुमार, सदर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रंधीर पाण्डेय, ओरिया पंचायत समिति सदस्य जीतु यादव एवं पूर्व विधायक प्रतिनिधि शिवपाल यादव ने हर हर महादेव के जयकारा के साथ श्रद्धालुओं को बोल बम के लिए रवाना किया। इससे पूर्व श्रद्धालुओं ने ओरिया स्थित शिवमंदिर में माथा टेका तथा भगवान भोलेनाथ से शुभ आशिर्वाद प्राप्त किया। उसके बाद गाजे- बाजे के साथ ग्राम का भ्रमण कर हर हर महादेव, नमः शिवाय, बोल बम एवं जय शिव शंभु के जयकारा से क्षेत्र गुंजयमान तथा शिव भक्ति में लीन हुआ। बस रवाना के दौरान उपस्थित गणमान्य लोगों ने श्रद्धालुओं को बोल बम का यात्रा मंगलमय होने की शुभकामनाएं दी। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल से जुड़े सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि बिजय कुमार ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल धर्म कर्म के कार्यों में काफी रूचि रखते हैं। सभी यात्रियों को बोल बम यात्रा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं भगवान भोलेनाथ से यात्रा मंगलमय होने की कामना करता हूँ।

## भारत बंदी को लेकर एसी व एसटी समाज की हुई बैठक



**चरही :** चूरचु प्रखंड के अम्बेडकर भवन चरही श्यामपट्टी में रविवार को अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति समाज की बैठक का आयोजन किया गया । इस बैठक में आरक्षण मे हो रहे वर्गीकरण के विरोध स्वरूप 21 अगस्त को भारत बंद का समर्थन किया गया। साथ ही भारत बंद को सफल बनाने के लिए पुनः एसटी , एसी कार्उसिल कार्यालय चरही मे बैठक आगामी 16 जुलाई को अहले सुबह रखा गया है। बैठक मे मुख्य रूप से दिनेश्वर रविदास, नीरज बेसरा,महालाल हेम्ब्रम, बैजनाथ रविदास, राजेन्द्र भुईया, दिनेश कुमार, शम्भू रविदास, विजय दास , बबलू कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ के मडमो के बाद जोबर का गाँव मे जँगली हाथियों ताण्डव



**विष्णुगढ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड में 09 अगस्त 2024 की रात को हाथियों के झुंड ने मडमों पंचायत के गाँव में जमकर उत्पात मचाया वही हाथियों के झुंड ने देर रात जोबर पंचायत में शनिवार को जंगली हाथियों ने भारी उत्पात मचाया। जिसमें से तुलसी सिंह के दुकान में अनाज की बोरी दो प्रिंटर मशीन तीन दरवाजे की,लोहे का सटर,धनेश्वर नायक का घर, बनवारी तुरी के घर चारों तरफ से, कुंजलाल तुरी के घर , प्रेम तुरी के घर और तीन ड्राम चावल, डेगलाल तुरी, जय नारायण महतो, विजय तुरी, भरत तुरी के घर , शनिचर तुरी, मो0 सोनिया, हेमलाल तुरी, जीबाधन महतो के घर खिड़की दरवाजा , मो0 उर्मिला, हेमलाल सिंह आदि दर्जनों लोगो के घरों एवं घर मे रखे अनाज एवं घरेलू उपयोग के सामान को भारी क्षति पहुंचाई गई। साथ ही हाथियों ने खेतों में लगें खड़ी फसल धान,मकई , सब्जियों को भी भारी नुक़सान पहुंचाया। इसकी सूचना मिलते ही जेएलके एम केंद्रीय सदस्य सह पुर्वी जिला परिषद सदस्य सरजू पटेल, जोबर मुखिया चेतलाल महतो, पंचायत समिति सदस्य कौलेश्वर महतो,उप मुखिया दौलत महतो इत्यादि जनप्रतिनिधियों ने हाथियों के द्वारा किये गए नुकसान का जायजा लेते हुए वनाधिकारी अभय कुमार सिंह से बात कर इस घटना की जानकारी दी और पीड़ितों को वन विभाग और आपदा विभाग से जल्द से जल्द क्षतिपूर्ति कराने की मांग की है। इधर इस घटना की जानकारी चंद्रनाथ भाई पटेल को मिली इन्होंने अपने स्तर से भी वनाधिकारी (एसीएफ) के टीमो को सूचना दी और घटना से संबंधित पुरी जानकारी देते हुए हानि की परिवारों की उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## विष्णुगढ़ में फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आगाज, खेलप्रेमियों में भारी उत्साह



**विष्णुगढ़ :** बी एफ सी फुटबॉल क्लब के द्वारा आज विष्णुगढ़ +2 हाई स्कूल मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज समाजसेवी सह माण्डू से निर्दलीय प्रत्याशी विजय कुमार कसेरा ने किकलगी कर किया। बीएफसी क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल 32 टीमो ने हिस्सा लिया है। आज से फुटबॉल टूर्नामेंट में विष्णुगढ़ वासियों को फुटबॉल के रोमांच का अनुभव मिलेगा। उद्घघाटन मैच में आज प्रतापपुर बनाम हुरलुंग और दूसरे मैच में बरकठ्ठा बनाम करमाटांड़ का मैच होना है।जिसमे टीमें अपना जोरआजमाइश कर मैच जितने की कोशिश करेंगी। मैच के पूर्व माण्डू विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी विजय कुमार कसेरा ने हाथ मिला कर सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल से तन तो स्वस्थ रहता ही है,खेलप्रेमियों का मन भी स्वस्थ हो जाता है। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी टीमें मजबूत है,सभी टीमो को मेरी तरफ से शुभकामनाएं। खेल के आयोजन में हिरामन महतो,जोधन प्रसाद,गंगाधर महतो, अवधेश कुमार,मो.अली,अशोक सिंह,रोहित राम,राजू रवानी,भुनेश्वर गोप,संदीप कुमार कसेरा,सुजीत रवानी,गौतम वर्मा,शशि कुमार, मोनू कुमार,अनुराग वर्मा,संजय सिंह ने अहम योगदान दिया जिसके लिए सभी बधाई के पात्र है। मैदान के बाहर उपस्थित सैकड़ो की सँख्या में खेलप्रेमियों का भी हार्दिक अभिनंदन।

# झारखंड विधानसभा की गैर सरकारी संकल्प समिति ने किया हज़ारीबाग का दौरा

### समिति ने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड विधानसभा की गैर सरकारी संकल्प समिति रविवार को अपने दो दिवसीय दौरे को लेकर हज़ारीबाग पंहुची। इसी क्रम में समिति के अध्यक्ष श्री केदार हाजरा ने परिसदन हज़ारीबाग के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान सर्वप्रथम समिति के अध्यक्ष ने झारखंड विधानसभा की गैर सरकारी संकल्प समिति के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला तत्पश्चात विभिन्न मामलों पर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने विभागवार संबंधित अधिकारियों से वर्तमान में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।



**बैठक में इन विभागों की हुई समीक्षा**

बैठक के दौरान समिति के अध्यक्ष केदार हाज़रा ने भूमि सुधार विभाग, खनन विभाग,शिक्षा विभाग, कृषि,खाद्य आपूर्ति, वन विभाग, श्रम विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग,कल्याण, पशुपालन एवं स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विगत वर्षों में किए गए विकास कार्यों, योजनाओं एवं उनके वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और आम जनों को योजनाओं से लाभान्वित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मौके पर उन्होंने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज की स्थिति, सदर अस्पताल में एंटी वेनम, एंटी रेबीज़ की दवा की उपलब्धता सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों आदि में पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर तरीके से करने और क्षेत्र भ्रमण करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। उन्होंने राजस्व से संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से वर्तमान वित्तीय वर्ष में लक्ष्य के अनुरूप प्राप्त राजस्व की जानकारी ली और ससमय लक्ष्य की प्राप्ति को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने डीआरडीए के अधिकारी से मनरेगा योजना के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति की जानकारी ली। बैठक में उन्होंने भवन, पथ प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल आदि के कार्यपालक अभियंताओं से वर्तमान में निर्माणाधीन योजनाओं, संचालित योजनाओं की जानकारी ली और योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण पूरा करने का निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने वन रोपण पर विशेष ध्यान देने और माइनिंग से हुई क्षति को पूरा करने के लिए वृहद स्तर पर वन रोपण करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। बैठक में उक्त समिति के सदस्यों के अलावा, जिला स्तरीय कई अधिकारी व कर्मी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपा नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष अभिनंदन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू(हजारीबाग) :** देवदयाल स्मृति भवन झुमरा में रविवार को बीजेपी नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष अभिनंदन सह आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह की आमंत्रण को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण एवं संचालन विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू ने किया। सर्वप्रथम पूर्व मंडल अध्यक्ष ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा को पुष्प माला पहनाकर उनका स्वागत किया और उसके बाद कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से माला पहनाकर उनका स्वागत किया। कार्यकर्ताओं के बीच पूर्व मंडल अध्यक्ष ने अपना संबोधन मे कहा कि पार्टी से जुड़े प्रत्येक सदस्य समान्न है पार्टी के लिए हमेशा मिलजुल कर काम करना है। विधानसभा चुनाव सामने है इसे लेकर चुनावी चर्चा परिचर्चा होनी चाहिए इस बार चुनाव परिणाम बेहतर करना है। नए मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा ने कहा कि पार्टी ने मुझे जो जिम्मेवारी दी है मैं इसे निष्ठा से करूंगा। पुरानी कार्यकर्ताओं के साथ अच्छा तालमेल बनाकर काम करूंगा और नए कार्यकर्ता को जोड़ने का प्रयास करुंगा। शिकायत का मौका ना मिले इसलिए सबको साथ लेकर चलने का प्रयास करेंगे। वहीं पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद ने कार्यकर्ताओं को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने में जोर दिया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू, मेडकुरी पंचायत मुखिया भोला तुरी,विकास यादव, धनपत, विनोद कुमार, लक्ष्मी देवी, सोनी कुशवाहा, संतोष कुमार, राजेंद्र प्रसाद, पुनीत कुमार, जीतन प्रसाद, रामाशीष इत्यादि कई कार्यकर्ता मौजूद थे।


## चूरचु में कृषक पाठशाला कार्यक्रम में उन्नत धान खेती की शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** रविवार को चूरचु प्रखंड के ग्राम पंचायत बहेरा पंचायत भवन के बगल में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा, हजारीबाग के द्वारा कृषक पाठशाला कार्यक्रम के तहत कतारबद्ध (IPP) विधि से धान की उन्नत खेती धान की रोपाई किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चूरचु प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक पूर्व उप प्रमुख चौलेशवर महतो ATM चूरचु नकुल कुमार किसान मित्र तामिर अंसारी शयामलाल महतो बिनोद केसरी शुशिला देवी शिला देवी कौशल्या देवी मालती देवी कलावती देवी धाजो देवी मैरचो देवी कुलेशवरी देवी सोनाली कुमारी रानी कुमारी लछमी देवी इत्यादी महिल शामिल थे ।

## मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजना का लाभ उठावें : डॉ आरसी मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग-**कांग्रेस नेता पूर्व सदर विधानसभा के उपविजेता डॉ आरसी मेहता ने कटकमदाग प्रखंड के सुल्ताना, कुद, रेवाली, कटकमदाग बानादाग, बेंदी, चीची कला इत्यादि गांवों का दौरा किया। इस दौरान बानादाग के सभा में डॉ मेहता ने कहा की झारखंड के विभाजन के बाद पहली बार सरकार द्वारा झारखंडवासियों के हित के लिए दर्जनों सौगात दिया गया है जिसमें मईया महिला सम्मान योजना महिलाओं के कल्याणकारी योजना है इस योजना का लाभ सभी परिवार के लोग उठायें। इसमें एक पासपोर्ट साइज का फोटो आधार कार्ड राशन कार्ड बैंक खाता जरुरी है इसे लेकर पंचायत स्तरीय शिविर में जा ऑनलाइन या ऑफलाइन फार्म भरे। किसी कारण राशन कार्ड में नहीं है तो माता पिता के घर का राशन कार्ड का उपयोग कर सकते हैं जो 15 अगस्त के पहले फार्म भर भरेगे उसे रक्षाबंधन के दिन संभवतः खाते में 1000 सरकार द्वारा भेजा जाएगा अबुवा आवास सभी कच्चे मकान घरवाले लोगों मिलेगा उसका लाभ उठाएं 2 लाख तक कृषि कर्ज माफी 200 यूनिट निशुल्क बिजली सोना सोबरण साड़ी धोती 51 से लेकर जीवन पर्यंत सभी वर्ग के महिलाओं को पेंशन संपूर्ण झारखंड में यात्री बस की सुविधा लाखों लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ना बेरोजगारों को बोलोरो गाड़ी सब्सिडी पर पशुधन देना, मुर्गी फॉर्म झारखंड सरकार द्वारा हजारीबाग वासियों को नगवा टोल टैक्स को संपूर्ण जिला वासियों के लिए फ्री किया गया है, हत्यारे पूर्व हजारीबाग डीसी सिंपसन पार्क से सिमसंन शब्द हटाना, होमगार्ड को सहायक पुलिस का दर्जा देना पारा शिक्षकों को सहायक शिक्षक का दर्जा देना कृषकों को सब्सिडी में विज देना झारखंड के गांव को सड़क से जोड़ना नदी तालाब बनाना इत्यादि सैकड़ो सराहनीय कार्य झारखंड सरकार द्वारा किया गया है । उपरोक्त जन कल्याणकारी योजना से सर्वांगीण विकास हो रहा है पुण; डॉ मेहता ने कहा इसी उपरोक्त कल्याणकारी मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव में जाएगी और निश्चित तौर पर चुनाव जीतकर पुनः गठबंधन की सरकार बनेगी। जिसमें कांग्रेस का भूमिका अहम होगी जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से कटकम दाग कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष भोगता कांग्रेस श्रेष्ठ दिल्ली गेट शारदा नंदन दुबे कांग्रेस वरिष्ठ नेता नरेश कुशवाहा सुधीर कुशवाहा शुकुल कुशवाहा पूर्व प्रमुख दीपक कुमार मेहता फैसल कांग्रेस कोऑर्डिनेटर डॉ दीपक सिंह बंधु नारायण महतो कादिर अंसारी जमालुद्दीन राजेश रजक बिरजू महतो विनोद शाह दीपक प्रजापति मिट्ठू महतो त्यादि सैकड़ो लोग भ्रमण कार्यक्रम में भाग लिए।

## भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने अमृतनगर के घर - घर में तिरंगा लगाकर अभियान की शुरूआत की

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर गजब का उत्साह : शेफाली गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने को लेकर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने सदर विधानसभा क्षेत्र के अमृतनगर के घर- घर में तिरंगा लगाकर अभियान की शुरूआत किया। इस दौरान राष्ट्रभावना की मुहिम को मजबूत करने का लोगों को प्रेरित किया। इस अभियान से अवश्य जुड़ने का आग्रह किया। इस मुहिम में भाजपा नेत्री शेफाली के साथ काफी संख्या स्थानीय ग्रामीणों का उमंग व उत्साह दिखा। घर- घर में तिरंगा लगाकर राष्ट्रभावना को मजबूत किया। साथ ही वंदेमातरम सहित कई राष्ट्रवादी नारा लगाकर राष्ट्र भक्ति का अभूतपूर्व संदेश दिया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारे देश की आन बान शान है। राष्ट्र भक्ति का भी प्रतीक है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर गजब का उत्साह व उमंग है। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान तहत हर घर में तिरंगा लगाकर विशेष सम्मान देने का अपील किया। मौके पर विशेष रूप से भाजपा अनुसुचित मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल वाल्मीकि, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला, रानी शुक्ला, अमृतनगर के उपमुखिया देवा नन्द कुमार उर्फ़ देवा, दीपक कुमार, कुलदीप राम, दिवाकर कुमार, फुटुन राम, कमल राम, संजय गुप्ता, रोहित राम एवं अजय सिंह सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।



## हफुआ में कांग्रेस ने किया जनसंपर्क कई लोग पार्टी में शामिल



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत हफुवा पंचायत में कांग्रेस पार्टी द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान कई युवाओं एवं महिलाओ ने विधायक अंबा प्रसाद के कार्यो से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया।कार्यक्रम का संचालन बड़कागांव विधानसभा के युवा अध्यक्ष जयंत तुरी ने व संचालन विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश इंटक सचिव सह स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज उपस्थित रहे।अंकित राज ने कहा कि विधायक का जनता दरबार लगाना एवं हर छोटे बड़े कार्यक्रम में हिस्सा लेना एवं लगातार अपने क्षेत्र के लोगों से संपर्क में रहने से आमजनों में विधायक के प्रति विश्वास लगातार बढ़ रहा है जिसका असर है कि पंचायत कोर कमेटी की बैठक में अपार जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है।मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, जयंत तुरी, अफसर अंसारी, निर्मल गंझू, शाह इमाम, शुभम कुमार सिंह, सलमान अंसारी, ममता देवी, नईम अंसारी, रूबी देवी, गोरखा करमाली, शमसुद्दीन अंसारी, उमेश गंजू, यासीन अंसारी, गीता देवी, अफसाना परवीन,सरिता कुमारी, सुनीता देवी,महजबीन खातून, साबिरून खातून, शाहिदा फातमा, कामरान अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## झारखण्ड कुशवाहा महासभा प्रदेश स्तरीय राजनीतिक मंथन शिविर का हुआ आयोजन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुशवाहा धर्मशाला रामगढ़ मे झारखण्ड कुशवाहा महासभा प्रदेश स्तरीय कुशवाहा राजनीतिक मंथन महा सभा के प्रदेश अध्यक्ष हाकिम प्रसाद महतो की अध्यक्षता तथा संचालन प्रदेश महासचिव सत्यदेव प्रसाद वर्मा के द्वारा सम्पन्न हुई। जिसमे मुख्य रूप से महासभा के संरक्षक सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ,पूर्व विधायक लोकनाथ महेता,पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा , बटेश्वर प्रसाद मेहता,नरेश वर्मा,राजकिशोर महतो,भुवनेश्वर प्रसाद भुइ,अर्जुन कुमार अजय कुमार कुशवाहा ,जिलाध्यक्ष चतुर्भज कश्यप,सुनील कुमार महतो,केदार दांगी, जेबीकेएसएस/जेएलकेएम नेता कुशवाहा पंकज महतो,मुनिया देवी,पुष्पा देवी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।तथा मंथन शिविर मे प्रदेश अध्यक्ष के द्वार प्रस्ताव लाया गया जिसे सर्वसम्मति से उपस्थित सभी कुशवाहा बन्धुओ ने प्रस्ताव पारित किया कि आसन्न झारखण्ड विधान सभा चुनाव मे एन डी ए गठबन्धन ओर इण्डीया गठबंधन ने यदि कुशवाहो को आबादी की हिस्सेदारी के अनुरूप उम्मीदवार नही बनाती है तो इस बार झारखण्ड प्रदेश के सभी कुशवाहा समाज तीसरा विकल्प मे जायेगें। सर्वसम्मति से सभी 19 कुशवाहा बहुल विधान सभा क्षेत्र मे संभावित उम्मीदवार अपने अपने क्षेत्रो मे जनशक्ति का प्रदर्शनकरेगें(काफी संख्या मे झारखण्ड प्रदेश के सभी जिला से विभिन्न राजनीतिक दलो का कुशवाहा समाज ने भाग लिया।

## भाजपा रामगढ़ नगर परिषद की बैठक संपन्न



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा रामगढ़ नगर परिषद की बैठक भाजपा जिला कार्यालय में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ नगर परिषद भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी ने किया संचालन उपाध्यक्ष राम प्रसाद मलिक ने किया धन्यवाद ज्ञापन भाजपा युवा नेता संतोष शर्मा ने किया बैठक के पूर्व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीपप्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर बैठक प्रारंभ किया गया बैठक में आगामी कार्यक्रम हर घर तिरंगा अभियान चलाकर हर शक्ति केंद्र में टोली बनाकर तिरंगा यात्रा निकालना एवं संगठन के विषयों पर पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच तिरंगा झंडा वितरण किया गया एवं भाजपा रामगढ़ जिला के नवनिर्मित जिला पदाधिकारी एवं मोर्चा के अध्यक्षों को रामगढ़ नगर परिषद की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया। बैठक में वार्ड पार्षद अर्जुन यादव दिलेश्वर कुशवाहा जगत नारायण साह राजेश प्रजापति दुलाल पांडा गणेश प्रसाद प्रमोद यादव अनिल यादव मनोज यादव नरेश यादव सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बरकाकाना क्षेत्र में पुस्तकालय की होगी स्थापना : बुद्धिजीवी मंच

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुद्धिजीवी मंच बरकाकाना क्षेत्र की कोर कमिटी की बैठक सचिव डॉ शाहनवाज खान के आवास सी आई सी बस्ती बरकाकाना में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदीप करमाली ने की और संचालन डॉ शाहनवाज खान ने किया।समीक्षा में पाया गया कि सम्मान समारोह का आयोजन सफल रहा इसके लिए बुद्धिजीवी मंच के सभी सदस्यों को उनके सहयोग के लिए कोर कमिटी के द्वारा धन्यवाद दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि बरकाकाना शहरी क्षेत्र में पुस्तकालय की स्थापना की जाएगी। जिससे क्षेत्र के बीसियों गांव व कॉलोनियों के छात्र छात्रा और नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं को लाभ मिलेगा। इसके लिए स्वतंत्रता दिवस के बाद प्रयास प्रारंभ किया जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया कि दिनांक 16 अगस्त 2024 को 10 बजे स्वास्थ्य केंद्र बरकाकाना और अटल क्लिनिक का अवलोकन कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली जाएगी। दिनांक 20 अगस्त 2024 को सी सी एल, सी आर एस महाप्रबंधक से मिल कर उनके द्वारा सामुदायिक विकास और सामुदायिक कल्याण मद से स्थानीय लोगों को दी जाने वाली सुविधाओं/लाभों की जानकारी ली जाएगी। मंच की अगली बैठक नवंबर माह में की जाएगी। बैठक में उमेश महतो, पंचदेव करमाली, रविंद्र मुंडा, मो. सलीम, देवकी बेदिया, प्रदीप चक्रवर्ती, महादेव ठाकुर उपस्थित रहे।

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा सूचना
ई–निविदा नोटिस सं.– 20ऑफ 2024–25/खुला/इंजीनियरिंग/डीडीयू।
मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है। (i) निविदा सं.–04–डीडीयू–ए.मं.इंजी.–II–24–25, कार्य का नाम एवं लोकेशन : वरीय मंडल इंजीनियर/डी.डी.यू के अधिकार क्षेत्र के तहत जपला मे टावर वैगन शेड और ओ.एच.ई. डिपो का उन्नयन। (ii) कार्य का अनुमानित लागत : ₹86,20,675.66, (iii) धरोहर राशि : ₹1,72,400/–, (iv) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 04.09.2024 को 12:00 बजे तक। (v) वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in
नोट: विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।
मंडल रेल प्रबंधक/ पूमरे/ पं दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/00882/डीडीयू/अभि/टी/24–25/32

# भुरकुंडा सौंदा बस्ती में विधायक प्रतिनिधि बितका बाउरी हत्याकांड की जांच को लेकर पहुंचे बोकारो जोन के आईजी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा ओपी क्षेत्र सौंदा बस्ती में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद का विधायक प्रतिनिधि बितका बाउरी हत्याकांड की जांच को लेकर हजारीबाग जोन के आईजी माईकल राज ने घटनास्थल पहुंचकर पूरे मामले की जांच पड़ताल किया, आपको बता दें एक वर्ष पुर्व विधायक प्रतिनिधि बितका बाउरी को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी, इस मामले में रामगढ़ भुरकुंडा पुलिस ने घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा था, लेकिन परिजनों के आरोप के बाद मामले की जांच एटीएस ने टेकओवर किया था। दोनों ही स्तरों पर जांच में गड़बड़ी के बाद डीजीपी ने आदेश दिया था कि इस केस को एटीएस के बाद दोबारा हजारीबाग जोन के आईजी माईकल राज पुलिस दल-बल के साथ सौंदा घटनास्थल पहुंचकर जांच की और बितका बाउरी के घर में उनके परिजनों से मुलाकात की पूछताछ की गई। बितका बाउरी हत्याकांड में कई पुलिस का तबादला और सस्पेंड किया जा चुका है। जांच पड़ताल करने आईजी टीम के साथ भुरकुंडा थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, पुर्व प्रभारी अमित कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय रजक इत्यादि पुलिस बल मौजूद थे।

## विभिन्न समस्याओ को लेकर बरकासयाल महाप्रबंधक से मिली अंबा प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक कार्यालय स्थित रविवार को बड़कागांव विधानसभा विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा बरकासयाल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह के साथ महाप्रबंधक कार्यालय में बैठक की। वहीं इस बैठक में बरकासयाल क्षेत्र कि विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। जिसमें क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर सकारात्मक बात हुई जिसमें महाप्रबंधक के द्वारा एक से दो दिन के अंदर पानी की समस्या खत्म करने की बात कही। और साथ ही साथ कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में सीसीएल द्वारा एनओसी नहीं मिलने की वजह से विकास कार्य अवरुद्ध हो रहे थे। जिसपर महाप्रबंधक के द्वारा एक से 2 दिन में एनओसी देने की बात कही साथ ही साथ बरकासयाल क्षेत्र के आउटसोर्सिंग कंपनी के द्वारा यहां के विस्थापित एवं प्रभावित लोगों को रोजगार से जोड़ने के विषय पर सकारात्मक चर्चा हुई। वहीं इस मौके पर पतरातू प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अमित साहू, कृष्णा सिंह,सेंट्रल सौंदा के मुखिया तिलेश्वर साव, सयाल दक्षिणी के मुखिया जगदीश साव, एके कोलियरी के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मुकेश साहू,अजय पासवान विनोद साहू, बालेश्वर बेदिया ,जय सिंह, रामकेवल सिंह, रामेश्वर साहू चंदन साहू आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

# रामगढ़ कैंट मंडल में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में रामगढ़ कैंट मंडल साहू धर्मशाला के सभागार पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी शक्ति केंद्र में सभी प्रभारी के साथ बैठक कर हर घर तिरंगा का कार्यक्रम पूरे विस्तार के साथ सभी शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक, सह संयोजक को कार्यक्रम करने का निर्देश दिया गया आगामी 11 ,12 13, 14 अगस्त तक लगातार कार्यक्रम किया जाना है तिरंगा यात्रा 13 तारीख को स्वच्छता अभियान चलाकर शहीदों के आदमकद मूर्ति पर पुष्पांजलि, श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे ,स्वतंत्रता सेनानी को सम्मानित करेंगे,14 अगस्त को विभाजन विभीषिका जो देश के बंटवारे के समय लोग प्रताड़ित हुए थे विभाजन के कारण उनके साथ वार्ता करके उनकी व्यथा को जानना और समाज को बताना कि देश का बंटवारा धर्म के आधार पर हुआ था ।15 अगस्त के दिन झंडा तोलन किया जाएगा कार्यक्रम के प्रभारी राजू चतुर्वेदी जी कार्यक्रम को व्यवस्थित तरीके से किया जाए इसकी जानकारी तथा युवा मोर्चा को रामगढ़ में तिरंगा यात्रा निकालने के लिए पूरी तैयारी करने को कहा ,वही रंजन कुमार फौजी ने अपने ओजस्वी भाषण से कार्यक्रम को करने का दिशा निर्देश दिया तथा प्रोफेसर संजय सिंह ने संगठन के बारे में बड़े ही विस्तार से बताएं जो कार्यक्रम सभी अपने-अपने घरों में झंडा फहराकर राष्ट्गान का गीत गाकर राष्ट्र को समर्पण करेंगे कार्यक्रम में मंच का संचालन संयोजक मिथलेश कुमार मंडल ने किया धन्यवाद ज्ञापन सह संयोजक अजीत गुप्ता ने किया के कार्यक्रम के प्रभारी जिला के महामंत्री राजू चतुर्वेदी उपाध्यक्ष महेंद्र प्रजापति जिला के मीडिया प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद जिला के आईटी मीडिया प्रभारी धीरज कुमार साहू एसटी मोर्चा के झारखंड प्रदेश के मंत्री विनोद कुमार तरुण साहू शशि शेखर राजेश ठाकुर रामगढ़ मंडल के महामंत्री ऋषिकेश सिंह संतोष कुमार शाह ,शीतल सिंह, अजीत गुप्ता, अभिषेक चौधरी, राजू राठौड़, बृजेश पाठक, दीपक सोनकर, बसुद,द्युतिवारी, स्तयजीत सिंह, त्रिभुवन यादव,सुमित अग्रवाल नीतीश राम कुणाल दास ,अविनाश सिंह, संजय सिंह सिसोदिया प्रफुल नारायण त्रिपाठी, सुरेंद्र शर्मा,मनोज सिंह,अमित कुमार ठाकुर,साहिल राज,अरविंद सिंह,गोतम पांडे,सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए।

# मईया सम्मान योजना सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : सुधीर मंगलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड के पंचायत सचिवालय सीरु मे झारखंड सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के सुचारू क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश और प्रभारी बीडीओ सह अंचल अधिकारी मदन महली ने पंचायत सचिवालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने योजना से संबंधित विभिन्न गतिविधियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा की।निरीक्षण के प्रमुख बिंदु्योजना की प्रगति की समीक्षा सुधीर मंगलेश और मदन महली ने योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के पंजीकरण, सुविधाओं के वितरण और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से योजना के तहत अब तक की प्रगति और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।सुविधा केंद्रों का दौरा॰ पंचायत सचिवालय में स्थित सुविधा केंद्रों का दौरा करते हुए, दोनों अधिकारियों ने लाभार्थियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। मंगलेश और महली ने योजना की प्रक्रिया को और अधिक सरल और लाभार्थियों के लिए सुविधाजनक बनाने के उपायों पर भी जोर दिया।महिलाओं के सशक्तिकरण पर बल॰ निरीक्षण के अंत में, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष और प्रभारी बीडीओ सह अंचल अधिकारी ने इस योजना को राज्य की महिलाओं के सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण साधन बताया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने की अपील की।इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और लाभार्थियों ने इस निरीक्षण को एक सकारात्मक पहल बताया, जिससे योजना की प्रभावशीलता में और वृद्धि होगी। मौके पर मुखिया वीणा देवी शंकर महतो संजीव राजा मनिलाल महतो आदि।

*सीसीएल सेफ्टी बोर्ड मेंबर व केंद्रीय उपाध्यक्ष ने किया खानों का निरीक्षण*

## जनता मजदूर संघ सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नही करेगी : निशि पांडे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** जनता मजदूर संघ कि ओर से सीसीएल सेफ्टी बोर्ड मेंबर रविंद्र नाथ सिंह व केंद्रीय उपाध्यक्ष निशि पांडे ने रविवार को बरका सयाल क्षेत्र के कई परियोजनाओं में खान सुरक्षा संबंधी चीजों का निरीक्षण किया। वहीं निरीक्षण के क्रम में एरिया सेफ्टी ऑफिसर, परियोजना पदाधिकारी, खान प्रबंधक सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में खानों में कई ऐसी कमियों को लोगों ने प्रबंधन के सामने उजागर किया और अतिशीघ्र खान सुरक्षा के हित में, मजदूरो के सुरक्षा के हित में उसे सुधारने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं निरीक्षण के पश्चात रविंद्र नाथ सिंह और निशि पांडे ने कहा की मजदूरों के सुरक्षा सर्वोपरि है और जनता मजदूर संघ सुरक्षा के साथ खिलवाड़ एवं अनदेखी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। निरीक्षण के क्रम में जो कमियां हम लोगों ने देखा उसे प्रबंधन को अतिशीघ्र सुधार करने का निर्देश दिया है और इसके बाद भी यदि प्रबंधन सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करती है और किसी प्रकार की घटना घटती है तथा जान माल का नुकसान होता है तो उसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी। मौके पर रिजिनल उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष चमन मुंडा, क्षेत्रीय सचिव दशरथ कुर्मी , महेंद्र सिंह, विनय सिंह , शिव चरण करमाली , बैजनाथ कुमार, प्रदेशी नोनिया ,विजय राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## विप्र फाउंडेशन के प्रदेश कमिटी द्वारा वृक्षारोपण एवं छाते का वितरण किया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** ब्राह्मण सभा सिमडेगा के तत्वावधान में स्थान सरना मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भाँति भगवान शंकर की विशेष पूजन का आयोजन सामुहिक रूप से पूजन का कार्यक्रम रखा गया था। सबसे पहले भगवान भोलेनाथ का पूजन हवन, आरती हुई द्य सभा के मुख्य यजमान श्याम लाल शर्मा (नागवान) सह पत्नी थे एवं भंडारा में सेंकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया तत्पश्चात विप्र फाउण्डेशन जोन- 6 , सिमडेगा शाखा द्वारा एक कार्यक्रम सरना मंदिर में ही आयोजित किया गया, बैठक की अध्यक्षता ब्राह्मण सभा सिमडेगा के अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने की । बैठक में मुख्य रूप से विप्र फाउण्डेशन झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सी ए जय प्रकाश शर्मा, प्रदेश महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा, प्रदेश संगठन महासचिव अजय दधीच, प्रदेश सचिव अमित शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम लाल शर्मा, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सुरेश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। सर्व प्रथम अतिथियों का स्वागत ओम प्रकाश शर्मा, गोकुल शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, शंकर शर्मा, रघुनाथ शर्मा, राम निवास शर्मा द्वारा बुके एवं अंग वस्त्र भेंट कर किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बजरंग शर्मा, अशोक शर्मा, संजय शर्मा समलेश्वरी, सचिन शर्मा मुन्ना,विकी नागवान,बसंत शर्मा, सोनू शर्मा, दीनदयाल शर्मा,विकास शर्मा,वतन शर्मा का योगदान मुख्य रूप से रहे ।

## माता बहनों को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार की है यह महत्वपूर्ण योजना : अंबा प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** झारखंड सरकार की अति महत्वपूर्ण मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के अंतर्गत रविवार को पतरातू प्रखंड क्षेत्र के सेंट्रल सौंदा, सयाल उत्तरी, सयाल दक्षिणी, सांकुल में लगे शिविर में बड़कागांव विधानसभा कि विधायक अंबा प्रसाद ने उपस्थित मां-बहनों से राज्य की अति महत्वपूर्ण योजना की समीक्षा करते हुए सभी योग्य महिलाओं को लाभ लेने की अपील की। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने बताया कि इस योजना का लाभ ऑनलाइन, ऑफलाइन दोनों माध्यमों से ली जा सकती है। वहीं जिन महिलाओं का राशन कार्ड में नाम नहीं है वे भी पिता या पति के राशन कार्ड में नाम होने पर योग्य माने जाएंगे। इस दौरान विधायक ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी लाभुक इस योजना से नहीं छूटे यह सुनिश्चित करें। विधायक ने इस दौरान उपस्थित कर्मीयों को सुचारू पूर्वक इस योजना की संचालन हेतु निर्देश दी। विधायक ने यहां झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत आवेदन जमा करने आयी महिलाओं से मुलाकात की। विधायक अंबा प्रसाद ने आवेदन जमा करने की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित माता-बहनों से कहा कि इस योजना का सभी जरूरतमंद लोग लाभ उठायें। कोई भी गलत लोग इसका लाभ नहीं ले सकें, इसका भी ख्याल रखें। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि आवेदन जमा करने का कार्य बिल्कुल निःशुल्क है। यदि कोई भी व्यक्ति पैसा मांगता है तो सूचना दें। सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

## पतरातू प्रखंड पंचायतों में पहुंच कर मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का विधायक ने की समीक्षा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** झारखंड सरकार की अति महत्वपूर्ण मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के अंतर्गत पतरातू प्रखंड क्षेत्र के सेंट्रल सौंदा,सयाल उत्तरी,सयाल दक्षिणी,सांकुल में लगे शिविर पहुंचकर विधायक अंबा प्रसाद ने उपस्थित मां-बहनों से राज्य की अति महत्वपूर्ण योजना की समीक्षा करते हुए सभी योग्य महिलाओं को लाभ लेने की अपील की। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने बताया कि इस योजना का लाभ ऑनलाइन,ऑफलाइन दोनों माध्यमों से ली जा सकती है। वहीं जिन महिलाओं का राशन कार्ड में नाम नहीं है वे भी पिता या पति के राशन कार्ड में नाम होने पर योग्य माने जाएंगे। इस दौरान विधायक ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी लाभुक इस योजना से नहीं छूटे यह सुनिश्चित करें। विधायक ने इस दौरान उपस्थित कर्मीयों को सुचारू पूर्वक इस योजना की संचालन हेतु निर्देश दी आगे विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि आवेदन जमा करने का कार्य बिल्कुल निःशुल्क है। यदि कोई भी व्यक्ति पैसा मांगता है तो सूचना दें। सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

## रामगढ़ में भगवान पार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याणक पर भव्य समारोह आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** 23वें जैन तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याणक के उपलक्ष्य में जयकारों एवं मंत्रोच्चार के साथ रांची रोड स्थित श्री पारसनाथ जिनालय मे भगवान पारसनाथ स्वामी का अभिषेक, विश्व की मंगल कामना एवं सुख-समृद्धि के लिए शांतिधारा, सामूहिक पूजा की जाती है। निर्वाण कांड के सामूहिक उच्चारण के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाया जाता है तथा भगवान पार्श्वनाथ की आरती की जाती है। वहीं मोक्ष/ मुकुट सप्तमी के दिन छोटी-छोटी बालिकाएं एवं कुंवारी कन्याएं पूरे दिन का निर्जला उपवास करती है। इस दिन देव-शास्त्र-गुरु की सामूहिक भक्ति करके आत्म चिंतन करने के साथ ही श्री जी पूजन, स्वाध्याय, मनन-चिंतन, सामूहिक प्रतिक्रमण आदि में दिन बिताया जाता हैं तथा सायंकाल घोड़ी-बग्घी में बैठाकर उन्हें घुमाया जाता है तथा अगले दिन उनका पारण कराया जाता है। जलाभिषेक शिखरचंद बज धीरज बज उषा अजमेरा, शांतिधारा हरकचंद ,विवेक, विकाश अजमेरा, सुरेश चंद सेठी, निर्वाण लाडू विनय जैन , मिथलेश जैन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम संयोजक संदीप सेठी, बबलू सेठी थे ।सभी कार्यक्रम के पश्चात रांची रोड स्थित श्री पारसनाथ जिनालय के प्रांगण से राजगीरो के बीच बुंदिया का वितरण भी किया गया।इस मौके पर समाज के अध्यक्ष माणिक जैन, अरविंद सेठी, नरेंद्र छाबड़ा,जंबू जैन,राजेश सेठी, देवेंद्र गंगवाल,पदम सेठी आदि उपस्थित थे।

## झामुमो कार्यालय उरीमारी में महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया सावन उत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सावन के पवित्र महीने के साथ भारत में त्योहारो का सीजन शुरू हो चुका है। इसी आलोक में रविवार को झामुमो कार्यालय उरीमारी में महिला समूह कि महिलाओं ने सावन उत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। वहीं सर्वप्रथम सभी महिलाओं ने भगवान भोलेनाथ एवं माता गौरी कि तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की। और केक काट कर सावन उत्सव का शुभारंभ किया गया। वहीं इस सावन उत्सव कार्यक्रम कि मुख्य अतिथि जनता मजदुर संघ कि केन्द्रीय उपाध्यक्ष निशि पांडेय और उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार कि धर्मपत्नी रेशमी कुमारी रही। वहीं व्यवस्थापक में झामुमो केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया कि पत्नी गौरी देवी रही। वहीं इस सावन उत्सव के मौके पर मुख्य अतिथि निशी पांडेय ने कहा कि सावन का महीना उमंग और उत्साह से भरा होता है चारों ओर हरियाली मन को भी हरा भरा बना देती है। सावन का पूरा महीना भगवान भोलेनाथ को समर्पित होता है। वहीं इस मौके पर उपप्रमुख बबीता पांडेय, संगीता श्रीवास्तव, सयाल पंसस कंचन कुमारी, सुनीता श्रीवास्तव, आरती देवी, सुनीता त्यागे, कविता देवी, भारती देवी, वीणा सिंह, शोभा मुंडा, प्रिती शेन गुप्ता, श्वेता प्रियदर्शी, सुधा कुमारी, सयाल उतरी पंचायत मुखिया आशा देवी, पिंकी देवी, गिता देवी,वीणा देवी, सरीता देवी, बबीता देवी, ज्योति गुप्ता आदि महिलाए मौजूद थी।

## वनरक्षी नारायण महतो के शव का दामोदर नदी के तेलमोच्चो घाट में हुआ अंतिमसंस्कार

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला के महुदा थाना क्षेत्र के दामोदर नदी बागड़ा घाट में नहाने के दौरान वनरक्षी नारायण महतो डूब गया था। काफी खोज बिन के बाद स्वतः शनिवार की शाम को वनरक्षी नारायण महतो का शव पानी के ऊपर आ गया। ज्ञात हो कि शुक्रवार को नारायण महतो गांव के किसी आदमी के दाहसंस्कार के लिए दामोदर नदी बागड़ा घाट गया था। नदी में नहाने के दौरान गहरे पानी में चला गया। दामोदर नदी के तेज धार में डूब गया था। गांव के मौजूद लोगों ने नदी में जाकर काफी खोजबीन किया, परन्तु कहीं उनका पता नहीं चल सका। घटना की सूचना पाकर जिला फोरेस्ट विभाग की टीम एवं महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार नदी किनारे पहुंचे थे। नारायण महतो डीएफओ कार्यालय में कार्यरत थे, वह पिछले वर्ष ही विवाह बंधन में बंधे थे. एक माह एक पुत्री है और नारायण अपने माता पिता का इकलौता पुत्र है। शनिवार की शाम को दामोदर नदी के पानी में नारायण महतो का शव बाहर निकला। पोस्टमार्डम के बाद रविवार को तेलमोच्चो घट में अंतिम संस्कार किया गया।



## कल्याण ज्वेलर्स ने धनबाद में नए शोरूम के साथ झारखंड में अपनी उपस्थिति को किया मजबूत



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत की सबसे भरोसेमंद और सबसे बड़ी आभूषण कंपनियों में से एक कल्याण ज्वेलर्स ने शनिवार को धनबाद में अपना नया शोरूम लॉन्च किया। धनबाद के कोला कुसमा रोड पर स्थित क्यूबिक मॉल में नया और शानदार शोरूम, झारखंड में कंपनी की उपस्थिति को मज़बूत करता है, जिसमें विभिन्न कलेक्शन से अलग-अलग डिज़ाइन की एक विस्तृत श्रृंखला पेश की गई है। यह झारखंड राज्य में कंपनी का पांचवां शोरूम है। कल्याण ज्वेलर्स के कार्यकारी निदेशक, रमेश कल्याणरमन ने नए शोरूम के बारे में कहा, हमने एक कंपनी के रूप में, बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं और ग्राहकों के खरीदारी का बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के लिए समग्र परितंत्र तैयार करने की दिशा में बड़े कदम उठाए हैं। हम अपनी विकास यात्रा के इस अगले चरण में प्रवेश कर रहे हैं, ऐसे में हमें धनबाद में अपने नए शोरूम के शुभारंभ की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस लॉन्च के साथ, हमारा लक्ष्य है, झारखंड राज्य में अपना निरंतर विस्तार करना और कंपनी के विश्वास तथा पारदर्शिता के मूल मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए अपने ग्राहकों को खरीदारी का शानदार अनुभव प्रदान करना जारी रखना। धनबाद में नए लॉन्च किए गए शोरूम में, कल्याण ज्वेलर्स ने एक अनूठे प्रमोशन की घोषणा की है जिसके तहत न्यूनतम 1 लाख रुपये की खरीदारी करने वाले ग्राहकों को उनके आधी खरीद मूल्य पर 0% मेकिंग चार्ज लगेगा। ग्राहकों को कल्याण ज्वेलर्स का 4-लेवल एश्योरेंस सर्टिफिकेट भी मिलेगा, जो शुद्धता, गहनों के मुफ्त आजीवन रख-रखाव, विस्तृत उत्पाद जानकारी और पारदर्शी विनिमय और बाय-बैक नीतियों की गारंटी देगा। कल्याण ज्वेलर्स के इस नए शोरूम में लोकप्रिय ब्रांड जैसे मुहूर्त, मुद्रा, नीमा, ग्लो, ज़िया, अनोखी, अपूर्वा अंतरा, हेरा, रंग और हाल ही में लॉन्च किए गए ब्रांड, लीला के आभूषण उपलब्ध होंगे।

## रक्तदान कर डीआरडीए कर्मी संतोष सिन्हा ने बचाई मरीज की जान

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विगत दो दिनों से धनबाद के ब्लड बैंको में ए पॉजिटिव रक्त उपलब्ध नहीं रहने के कारण श्री राम हॉस्पिटल में इलाजरत प्रशांत कुमार के लिए धनबाद डीआरडीए में कार्यरत संतोष सिन्हा ने आपातकाल में रक्तदान कर जीवन बचाने का कार्य किए। धनबाद के सभी सरकारी तथा निजी ब्लड बैंको में ए पॉजिटिव रक्त उपलब्ध नहीं रहने के कारण मेमको मोड़ स्थित निजी हॉस्पिटल श्री राम हॉस्पिटल में इलाजरत प्रशांत कुमार का पैर का ऑपरेशन नहीं हो पा रहा था। परिवार के सदस्य ब्लड बैंको के चक्कर लगा कर हार मान गए तथा निराश हो चुके थे। जिसकी सुचना रास्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रस्टाचार निवारण, भारत के प्रदेश अध्यक्ष मनोज मंडल को जैसी ही पता चला उन्होंने देर न करते हुए अपने मित्र एवं सहकर्मी डीआरडीए धनबाद में कार्यरत संतोष सिन्हा को रक्तदान के लिए आग्रह किए। श्री सिन्हा ने वस्तुस्थिति के नजाकत को देखते हुए समय न गवाते हुए तत्काल एशियन द्वारिका जालान ब्लड बैंक में पहुंच कर अपना रक्तदान कर जीवनदान देने का पुण्य कार्य किए। जालान ब्लड बैंक के टीम द्वारा श्री सिन्हा को सर्टिफिकेट, पुष्पगुछ तथा मोमेंटो देकर सम्मानित करते हुए सराहना की। मरीज़ के घर वाले संतोष को धन्यवाद करते हुए आभार प्रकट किए।



# एटीएम बूथ में फैला है जालसाजों का जाल बीसीसीएल कर्मी को बनाया निशाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** पाथरडीह थाना क्षेत्र के चासनाला सेंट्रल बैंक और एसबीआई एटीएम के पैसा निकालने वाला की जगह पर जाल साजो ने एक चदरा का प्लेट लगा रखा था जिसमे एटीएम से पैसा निकालने के बाद उसी में फंस जाता था और बाद में साइबर अपराधियों के द्वारा पैसा निकाल लिया जाता था। यह ताजा मामला शनिवार को चासनाला सेंट्रल बैंक एवं एसबीआई बैंक के एटीएम में देखने को मिला। चासनाला साउथ कॉलोनी निवासी प्रेम कुमार के द्वारा एसबीआई एटीएम से एक हजार रूपए निकाला गया जिसका पैसा फंस गया। उन्होने देखा कि पैसे निकालने वाली जगह पर चदरा का प्लेट लगा हुआ है। किसी तरह से हटाया और पैसा निकाल लिया। वहीं दूसरी तरफ सेंट्रल बैंक के एटीएम में चासनाला मलिक टोला निवासी बीसीसीएल कर्मी जलेश्वर मल्लिक के द्वारा एटीएम से 5 हजार रुपया निकाला गया जिसका पैसा फंस गया। वहां भी इसी तरह का प्लेट लगा हुआ था। इसके बाद जलेश्वर ने थाना में आवेदन दिया गया। पुलिस द्वारा तब प्लेट हटाने पर ही मामले का खुलासा हो पाएगा।




## झारखंड एकता संघ ने कावरियों की सेवा के लिए आयोजित किया शिविर

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड एकता संघ कोलकाता के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोलकाता के तारकेश्वर रोड पर कांशी विश्वनाथ मंदिर के समीप एक दिवसीय निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कांवरियों के सेवा के अतिरिक्त निशुल्क पानी, बिस्कुट, फ्रूटी एवं चॉकलेट का वितरण किया गया। आपको बता दें कि झारखंड एकता संघ कोलकाता झारखंड के प्रवासी मजदूरों का एक संघ है, जो धार्मिक एवं आर्थिक सेवा के लिए तत्पर रहती है। मौके पर झारखंड एकता संघ के अध्यक्ष सुखदेव महतो, धनेश्वर वर्मा, अशोक कुमार वर्मा, अजय सिंह, रमेश वर्मा, होरिल महतो के अलावे सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## नुक्कड़ नाटक के द्वारा मंईया सम्मान योजना के बारे में बताया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** रविवार को प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पेशम में स्थित मां दुर्गा मंडप के पास जिला सूचना जनसंपर्क विभाग पीआरडी के द्वारा एक नुक्कड़ नाटक के द्वारा झारखंड सरकार के महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के बारे में महिलाओं को जागरूक एवं प्रचार प्रसार किया गया। आपको बता दें कि झारखंड सरकार के द्वारा 21 वर्ष से 50 वर्ष तक की सभी गरीब महिलाओं को एक वर्ष में 12 हजार रुपए देने की बात की जा रही है, जिसके लिए 15 अगस्त तक ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन आवेदन स्वीकार किया जा रहा है। मौके पर स्थानीय मुखिया रागिनी सिन्हा के अलावे दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का किया गया आयोजन

## एक अच्छे इंसान बनकर देश की तरक्की में अपना योगदान देना है : शरथ महतो



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के मछियारा में स्वामी विवेकानंद प्लस दो हाइ स्कूल में प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ढुलू महतो ,सांसद के सांसद प्रतिनिधि सह ढुलू महतो के बड़े भाई शरथ महतो उपस्थित हुए।स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज महुदा में भूतपूर्व छात्र छात्राओं के बीच मूल प्रमाण पत्र का वितरण किया गया जिसमे सांसद प्रतिनिधि शरथ महतो ने विद्यार्थियों से कहा कि इस प्रमाण पत्र को लेने के बाद देश के निर्माण में आपकी जिमेदारी बढ़ गई है।आपको एक अच्छे इंसान बनकर देश की तरक्की में अपना योगदान देना है।आपके लिए हर। संभव हम हर तरह की मदद करने के लिए हमेशा तैयार है। इस कार्यक्रम में कॉलेज के सचिव एस हुसैन प्राचार्य एस ठाकुर उपप्राचार्य प्रेम रवानी सभी शिक्षक शिकाकाए समाजसेवी हिमांशु रवानी राजू ठाकुर सोहन राय संजय रवानी अन्य शिक्षक शिक्षिए उपस्थित थे।

## गंदगी की चादर में लिपटी रहमतगंज की गलियां, लोग परेशान

# समाजसेवी अब्दुल जब्बार ने सफाई व नाली निर्माण की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** गंदगी की चादर में लिपटी रहमत गंज की गलियों का हाल बेहाल है। बीमारी का साया और नाली की दुर्दशा से लोग परेशान हैं। कोई फरियाद सुनने वाला नहीं। प्रशासन कब देगा ध्यान, यह सबसे बड़ा सवाल है। उक्त सारी बातें वार्ड संख्या 18 के पार्षद प्रत्याशी सह समाजसेवी अब्दुल जब्बार ने कही।

आप को बता दें की वार्ड संख्या 18 के रहमतगंज में नाली की व्यवस्था आज एक गंभीर समस्या का रूप ले रही है। नालियों का निर्माण न होना और जहां नालियां बनी हैं, वहां सफाई के अभाव के कारण इलाके में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इस गंदगी से बीमारी फैलने का खतरा लगातार बढ़ रहा है, जिससे इलाके के निवासियों की चिंता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोग नगर निगम और प्रशासन से कई बार इस समस्या के समाधान के लिए गुहार लगा चुके हैं, लेकिन उनकी फरियादें अनसुनी रह गई हैं। जहां नाली निर्माण हुआ है, वहां सफाई की व्यवस्था नहीं है, और कई जगहों पर नालियां अधूरी छोड़ दी गई हैं, जिससे समस्या और बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने बताया बरसात तो छोड़ दीजिए, नाली का निर्माण नहीं होने के कारण आए दिन घरों में नाली का गंदा पानी भर जाता है। वहीं पुरी समस्या को लेकर वार्ड संख्या 18 के पार्षद प्रत्याशी सह समाजसेवी अब्दुल जब्बार ने निगम को लिखित आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया और जल्द ही नाली निर्माण की मांग की।



# टुंडी के पिपराटांड गांव पहुंचे टुंडी विधायक, पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद का दिया आश्वासन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के वरवाटांड पंचायत के पिपराटांड गांव में कल शाम अचानक तेज गर्जन के साथ वज्रपात होने से जहां एक महिला की मौत हो गई वहीं नौ लोगों का झुलसने का समाचार प्राप्त हुआ है। गौरतलब है कि टुंडी मुख्यालय से करीब बारह किलोमीटर की दूरी में अवस्थित पिपराटांड गांव में जबकि दूसरी घटना कदैंया गांव में घटी बताया जाता है कि कुछ महिलाओं की दल धानरोपनी कार्य को समाप्त कर अपनी घर की और आ रहे थे तभी व्रजपात के शिकार हो गए।इस घटना के संबंध में बताया जाता है कि समरा सोरेन की पत्नी सावित्री देवी की माथे पर अल्यूमीनियम की डेगची था उसी पर व्रजपात हो गया इस कारण उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गया। बाकी लोग झुलस कर बेहोश हो गए।इस खबर के मिलते ही टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ पिपराटांड गांव पहुंचे जहां पीड़ित परिवारों से मिलकर बारीकी से जानकारियां प्राप्त किया और इस दुःख की घड़ी में सबों को हरसंभव आर्थिक मदद का आश्वासन दिया। मौके पर उनके निजी सचिव बसंत महतो विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी के अलावा सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे इधर प्रशासन की और से अंचलाधिकारी जितेंद्र कुमार थाना प्रभारी असीम कमल टोपनो जिला परिषद सदस्या प्रतिनिधि गुरूचरण बास्की द्वारा पंचनामा कर आगे की कार्रवाई किया जा रहा है गांव में फिलहाल शांति का माहौल बना हुआ है।

# लापता प्रवासी मजदूर की घर वापसी के लिए रंजीत महतो ने प्रशासन से की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद जिले अंतर्गत बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के मरिचो पंचायत नवाटांड़ कार्मेल आदिवासी टोला निवासी प्रवासी मजदूर सुरेश मुर्मू, उम्र लगभग 35 वर्ष, पिता मोतीलाल मुर्मू जो आंध्रप्रदेश विशाखापत्तनम से लापता होने की खबर ग्रामीणों के माध्यम से सूचना मिलते ही संज्ञान में लेकर पीड़ित परिजनों के साथ स्थानीय बरवाअड्डा थाना में आवेदन देकर सकुशल घर वापसी के लिए मांग किए। पीड़ित परिजनों का कहना है कि विगत दो महीने पूर्व ठिकेदार के माध्यम से मजदूरी करवाने के लिए आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम शहर में लेकर गया था। विगत पांच अगस्त को उनके साथी गणेश मरांडी जो मनियाडीह टुंडी निवासी हैं के साथ वापस झारखंड वापसी के दौरान विशाखापत्तनम के अनकापल्ली स्टेशन से ही लापता हो गया है। प्रवासी मजदूर सुरेश मुर्मू के परीज़न बहुत ही गरीब परिवार से हैं उनके चार छोटे छोटे बच्चे हैं। मामले को लेकर जेबीकेएसएस धनबाद जिला मिडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो ने स्थानीय बरवाअड्डा थाना प्रभारी, धनबाद पुलिस उपाधीक्षक, ग्रामीण एसपी, धनबाद जिला प्रशासन और आंध्रप्रदेश प्रशासन से त्वरित संपर्क करें।

अविलंब घर वापसी के लिए मांग किएं हैं। मौके पर उपस्थित मरिचो पंचायत समिति साहेबराम मुर्मू, मीना देवी, हिरालाल मुर्मू, संजय सोरेन, चांद मुर्मू, आदि सभी आदिवासी समाज के मांझी हड़ाम नायकी बाबा सहित सभी प्रतिनिधियों की उपस्थिति हुई।




### रीता माथुर प्रसाद ने तीसरे दिन भी चलाया हर घर तिरंगा अभियान

# राष्ट्र की एकता को मजबूती देगा हर घर तिरंगा अभियान : रीता माथुर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** पूर्वी बगोदर जिला परिषद सदस्य सह भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष रीता माथुर प्रसाद ने रविवार को बगोदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में जनसम्पर्क करते हुए हर घर तिरंगा अभियान चलाई। अभियान शुरू करने से पहले उन्होंने बगोदर स्थित हरिहर धाम में पूजा अर्चना की और बोलबम जा रहे कांवड़ियों को शुभकामनाओं के साथ विदा की। उन्होंने अभियान के दौरान आम लोगों से मिलकर तिरंगा झंडा का वितरन कर सभी से अपने घरों पर झंडा लगाने का आह्वान की। जनसम्पर्क के दौरान वो जहाँ भी गयीं ग्रामीणों का भरपूर समर्थन मिला। सभी ने बगोदर विधानसभा में बड़े बदलाव हेतु एक स्वर में उनका समर्थन किया।जनसम्पर्क के दौरान जनसभा को सम्बोधित करते हुए प्रसाद ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान राष्ट का सम्मान है। साथ ही यह तिरंगा हमारी विभिन्नता को एकता प्रदान करता है। देश में कई जाती प्रजाति के साथ अलग अलग धर्म और संस्कृति के लोग वास करते हैं। फिर भी इस तिरंगे के प्रति हमारी श्रद्धा समान है और ज़रूरत पड़ने पर हर एक भारतीय इस तिरंगे पर कुर्बान हो जायेंगे। इस तिरंगा को पाने के लिए हमारे पूर्वजों ने कई कुर्बानीयां दी हैं। इसलिए इसके सम्मान में सभी भारतियों को इस अभियान में शामिल होना चाहिए एवं अपने अपने घरों और कार्यालयों में तिरंगा झंडा अवश्य लगाना चाहिए।

## भाजपा नेता ने किया आदिवासी दिवस पर शिक्षा सामग्री वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** रविवार को गिरिडीह विधानसभा भाजपा पूर्वी भाग मंडल अंतर्गत पूरनानगर पंचायत में आदिवासी एवं अनुसूचित जाति गांव भुराई में भाजपा पूर्वी भाग मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित विश्व आदवासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन सेवानिवृत्ति इंजीनियर सह प्रदेश प्रवक्ता भाजपा ओबीसी मोर्चा विनय कुमार सिंह

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हु। वही कार्यक्रम में विक्रमादित्य क्लासेस मंगलम हॉल गिरिडीह के निदेशक कुमार गौरव सहित उनके सहयोगियों के सौजन्य से छात्र-छात्राओं को उत्साहित करने एवं शिक्षा क्षेत्र में जागरूकता लाने के उद्देश्य से सैकड़ो आदिवासी एवं अनुसूचित बच्चों को शिक्षा सामग्री वितरण एवं बच्चों को पुरस्कृत किया गया। वही कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री प्रदीप राय द्वारा किया गया । इधर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंजीनियर विनय कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीबों को प्राप्त लाभ प्रधानमंत्री आवास योजना, 5 किलो प्रति व्यक्ति मुफ्त राशन वितरण ,किसान सम्मान निधि ,आयुष्मान कार्ड के तहत इलाज हेतु 5 लाख की सुविधा सहित अन्य उपलब्धियां के बारे में विस्तार पूर्वक ग्रामीणों को दी गई। उन्होंने राज्य सरकार पर कहा कि हेमंत सरकार की विफलताओं को भी बताया गया। साथ में अवगत कराया गया की मैया सम्मान योजना एक धोखा है ,से अवगत कराते हुए बताया गया कि विगत विधानसभा चुनाव 2019 में किए गए झूठे वादे और जनता को दिग्भ्रमित कर जिस प्रकार हेमंत सोरेन सत्ता में आए । उसी प्रकार जनता को पुनः झूठे वादे एवं भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता हेमंत सरकार के झूठे वादे को पूरी तरह समझ चुकी है। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता वासुदेव राम चंद्रबंसी ,अमित पासवान ,राजकुमार पासवान ,प्रेम दास, हीरालाल राम ,विनोद राम, प्रेम वासके ,फागु दास, प्रयाग दास ,बंधु दास, कारू राय बलदेव दास कुंदन सिंह राजपूत निशु सिंह कुणाल सिंह, यश कुमार सहित भाजपा के सम्मानित दर्जनों नेता एवं सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### एआईपीआरपीए की आम सभा की बैठक आयोजित

# बकाया वेतनमान भुगतान में हो रही देरी का मामला उठा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एआईपीआरपीए की आम सभा की बैठक दिनांक 11.8.2024 को श्री यदु राम की अध्यक्षता में धनबाद हेडपोस्टऑफिस के परिसर में आयोजित की गई। पोस्टमैन सदस्यों ने 1.1.96 से संशोधित वेतनमान के बकाया भुगतान में हो रही देरी का मामला उठाया। सभा को यदुराम, बृज बंशी प्रसाद सिंह और मुस्तकीम अहमद ने भी संबोधित किया। जेपी झा ने सीएमसी की मीटिंग जो 28.8 2024 को भोपाल में होने जा रही है, वो और राम नरेश के शामिल होने की भी जानकारी दी। जेपी झा ने संघ की आजीवन सदस्यता भी ग्रहण की। सीएचक्यू के निर्देशानुसार सितंबर में होने वाले कार्यक्रम की भी जानकारी दी। मुस्तकीम अहमद और ब्रिज बंशी प्रसाद सिंह ने भी लंबे समय तक मांग की पूर्ति में विलंबित रवैया होने पर आक्रोश जताया। बैठक में निर्णय लिया गया कि लंबे समय से लंबित मांगों का समाधान नहीं होने पर रिले फास्ट भूख हड़ताल का आयोजन किया जाएगा। बैठक में जगदेव प्रसाद, मिहिर चंद उपाध्याय, नरेश प्रसाद, एनसी मंडल, दिनेश वर्मा, बालेश्वर प्रसाद, फणींद्र रजक लखन पासवान, जानकी कुम्हार आदि शामिल हुए।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा लोहरदगा जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस, कहा

### झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना पर विपक्ष राजनीति के तहत मां-बहनों को कर रहे हैं गुमराह




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उन्होंने कहा कि झारखण्ड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का शुभारम्भ विगत दिनांक 03 अगस्त 2024 को किया गया। मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार श्री हेमन्त सोरेन जी के द्वारा संज्ञान लेकर योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाईयों को दूर किया गया है। ताकि योजना का लाभ झारखण्ड की सभी माताओं-बहनों को मिल सके। उन्होंने कहा कि यह काफी खेदजनक है कि झारखण्डी जनों के हित को न देखते हुए विपक्ष इन योजनाओं पर भी राजनीति करते हुए आम जनों को गुमराह करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का मुख्य उद्देश्य हमारे राज्य की बहनों को सम्मान और अधिकार प्रदान करना है। इस योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की आयु की बहनों को प्रतिमाह 1000 रुपये की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी, अर्थात प्रति वर्ष 12000 रुपये का सम्मान। 2. मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना धर्म और जाति से ऊपर उठकर सभी बहनों के लिए लागू की गई है। हमारी सरकार पूरे महिला समाज के उत्थान के लिए प्रयासरत है,ताकि हर बहन को उसका हक और सम्मान मिल सके। 3. जन्म से लेकर स्कूल और कॉलेज तक, हमने सभी आयु वर्गों के लिए योजनाएँ बनाई हैं। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के माध्यम से 50 साल तक की बहनों को सशक्त बनाने के हमारे प्रयास का एक महत्वपूर्ण कदम है। 4. बहनों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए हमारी सरकार ने योजना के फॉर्म को जिला प्रशासन के सहयोग से घर-घर तक पहुंचाया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भी इस काम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 5. सरकार ने यह निर्णय लिया है कि किसी भी बहन-बेटी को फॉर्म के लिए दूर नहीं जाना होगा। इसीलिए हर पंचायत में विशेष कैंप लगवाए गए हैं। बहनें कैंप में फॉर्म जमा कर रही हैं, वहीं आधार कार्ड का सत्यापन और राशन कार्ड से मिलान भी किया जा रहा है। 6. 3 अगस्त से ऑनलाइन फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरु हुई थी। शुरू में तकनीकी समस्याएँ आई,लेकिन उन्हें अगले दिन ही ठीक कर लिया गया। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। पहले दिन सर्वर संबंधी कुछ दिक्कतें आई थी पर उसे दूसरे दिन ही ठीक करवा लिया गया था। 7. दूसरे दिन से ही पंजीकरण की गति भी बढ़ गई थी। अब तक 16 लाख से अधिक बहनों ने अपना पंजीकरण करवा भी लिया है, जो एक बहुत अच्छी संख्या है। 8. कभी-कभी तकनीकी दिक्कतों के कारण बहनों को लंबा इंतजार करना पड़ता था। इस परेशानी को दूर करने के लिए सरकार ने निर्णय लिया कि योजना में पंजीकरण केवल ऑनलाइन नहीं,बल्कि ऑफलाइन भी होगा। 9. ऑफलाइन पंजीकरण को भी सरल कर दिया गया है।

# जिला प्रशासन व डालसा के संयुक्त तत्वाधान में मेगा लोक अदालत का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में जिला प्रशासन व डालसा के संयुक्त तत्वाधान में मेगा लोक अदालत का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ सब जज अर्चना कुमारी, प्रमुख फुलझरी देवी, बीडीओ संग्राम मुर्मू, सीओ राकेश कुमार तिवारी और अधिवक्ता दीपक लाल देव् के द्वारा दिप प्रज्वलन कर प्रारम्भ किया गया। मौके पर उपस्थित सब जज अर्चना कुमारी डालसा के माध्यम से और सरकार द्वारा अनेको योजनाएं चलाई जा रही है जिसका लाभ आप सभी लें डायन बिसाही, यौन शोषण, सड़क दुर्घटना, लड़ाई झगड़ा या अन्य तरह की कोई समस्या हो तो केश के लिये सनहा दर्ज करायें जिसे आपको न्यायालय से न्याय अवश्य मिलेगा और न्याय की प्रक्रिया के माध्यम से त्वरित करवाई किया जायेगा। आज देश के नियम कानून में बदलाव किया गया है जो सशक्त और मजबूत है जिस विवाद में समझौता होने जैसा रहे तो मिल बैठ कर डालसा के माध्यम से सुलह समझौता कराने का प्रयास करें साथ ही कहा की जमीन या कोई चीज का मामला आता है। तो आप को आपना और अपने वस्तु या सम्पति का हिफाजत करना अपका प्रथम कर्तव्य है। आज जितनी भी घटनाएं हो रही है तो अशिक्षा और अज्ञानता के कारण हो रही है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से गरीब व पीड़ित व्यक्ति के लिये वकील मुहैया कराती है जिसे त्वरित करवाई हो पीड़ित व्यक्ति को न्याय मिल सके तथा किसी भी जाती समाज के महिला और बच्चे हैं तो उन को डालसा की ओर से तीन लाख रुपैया तक केश शुल्क में छूट दिया जाता है।

# एसएस पब्लिक स्कूल में विश्व आदिवासी दिवस पर निबंध, लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर एसएस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में स्पीच, डिबेट, क्राफ्ट, आर्ट एवम् निबंध लेखन कंपीटीशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता की शुरुआत विद्यालय के सचिव बिंदु तिवारी के कर कमलों द्वारा हुआ,श्रीमती तिवारी सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित करके किया। तत्पश्चात् विद्यालय के प्राचार्य एवम् अन्य शिक्षक ने भी पुष्प अर्पित कर नमन किया। विद्यालय के बच्चों ने इस कार्यक्रम में काफी ही सराहनीय प्रदर्शन किया । ग्रुप॰ से स्पीच कंपटीशन में कक्षा दसवीं की छात्रा डिंपी तिवारी प्रथम, बुसरा प्रवीण द्वितीय एवं कक्षा सिक्स की रिद्धिमा वर्मा तृतीय स्थान प्राप्त की। ग्रुप बी से कक्षा 4 से ऐशल वर्मा प्रथम, कक्षा 5 से अंशुमान तिवारी द्वितीय और कक्षा 5 से ही पृथ्वीराज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । ग्रुप सी से उर्वि इशिका कुजूर प्रथम, डिमोन दानिश तिर्की द्वितीय एवं सुमेरा प्रवीण तृतीय स्थान प्राप्त की । इस क्रम में पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा सिक्स की सुमी कच्छप ने डॉ अंबेडकर की पेंटिंग पोस्टर बनाकर प्रथम, कक्षा 10 के जियाउल अंसारी ने महात्मा गांधी की स्केच फोटो बनाकर द्वितीय और कक्षा सिक्स के कृष मुंडा ने भगवान बिरसा मुंडा का पेंटिंग पोस्टर बनाकर तृतीय स्थान प्राप्त की। वही क्राफ्ट कंपटीशन में कक्षा 9 के अमितेश और कुणाल ने प्रोस्पेरिटी का प्रतीक वेस्ट मटेरियल से बनाकर प्रथम स्थान, कक्षा 8 के इंसेरहा फातिमा द्वितीय एवं कक्षा 10 के आकांक्षा ने झूमर बनाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में कक्षा 9 की रुकैया प्रवीण प्रथम, कक्षा 7 के रिशम रिया द्वितीय एवं कक्षा 7 के ही अदिना उरुज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिबेट कंपटीशन में कक्षा 10 से साहिल अंसारी प्रथम, कक्षा 10 से आरूषी कुमारी द्वितीय एवं कक्षा 10 से डिंपी कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया।

### रविवार को 250 श्रद्धालुओं का जत्था कैलाश गुफा के लिए रवाना

# श्रावण माह में भोलेनाथ का दर्शन पूजन अत्यंत लाभदायक : सुषमा सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जय श्री राम समिति के सौजन्य से 11 अगस्त दिन रविवार को जिले के श्रद्धालुओं का समूह छत्तीसगढ़ के कैलाश गुफा के दर्शन को निकला। श्रद्धालुओं में महिला, पुरुष, बच्चों समेत लगभग ढ़ाई सौ लोगों ने रविवार को कैलाश गुफा स्थित महादेव को जलार्पण किया। श्रद्धालुओं के जत्थे को सुबह 7 बजे जय श्री राम, हर हर महादेव के जयघोष के साथ, जय श्रीराम समिति की संरक्षक सुषमा सिंह, परमेश्वर साहू, गुप्तेश्वर प्रसाद, अजय सोनी, अनूप गुप्ता, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, ओम महतो, महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, विक्की कसेरा, प्रदीप साहू, आदि पदाधिकारियों ने भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया। मौके पर सुषमा सिंह ने कहा कि श्रावण माह में भोले नाथ दर्शन एवं पूजन बहुत ही फलदायी होता है।जय श्री राम समिति समय समय पर देश के ऐतिहासिक और दार्शनिक स्थलों के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं को ले जाती है। श्रद्धालु चार बसों में रवाना हुए। सभी बहुत उत्साहित थे,पूरे रास्ते माताएं बहनें कीर्तन करते हुए गयी। जय श्रीराम समिति के द्वारा सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। जिसकी विधि - व्यवस्था कृताथ वर्मा के द्वारा की गई द्य मौके पर जीवन महतो, अमित कुमार, धीरज गुप्ता, आशा सोनी, अनामिका भारती, कंचन मेहता, सुमन मेहता, शकुंतला देवी, सुमित्रा देवी, अनिता उरांव, ज्योति वर्मा, रानी देवी, अजय घोष, रघेवंद्र कुमार, भारती देवी, संदीप राम, बजरंग साहू समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने हरी झंडी दिखा कर तिरंगा यात्रा को किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता युवा मोर्चा लोहरदगा जिला अध्यक्ष बाल्मीकि कुमार की अध्यक्षता में लोहरदगा जिला में तिरंगा यात्रा सम्पन्न हुई। इस यात्रा को ललित नारायण स्टेडियम लोहरदगा से भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने हरी झंडी दिखाकर आरम्भ करवाया। इसके उपरान्त यह बरवाटोली, मिशन चौक, गुदरी बाजार, अपर बाजार, बड़ा तालाब, पॉवरगंज, मैना बगीचा, नदिया, जुरिया होते हुए सोबरन टोली में कार्तिक उरांव की प्रतिमा के समक्ष सभा में परिवर्तित हो कर समाप्त हुई। पूरी रैली में शामिल युवा भारतमता की जय, वन्दे मातरम,विश्व विजयी तिरंगा प्यारा,सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा, मेरी शान तिरंगा-मेरी जान तिरंगा के नारे लगा रहे थे, इन नारों से पूरी यात्रा गुंजायमान थी। इस यात्रा को सम्बोधित करते हुए भाजयुमो जिला अध्यक्ष बाल्मिकी कुमार ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा अभियान की ही एक कड़ी है। यह रैली केवल रैली मात्र नहीं है अपितु यह हमें इस बात का स्मरण करवाती है कि इसी तिरंगे के लिए लाखों लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी है और एक समय ऐसा था कि तिरंगा लहराने का अर्थ अपने प्राणों को गंवाना हुआ करता था। इसके बाद एक दिन यह भी आया कि इसी तिरंगे के नीचे पूरा भारतवर्ष एकत्रित होकर अंग्रेजी सत्ता को उखाड़ फेंकने का कार्य किया। यह तिरंगा हमारे आन बान और शान की पहचान है, हमारा स्वाभिमान है। राष्ट्र सर्वप्रथम की भावना के साथ ही राष्ट्र के प्रति अपना सर्वस्व समर्पण की भावना हमें रखनी चाहिए। आज की रैली में उमड़ी यह संख्या यह बता रही है कि एक बार पुनः नवयुवकों के हृदय में तिरंगे के प्रति प्रेम और राष्ट्र के प्रति सर्वस्व न्यौछावर की भावना जागृत हो चुकी है। आशा है कि यह भावना और बढ़ेगी और इस से ही भारतवर्ष एक दिन विश्वगुरु के पद पर पुर्नस्थापित होगा।

# पेड़ का डाल गिरने से वृद्ध घायल



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत साप्ताहिक बाजार अरु में रविवार को महुआ पेड़ का डाल टूट कर गिरने से वृद्ध सब्जी विक्रेता किसान को चोट लगने से घायल हो गया। वही घायल की पहचान अरु ग्राम निवासी स्व.लक्ष्मण साहु का 70 वर्षीय पुत्र कृष्णा साहु के रूप में किया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है की कृष्णा साहु किसान है और वह गांव का ही बाजार में सब्जी बेचने आया हुआ था। जिसे अचानक महुवा पेड़ की डाली टूट कर गिर गया। जिसे वृद्ध सब्जी विक्रेता किस का सिर और हाथ में चोट लग गया। वही घायल को परिवार वालों द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ चिकित्सको द्वारा इलाज करने के उपरान्त घायल कृष्णा साहु को घर भेज दिया गया। फिलहाल वृद्ध किसान कृष्णा साहु खतरा से बाहर है।

# अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर टीपू खान ने भाजपा नेताओं का किया आभार



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी, अल्पसंखयक मोर्चा के जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर टीपू खान ने पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुझे मोर्चे के जिला अध्यक्ष की जिम्मेवारी मुझे दी गई है। एक विशेष जिम्मेवारी संगठन ने दी है। मैं झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, अल्पसंखयक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात, प्रदेश पदाधिकारी, सांसद आदित्य साहू, सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, राष्ट्रीय एसटी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव, पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह, प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी दीदी सुनिता सिंह सहित सभी वरिष्ठ भाजपा अधिकारीयों को बहुत बहुत आभार प्रकट किया है।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 113 वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए, और सभी ने भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए, आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में,48 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए, न्यू रांची पैथोलॉजी थायरोकेयर के सहयोग से स्वास्थ्य के संबंधित जांच की गई। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा लोगों को इस मौसम में स्वास्थ के प्रति खास ध्यान देने की आवश्यकता है और कहा कि हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, ब्लड शुगर, वजन, अक्सिजन लेबल, हार्डबीट आदि के निशुल्क जांच के अलावा श्वष्द एवं स्वास्थ्य सम्बंधित किसी भी प्रकार का जांच आधे खर्च में ही कराया जा रहा है। हमारा प्रयास रहेगा की ज्यादा से ज्यादा लोगों को सेवा प्रदान कर सके,जिससे कि लोग स्वस्थ रह सके। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा की लोगों को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य चेकअप कराते रहना चाहिए, जिससे समस पर बीमारी की जानकारी मिल सके। सचीव जयप्रकाश शर्मा, सहसचिव संजय चौधरी ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना चेकअप करा कर अपने स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे हैं,यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है।

# लोहरदगा भाजपा ग्रामीण मंडल की बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों पर हुई चर्चा : विवेक चौहान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा ग्रामीण मंडल की बैठक नवनियुक्त अध्यक्ष विवेक चौहान जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में जिला मंत्री राजकिशोर साहू प्रभारी के रूप में उपस्थित रहे। डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्रों में पुष्पांजलि और वन्दे मातरम गान के साथ बैठक का आरम्भ किया गया। इसमें आगामी कार्यक्रम यथा 11 से 13 अगस्त तक हर घर तिरंगा, 13 अगस्त को राज्य में गिरती हुई कानून व्यवस्था को लेकर आक्रोश प्रदर्शन के साथ समाहरणालय घेराव,14 अगस्त को विभीषिका दिवस,15 अगस्त को झंडोतोलन, 23 अगस्त को राज्य के राजधानी में युवा आक्रोश रैली सह मुख्यमंत्री आवास घेराव,25 अगस्त को मन की बात कार्यक्रम का बूथ स्तर पर आयोजन पर विस्तृत रूप से चर्चा परिचर्चा हुई। इन कार्यक्रमों के सफल आयोजन को लेकर रणनीति बनाई।इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित लोहरा, गोसाई भगत, कुलदीप सिंह, नागेन्द्र पाण्डे, संदीप साहु,मिथलेश राम, बजरंग ठाकुर, बिगल मुंडा, अनिता साहु, गजाधर यादव, मंगल गोप, बृजनंदन यादव, पिंकु लाल, लक्ष्मीनारायण भगत, सुरेश लोहरा, प्रकाश नायक, अल्लाबकस अंसारी, रमेश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# आक्रोश रैली को लेकर भाजपा नेता श्रद्धानन्द ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भाजपा नेता श्रध्दानंद बेसरा ने महिला मोर्चा सिमडेगा के द्वारा आगामी 13 अगस्त को होने वाली महिला आक्रोश प्रदर्शन को लेकर के बागडांड प्रखंड सिकरियाडांड पंचायत ग्राम बागडांड के डीपा टोली और नदी टोली में जागरूक अभियान के तहत खेती बाड़ी में कार्य महिलाओं से मुलाकात किया एवं महिलाओं की सुरक्षा को लेकर के 13 अगस्त को होने वाली आक्रोश प्रदर्शन रैली में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित के लिए आवाहन किया। जनसम्पर्क अभियान चलाते हुए भाजपा नेता श्रद्धानन्द ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन सरकार में महिला सम्मान और सुरक्षा ताक पर है, आये दिन प्रदेश भर में महिलाओं की हत्या एवं दुष्कर्म की घटनाएं हो रही है संथालपरगना में डेमोग्राफी चेंज हो रही है आदिवासियों की संख्या लगातार घट रही है और एक वर्ग विशेष की संख्या लगातार बढ़ रही है यह सब सरकार के संरक्षण में हो रहा है आक्रोश रैली के जरिए सरकार को चेतावनी दी जाएगी इसीलिए अधिक से अधिक संख्या में भाजपा कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में भाग लें।

# राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा करेगी आक्रोश प्रदर्शन




**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक की अध्यक्षता में राज्य सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन को लेकर बैठक का आयोजन हुआ। लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार जनता के विश्वासों को छली कर वोट बैंक की राजनीति हेतु जनता को ठगने का काम कर रही है। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा राज्य सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन को लेकर रणनीति तैयार की गई है। 13 अगस्त को महिला मोर्चा अध्यक्ष सावित्री देवी की अगुवाई में समाहरणालय में 11 बजे से आक्रोश प्रदर्शन किया जायेगा। महिला मोर्चा के आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती आरती कुजूर शामिल होंगी तथा पूर्व मंत्री बिमला प्रधान आक्रोश प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगी, साथ हीं सभी प्रखंडों की महिला कार्यकर्त्ता कार्यक्रम में शामिल होंगी. एस.टी. मोर्चा जिलाध्यक्ष बसंत नारायण मांझी के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय में बैठक होगी, जिसमे पूर्व विधायक मांडर गंगोत्री कुजूर उपस्थित रहेंगी। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को लेकर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री अनिरुद्ध सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी. यह यात्रा 13 अगस्त को 10 बजे नगर भवन से टुकूपानी तक निकाली जाएगी। भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में बसंत नारायण मांझी, सावित्री देवी, दीपक पुरी, अनूप प्रसाद, सुजान मुण्डा, श्रद्धानंद बेसरा, रवि वर्मा उपस्थित थें।

# वैदिक विश्व मंगल ट्रस्ट एवं शिव भक्तों के द्वारा सम्पन्न हुआ 51 हजार महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जाप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** श्रावण मास के पावन अवसर पर रविवार को श्री श्री दुर्गा बाड़ी मंदिर प्रांगण में वैदिक विश्व मंगल ट्रस्ट एवं शिव भक्तों के द्वारा भगवान शिव जी के प्रिय महामृत्युंजय मंत्र का 51 हजार सामूहिक जाप उपस्थित शिव भक्तों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के संरक्षक राजेंद्र खत्री, कार्यक्रम अध्यक्ष वीरेंद्र मित्तल, गोपाल दत्ता, मुख्य सहयोगी अवधेश मित्तल, अशोक चंद्र घोष, दीपक कर्मकार, अजादशत्रु के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र प्रदान कर किया गया। मौके पर शिव भक्तों को डॉक्टर अशोक आचार्य द्वारा सामूहिक रूप से महामृत्युंजय मंत्र का जाप करवाया गया और इस मंत्र के फायदे भी लोगों को बतलाए गए। उन्होंने बतलाया कि महामृत्युंजय मंत्र भगवान शिव को प्रसन्न करने वाला खास मंत्र है। ये मंत्र ऋग्वेद और यजुर्वेद में भगवान शिव की स्तुती में लिखा है। उन्होंने कहा कि रुद्राक्ष की माला से इस मंत्र का जप करना चाहिए। जिससे हर तरह की परेशानी और रोग खत्म हो जाते हैं। वहीं अकाल मृत्यु (असमय मौत) का डर भी दूर होता है। शिवपुराण के अनुसार,इस मंत्र के जाप से मनुष्य की सभी बाधाएं और परेशानियां खत्म हो जाती हैं। वही महामृत्युंजय मंत्र जाप समाप्ति के पश्चात हवन पूजन कार्यक्रम में यजमान के रूप में उपस्थित हुए मुख्य रूप से अवधेश मितल सह पत्नी, अभिजीत घोष सह पत्नी, दीपक कर्मकार सह पत्नी, डॉ जगजीवन सिंह सह पत्नी के अलावे सभी शिव भक्तों को बारी-बारी कर हवन में पूर्णाहुति दिलवाई गई। जिसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम में अजादशत्रु, डॉ जगजीवन सिंह, विनय कुमार, शीतल कर्मकार, शीला घोष, अरुणा साहू,सविता कुमारी, राजेश्वरी साहू, रंजू साहू, अर्चना घोष, निलेश गुप्ता, मनोज कुमार, नितेश कुमार, ममता कुमारी, मिथिलेश कुमार,पूनम देवी सहित काफी संख्या में शिव भक्त शामिल हुए।


# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के माध्यम से झारखंड सरकार ने माता बहनों को दिया है खुशियों की उपहार : जोसिमा खाखा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने सिकरियाटांड़ और पाकरटांड़ में मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना के तहत लगे शिविर का भ्रमण किया। मौके पर जोसिमा ने उपस्थित महिलाओं की समस्या सुनी। साथ ही सभी महिलाओं को योजना का लाभ लेने के लिए फॉर्म भरने की अपील की। जोसिमा खाखा ने कहा कि महागठबंधन सरकार महिलाओं को सम्मान देने के साथ साथ बेहतर जिंदगी जीने का अवसर देने का काम किया है। झारखंड सरकार ने मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना लेकर आई है। इसके तहत अब किसी भी महिला को छोटे मोटे जरूरत के समान खरीदने के लिए किसी पर निर्भर होना नहीं पड़ेगा। उन्हें कड़ी धूप में, ठंड और बारिश में कड़ी मेहनत करने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना हम माता बहनों को महागठबंधन सरकार ने खुशियों का उपहार दिया है। अब हर माता बहन को हर साल 12 हजार रुपये सरकार देगी। हेमंत सरकार ने महिलाओं के सशक्तीकरण और उनके आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिए कई योजनाओं को पेश किया। मुख्यमंत्री मइयां योजना गरीब तबके की महिलाओं को केंद्रित कर बनाई गई थी। सरकार ने घरेलू महिलाएं जो छोटे-मोटे कामकाज करना चाहती थी उन्हें भी कैसे सहायता मिले इसका विशेष ध्यान रखा गया था। जोसिमा खाखा ने विधायक भूषण बाड़ा द्वारा किये गए विकासकारी योजनाओं को गिनाया। साथ ही कहा कि विधायक भूषण बाड़ा ने क्षेत्र के विकास के लिए लगातार पहल किया है।जब से भूषण बाड़ा विधायक बने हैं, क्षेत्र में विकास की रफ्तार बढ़ी है। आज हर तबके के लोग काफी खुश हैं। उन्होंने महिलाओं को भी उनका हक और अधिकार दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ा है।

# खेल से होता है शारीरिक और मानसिक विकास : अभिनव सिदार्थ भगत



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दरगा टोली मैदान में चल रहे दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन रविवार को हुआ। इस टूर्नामेंट का मुकाबला कुजरा बरवाटोली फुटबल क्लब बनाम मॉर्निंग स्टार के बीच खेला गया जिसमें खिताब पर कुजरा बरवाटोली की टीम का कब्जा रहा। वही द्वितीय स्थान पर, मॉर्निंग स्टार, इस टूर्नामेंट के फाईनल समापन समरोह में अतिथि के रूप में शामिल हुए भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिदार्थ भगत तत्पश्चात खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मुकाबला प्रारंभ किया गया। अभिनव सिदार्थ भगत ने कहा कि खेल में एकता और एकजुटता दोनों ही दिखाई देता है सभी खिलाड़ी आपस में प्रेम भाव के साथ खेलते हुए कितन अच्छा लगते है खेल से आपसी भाईचारा का संदेश भी मिलता है। मौके पर उपस्थित संरक्षक किशोर उरांव, अजीत उरांव, महावीर उरांव, बीरेंद्र यादव, गन्ना उरांव, मातिस, शिवशंकर गोप, कृष्णा, संदीप खाखा, बसंत उरांव, पंचायत समिति सदस्य बसंती उरांव, निकेश उरांव, संजय उरांव, तबारक अंसारी, दीनदयाल उरांव आदि उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### नशेड़ियों के खिलाफ डोरण्डा थाना क्षेत्र में पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर में बढ़ते नशाखोरी और इसके कारोबार के खिलाफ लगातार रांची पुलिस छापेमारी अभियान चला कर संलिप्त लोगों पर करवाई कर रही है। इसी क्रम मे शनिवार को डोरण्डा थाना क्षेत्र मे थाना प्रभारी आनंद किशोर प्रसाद के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया , जिसमें डोरंडा क्षेत्र के मणिटोला नीम चौक,रहमत कॉलोनी के नीचे साइड,सहित डोरंडा के विभिन्न जगहों पर नाबालिग युवकों को नशा करते पकड़ा गया। उसके बाद थाना प्रभारी द्वारा नशा कर रहे युवकों के परिजन को थाना बोला कर दोबारा नशा नहीं करने का बॉन्ड भरवा कर और दोबारा नशा नहीं करने की सख्त हिदायत देकर युवकों को थाना से छोड़ गया।

### गीता हमें कर्म करने की अलौकिक विधि का ज्ञान देती है : ब्रह्माकुमारी निर्मला

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्रीमदभगवद गीता निष्काम कर्मयोग का शास्त्र है। कर्मक्षेत्र आज अनेकों के लिए तनाव व संघर्ष का विषय बन गया है। गीता हमें कर्म करने की अलौकिक विधि का ज्ञान देती है। ये उद्गार आज यहाँ चौधरी बगान, हरमू रोड में ब्रह्माकुमारी केन्द्र में ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने अभिव्यक्त किये। उन्होंने कहा साधनाओं में कर्मयोग की साधना ही सबसे ऊँची है। हमारा कोई भी कर्म मनोविकारों के वश न हो कर्मो में मैं पन न हो। कर्म का फल प्रभू अर्पण कर दें तो कर्म बन्धन नहीं बनेगा। गीता के भगवान के महावाक्य हैं धर्म ग्लानि के समय मैं अधर्म का विनाश और धर्म की स्थापना करता हूँ। धर्म स्थापना से सुख और कल्याण होता है आर्थात जो लोग योग का अभ्यास करते हैं उनका जन्म पावन एवं श्रीमानों के यहाँ होता है। आसुरी सम्प्रदाय के विनाश में आत्माएं पंतगों के समान वापस अपने घर शांतिधाम आती हैं। दोनो कर्तव्यों से भगवान कल्याण ही करते हैं। इस नाते से उनका नाम शिव ही है वह अव्यक्त मूर्त सृष्टि रूपी वृक्ष के अविनाशी चेतन बीज रूप तथा ब्रह्मा, विष्णु शंकर के भी रचयिता त्रिमूर्ति हैं। एक मात्र जन्म-मरण रहित मृत्युंजय शिव के लिए ही भगवान शब्द युक्ति- युक्त है।

# तिरंगा देश की शान : अरुणा शंकर

## हर घर तिरंगा का हुआ शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सतबरवा एवं पोलपोल से हर घर तिरंगा वितरण का कार्यक्रम गाजे बाजे के साथ रविवार से प्रारंभ किया। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने इस कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के आह्वान पर हम भाजपा के सिपाही एक-एक घर तिरंगा वितरण का कार्य कर रहे हैं। ताकी हमारे देश की शान तिरंगा हर घर में लहरा सके। प्रथम महापौर ने कहा कि तिरंगा वितरण कार्यक्रम में लोगों में काफी उत्साह है। बड़े, बूढ़े, युवा, महिलाएं इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग ले रही हैं। प्रथम महापौर ने स्वयं सतबरवा एवं पोलपोल पूरे बाजार घूम घूम कर तिरंगा वितरण की। इस अवसर पर सतबरवा में मनीष कुमार, आशीष सिन्हा, संदीप कुमार, अरुण कुमार, सुनील विश्वकर्मा, अशोक राम,



विपिन उपाध्याय, नितिन कुमार, सतीश सिंह, संजय लाल, अनिल राम, प्रीति गुप्ता एवम संगीता गुप्ता तिरंगा वितरण में सहयोग कर रही थी। वही पोलपोल में उमेश कुमार गुप्ता, रमेश लाल, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, रघुवीर सिंह, अजय लाल आदि ने सहयोग किया।

बता दें कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस से पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी प्रोफाइल तस्वीर बदलकर तिरंगा कर दी है। पीएम मोदी ने देशवासियों से हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होने का आग्रह किया है।पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा है कि इस साल का स्वतंत्रता दिवस पर फिर से हर घर तिरंगा अभियान को एक यादगार जन आंदोलन बनाएं। मैं अपनी प्रोफाइल फोटो बदल रहा हूं और आप सभी से आग्रह करता हूं कि ऐसा करके हमारे तिरंगे का सम्मान करने में मेरा साथ दें। उन्होंने लोगों से हर घर तिरंगा डाट कॉम पर अपनी सेल्फी साझा करने का भी अपील की है। आजादी के महापर्व को विशेष बनाने के लिए केंद्र सरकार अगस्त में देश भर में हर घर तिरंगा अभियान चलाती है। यह 15 अगस्त को समाप्त होता है। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए देश भर में पार्टी कार्यकर्ताओं से रैली निकालने को कहा है। भाजपा के कार्यकर्ता इस दौरान कई कार्यक्रम भी आयोजित करते हैं। प्रधानमंत्री के आह्वान पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

# लायंस क्लब ऑफ गढ़वा के विशाल ने किया सेनेटरी पैड का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के द्वारा शनिवार को मेराल हाई स्कूल तीन सौ छात्राओं के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष नन्दलाल प्रसाद ने की।मौके पर अध्यक्ष नन्दलाल प्रसाद ने कहा कि लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल 1986 से सेवा में समर्पित है और सालों भर सेवा कार्यों के साथ स्वास्थ्य सेवा पर भी लगातार कार्य करती रहती हैं।

इसी कड़ी में मेराल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी ला0 डॉ बिरेंद्र कुमार और मेराल अस्पताल की महिला स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मेराल हाई स्कूल के बच्चियां के बिच स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें उपस्थित ला0 डॉ बिरेंद्र कुमार ने छात्राओं को बताया खुद को कैसे स्वच्छ और स्वस्थ रखना है और खान-पान के साथ-साथ अपने आप को साफ सफाई रखकर महिलाओं में होने वाली अनेक प्रकार कि बिमारियों से आसानी से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में वेंकटेश्वर नारायण, शौकत खान, गिरिश कमलापुरी, मेराल अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी एवं मेराल हाई स्कूल के प्राध्यापक, अध्यापक समेत पुरा विद्यालय परिवार ने सराहनीय योगदान दिया।

# हिंडनबर्ग के आरोपों को सेबी प्रमुख ने बताया बेबुनियाद

एजेंसी

**नई दिल्ली :** हिंडनबर्ग रिसर्च की हालिया रिपोर्ट में भारतीय शेयर बाजार नियामक सेबी की प्रमुख माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। हालांकि, दंपती ने रिपोर्ट को बेबुनियाद बताया है। दरअसल, शनिवार देर रात आई रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि कथित अदाणी धन हेराफेरी घोटाले में इस्तेमाल किए गए अस्पष्ट ऑफशोर फंड में दंपती की हिस्सेदारी थी। 10 अगस्त को जारी नवीनतम हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि सेबी की वर्तमान प्रमुख माधबी बुच और उनके पति के पास अदाणी धन हेराफेरी घोटाले में इस्तेमाल किए गए दोनों अस्पष्ट ऑफशोर फंड में हिस्सेदारी थी। हिंडनबर्ग ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा है कि 18 महीने पहले अदाणी समूह पर अपनी रिपोर्ट जारी की थी, लेकिन सेबी ने समूह पर कार्रवाई नहीं की।माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाफ 10 अगस्त 2024 की



हिंडनबर्ग रिपोर्ट में कई आरोप लगाए गए हैं। इन आरोपों के संदर्भ में हम यह बताना चाहेंगे कि हम रिपोर्ट में लगाए गए निराधार आरोपों और आक्षेपों का दृढ़ता से खंडन करते हैं। इनमें कोई भी सच्चाई नहीं है। दंपती ने कहा,हमारा जीवन और वित्तीय लेनदेन एक खुली किताब की तरह है। पिछले कुछ वर्षों में आवश्यक सभी खुलासे पहले ही सेबी को सौंप दिए गए हैं, हमें किसी भी वित्तीय दस्तावेजों का खुलासा करने में कोई हिचकिचाहट नहीं है।

# जनता की समस्याओं का निदान उनके द्वार तक जाकर करें, यही मेरा लक्ष्य : मंत्री मिथिलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** स्थानीय विधायक सह राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रविवार को गढ़वा प्रखंड के बेलचंपा एवं उड़सुगी पंचायत के विभिन्न गांवों में जनसंवाद का आयोजन किया। इस दौरान मंत्री ने बेलचंपा पंचायत के ग्राम नावाडीह में देवीमंडप के समीप, बेलचम्पा बस्ती में पीपल पेड़ के समीप, ग्राम मेढ़ना में, उड़सुगी में स्कूल टोला चबूतरा के समीप, ग्राम चेतना में मस्जिद के समीप, उड़सुगी कुशमाहा टोला पंचायत भवन में तथा ग्राम गुरदी में अंसारी टोला स्कूल के समीप आयोजित जन संवाद में ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। मंत्री ने कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया। साथ ही अन्य सभी समस्याओं का त्वरित निदान करने की बात कही। मंत्री ने झारखंड मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना के भरे जा रहे आवेदन की स्थिति की भी जानकारी लिया। मौके



पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पूर्व के लोगों ने यहां की जल, जंगल, जमीन एवं खनिज संपदा को लूटने का काम किया। उन्होंने कहा कि पहले गांव में सड़कों की स्थिति ऐसी थी कि गांव जाने के लिए रूह कांप जाती थी। आज पूरे गढ़वा के प्रत्येक गांव में सड़कों की स्थिति इतनी बेहतर हो गई है कि आप जब चाहें, जैसे चाहें आसानी से पहुंच सकते हैं। मंत्री ने कहा कि आपकी की समस्या का निदान आपके घर तक पहुंच कर की जाए यही मेरा लक्ष्य है। अपनी समस्याओं के निदान के लिए आपको कहीं भटकना नहीं पड़े। इसलिए मैं खुद आपके दरवाजे तक जाकर आपकी समस्याओं को जान रहा हूं और उसे दूर कर रहा हूं। मंत्री ने कहा कि सभी जरूरतमंद गरीबों को अबुआ आवास मिल रहा है। इसके लिए किसी को भी घुस देने की जरूरत नहीं है। कोई मांगता है तो इसकी शिकायत करें। कारवाई होगी। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, जिप सदस्य मिथिलेश पसवान, मुखिया सफीक खान, सोनल पसवान, बीडीसी योगेंद्र राम, सत्येंद्र सिंह, सुरेश सिंह, सुदेश्वर सिंह, मानदेव दीक्षित, शाकिर,संजय कांस्यकार, फहीम शेख,निसार अहमद, वशिष्ठ दीक्षित,उपेंद्र सिंह, इदरीश खान, लखींद्र दीक्षित, गुलाम हुसैन सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# राज्य के सभी डॉक्टर 20 अगस्त से करेंगे बायोमेट्रिक अटेंडेंस का बहिष्कारः आईएमए



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, झारखंड चैप्टर (आईएमए) और झासा ने 20 अगस्त से बायोमेट्रिक अटेंडेंस के बहिष्कार का निर्णय लिया है। आईएमए और झासा की संयुक्त और आपात बैठक रविवार को आईएमए भवन में हुई। अलग-अलग जिलों से आए डॉक्टर्स ने सरकार द्वारा हाल में लिए गये बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य किए जाने के मसले पर चिंता जताई और इसे अव्यवहारिक बताया। आईएमए के सचिव डॉ प्रदीप सिंह ने मीटिंग के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि डॉक्टर्स का संगठन बायोमेट्रिक अटेंडेंस पद्धति का विरोध नहीं करता लेकिन वर्तमान में तीन जिलों पलामू, साहिबगंज एवं गढ़वा में इसे वेतन से जोड़ा गया है। यहां तक कि इसी आधार पर वेतनमान में कटौती भी हुई है।

विभाग द्वारा इससे संबंधित एक ऑनलाइन पोर्टल लागू किया गया है, जिससे ड्यूटी करने के बाद भी चिकित्सक एवं पाराकर्मियों को बार-बार स्पष्टीकरण एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई, वेतन अवरुद्ध एवं वेतन की कटौती जैसी समस्याएं होंगी। इससे चिकित्सकों में रोष है। विभाग को इससे पहले संगठन के पदाधिकारी के साथ एक बैठक करनी चाहिए थी। इसी संबंध में आईएमए एवं झासा की संयुक्त आकस्मिक मीटिंग बुलाई गई। इसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि झारखंड के सभी चिकित्सक 20 अगस्त से बायोमैट्रिक अटेंडेंस का बहिष्कार करेंगे। हालांकि, वे निष्ठा पूर्वक एवं ईमानदारी से अपनी ड्यूटी करेंगे। अपनी उपस्थिति ऑफलाइन रजिस्टर में अंकित करेंगे लेकिन बायोमैट्रिक अटेंडेंस नहीं बनाएंगे। डॉ सिंह ने बताया कि जबतक हमारे संगठन के स्तर से अपेक्षित बिंदुओं पर सरकार सकारात्मक रूख नहीं दिखाती, हम सबों का विरोध जारी रहेगा। बैठक में डॉ ठाकुर मृत्युंजय सिंह, डॉ भारती कश्यप, डॉ प्रभा रानी प्रसाद, डॉ अजय कुमार और डॉ अभिषेक सहित अन्य मौजूद रहे।

## आरपीएफ ने रेलवे ई-टिकट के अवैध कारोबारी को किया गिरफ्तार


**रांचीः** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रेलवे ई-टिकट के अवैध कारोबारी को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ पोस्ट रांची के निरीक्षक दिगंजय शर्मा ने रविवार को बताया कि रांची मंडल के आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर रेलवे ई-टिकट के अवैध कारोबारियों के खिलाफ ऑपरेशन ÷उपलब्ध÷ के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सुखदेव नगर की सहायता से चंद्रमौली मिश्रा नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके विद्यानगर स्थित आवास में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान 16 रेलवे ई-टिकट बरामद किया गया। बरामद टिकट का मूल्य 49 हजार 200 पाया गया। पूछताछ मे उसने बताया कि अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए ग्राहकों को बेचने के लिए अपनी व्यक्तिगत आईडी से टिकट बनाता था। अपना अपराध स्वीकारने पर उक्त व्यक्ति को रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत गिरफ्तार किया गया।

## झारखंड : 25 आईएएस अधिकारियों का हुआ तबादला

# विप्रा भाल बनी राज्यपाल के प्रधान सचिव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार ने कई आईएएस की ट्रांसफ़र पोस्टिंग की है.कार्मिक, प्रशासनिक, सुधार तथा राजभाषा विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है.सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेन्स विभाग के पद पर पदस्थापित विप्रा भाल (अतिरिक्त प्रभार- सचिव, वाणिज्य कर विभाग, झारखण्ड, राँची तथा मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, झारखण्ड कम्युनिकेशन नेटवर्क लि0, राँची) को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक राज्यपाल के प्रधान सचिव के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है. राज्यपाल के प्रधान सचिव के पद पर पदस्थापित नितीन मदन कुलकर्णी को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक प्रधान सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है. प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग के पद पर पदस्थापित मस्त राम मीना (अतिरिक्त प्रभार- प्रभारी सदस्य, राजस्व पर्षद, झारखण्ड, राँची) अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे.सचिव पथ निर्माण विभाग के पद पर पदस्थापित सुनील कुमार अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, प्रबंध निदेशक, जूको तथा प्रबंध निदेशक, ग्रेटर रांची विकास एजेंसी के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे. सचिव खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के पद पर पदस्थापित डॉ0 अमिताभ कौशल (अतिरिक्त प्रभार सचिव, आपदा प्रबंधन प्रभाग, झारखंड, रांची) को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेन्स विभाग के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है. साथ ही डॉ. कौशल अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ सचिव, वाणिज्य-कर विभाग, झारखंड, रांचीके अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे. सचिव भवन निर्माण विभाग, के पद पर पदस्थापित मनीष रंजन, (अतिरिक्त प्रभार-प्रबंध निदेशक, झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, रांची) को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक निदेशक, कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, झारखंड, रांचीके पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है. सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पद पर पदस्थापित राजेश कुमार शर्मा को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक सचिव, आपदा प्रबंधन प्रभाग के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है. सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के पद पर पदस्थापित अबुबक्कर सिद्दीख को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड, रांचीके पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है. सचिव, गहिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, के पद पर पदस्थापित मनोज कुमार, अगले आदेश तक अपने कार्यो के साथ सचिव, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे. मुख्यमंत्री के सचिव, झारखंड के पद पर पदस्थापित अरवा राजकमल (अतिरिक्त प्रभार स्थानिक आयुक्त, झारखंड भवन, नई दिल्ली, सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड, रांची, प्रबंध निदेशक, जूडको तथा प्रबंध निदेशक, ग्रेटर रांची विकास एजेन्सी को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक सचिव, भवन निर्माण विभाग, के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है. साथ ही राजकमल अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रबंध निदेशक, झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, रांची तथा स्थानिक आयुक्त, झारखंड भवन, नई दिल्ली के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे. सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग, के पद पर पदस्थापित जितेन्द्र कुमार सिंह (अतिरिक्त प्रभार अध्यक्ष, झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड) अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ सचिव, उद्योग विभाग के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे. प्रभारी सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के पद पर पदस्थापित उमा शंकर सिंह (अतिरिक्त प्रभार- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि0. झारखंड, रांची) अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रभारी सचिव, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे. नगर आयुक्त, रांची नगर निगम, रांची के पद पर पदस्थापित अमीत कुमार (अतिरिक्त प्रभार उपाध्यक्ष, रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (ऋऋष्ठ)) को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक वाणिज्य कर आयुक्त, के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है। साथ ही कुमार अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ विशेष सचिव, वित्त विभाग, झारखंड, रांचीके अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे. प्रशासक, सुवर्णरेखा परियोजना, जमशेदपुर के पद पर पदस्थापित मंजूनाथ भजन्त्री को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसायटी के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता हैं. साथ ही भजन्त्री अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ मनरेगा आयुक्त, झारखंड, रांचीके अत्तिरिक्त प्रभार में रहेंगे.विशेष सचिव, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के पद पर पदस्थापित अमित प्रकाश को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक उत्पाद आयुक्त के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है. साथ ही प्रकाश अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रबंध निदेशक, झारखंड राज्य विभरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, रांची के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे.मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसायटी रांची के पद पर पदस्थापित संदीप सिंह (अतिरिक्त प्रभार-अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड, रांची) को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक नगर आयुक्त, रांची नगर निगम, रांची के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है. साथ ही सिंह अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ उपाध्यक्ष, रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे.नगर आयुक्त, हजारीबाग नगर निगम के पद पर पदस्थापित शैलेन्द्र कुमार लाल को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक मिशन निदेशक-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, झारखंड कौशल विकास मिशन सोसायटी के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है.उत्पाद आयुक्त, झारखंड, रांचीके पद पर पदस्थापित सुनील कुमार सिंह (अतिरिक्त प्रभार प्रबंध निदेशक, झारखंड राज्य विभरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, रांची) को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अपर सचिव, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड, रांचीके पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता



है. उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के पद पर पदस्थापित अनन्य मित्तल (अतिरिक्त प्रभार बन्दोबस्त पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर) अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रशासक, सुवर्णरेखा परियोजना, जमशेदपुर के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे. पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत समीरा एस. को अगले आदेश तक निदेशक-सह-सदस्य सचिव, झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था, झारखंड के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है. साथ ही समीरा एस0 अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ महानिदेशक, राज्य पोषण मिशन, झारखंड, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, झारखंड राज्य जलछाजन मिशन तथा निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, झारखंड, रांचीके भी अतिस्थित प्रभार में रहेंगी. पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत रवि आनन्द को अगले आदेश तक संयुक्त सचिव, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखंड, रांचीके पद पर नियुक्त्त एवं पदस्थापित किया जाता है. उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, गिरिडीह के पद पर पदस्थापित दीपक कुमार दूबे को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक संयुक्त सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड, रांचीके पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है. पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत श्री सौरभ कुमार भुवानिया को अगले आदेश तक संयुक्त सचिव, वित्त विभाग, झारखंड, रांचीके पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है. पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत श्री आलोक कुमार को अगले आदेश तक संयुक्त सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड, रांची के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है.पदस्थापन की लिए प्रतीक्षारत शताब्दी मजूमदार को अगले आदेश तक अवर सचिव, वित्त विभाग, झारखंड, रांचीके पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है.